29 जुलाई 2025 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार | वर्ष-31, अंक- 282, पृष्ठ-12 | श्रावण शुक्ल पक्ष 05, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

नाग पंचमी की शुभकामनाएं

"अनंतं वासुकिं शेषं पद्मनाभं च कम्बलम्।
शंखपालं धृतराष्ट्रं तक्षकं कालियं तथा॥"

## अबुआ आवास में गड़बड़ी की जांच में लीपापोती के नाम पर सौदेबाजी का हुआ खुला खेल

● फोन पे पर हुआ पैसे का लेनदेन

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** गढ़वा जिले में विकास योजनाओं में गड़बड़ी की लीपापोती करने के लिए सौदेबाजी का बड़ा मामला सामने आया है। जिले में हालात यह है कि यदि विकास योजनाओं में मनमाफिक सौदेबाजी हुई तो सब कुछ पाक साफ नहीं हुई तो भ्रष्टाचार! यह खेल जिले में जारी है। सौदेबाजी के इस खुला खेल प्रत्यक्ष उदाहरण जिले के नगर ऊंटारी प्रखंड अंतर्गत हलिवंता कला पंचायत में देखने को मिला है। मामला अबुआ आवास में अयोग्य लाभुकों को आवास का लाभ देने से जुड़ा है। हलिवंता कला की मुखिया सविता देवी पर अयोग्य लाभुकों को आवास का लाभ देने का आरोप है। उक्त मामले की जांच के लिए गठित टीम पर जांच रिपोर्ट में फेरबदल करने के लिए सौदेबाजी और फोन पे पर लेनदेन का मामला सामने आया है। पूरे मामले पर गौर करें तो हलिवंता कला की मुखिया सविता देवी यदि जांच अधिकारी विकास वर्मा के कथित सौदेबाजी में सफल हो जाती तो शायद उनकी कुर्सी खतरे में नहीं पड़ती और न ही उनकी वित्तीय शक्ति जब्त होती। नगर ऊंटारी प्रखंड अंतर्गत हलिवंता कला पंचायत में अबुआ आवास योजना के वितरण में भारी गड़बड़ी किये जाने की शिकायत तत्कालीन डीसी से की गई थी। शिकायत के आलोक में डीडीसी के यहां से दिनांक 10 फरवरी 2025 को एपीओ डीआरडीबी विकास वर्मा के नेतृत्व में दो सदस्यीय जांच टीम गठित कर 14 फरवरी 2025 तक पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट तलब की गई थी। विश्वस्त सूत्र बताते है कि जांच टीम ने जांच के पहले ही मुखिया के परिवार के लोगों से सौदेबाजी शुरू कर दी। शेष पेज 11 पर...

### जांच टीम की भूमिका संदेह के घेरे में

पूरे प्रकरण में जांच टीम भूमिका संदेह के घेरे में है। जांच टीम गठित होने के बाद टीम के प्रमुख द्वारा अपने किसी निकटवर्ती के फोन पे पर पैसे लेना जांच टीम की भूमिका पर सवाल खड़ा करता है। यहां सवाल यह भी उठता है कि यदि हलिवंता कला की मुखिया गुनाहगार थीं तो उनसे सौदेबाजी क्यों और किसलिए की गई? मामले की जब निष्पक्ष जांच होगी कि कई राज खुलने के आसार हैं।

### मुझे आइडिया नहीं : एपीओ

फोन पर अपना पक्ष रखते हुए एपीओ विकास वर्मा ने कहा कि मुझे आइडिया नहीं है, इतना कह उन्होंने फोन काट दिया।

आपके माध्यम से जानकारी मिली है, मामला गंभीर है। इसकी जांच कर दोषी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।

**पशुपति नाथ मिश्रा, डीडीसी, गढ़वा**

## धार्मिक सौहार्द की मिसाल बने डीआईजी नौशाद आलम

● तीसरी सोमवारी पर शिवालयों में पूजा-अर्चना में हुए शामिल, श्रद्धालुओं को बांटे बेलपत्र व पूजन सामग्री

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सावन की तीसरी सोमवारी पर पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम ने धार्मिक सौहार्द का उदाहरण पेश करते हुए विभिन्न शिव मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और शिवभक्तों के बीच बेलपत्र और पूजा सामग्री का वितरण किया। डीआईजी के इस पहल की श्रद्धालुओं ने सराहना करते हुए इसे गंगा-जमुनी तहज़ीब की सजीव मिसाल बताया।
सोमवार को डीआईजी ने कामनापूर्ति शिव मंदिर और चियांकी पहाड़ी मंदिर सहित कई मंदिरों का दौरा किया। मौके पर उन्होंने भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती से क्षेत्र में शांति, समृद्धि और आपसी भाईचारे की शेष पेज 11 पर...

### थाना मालखाना का प्रभार न सौंपने वाले थाना प्रभारियों पर सख्ती के निर्देश

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय से जारी एक आदेश में पलामू प्रक्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश जारी किया गया है कि वे तत्काल अपने-अपने थानों के मालखाने का विधिवत प्रभार ग्रहण करें अथवा सौंपें। आदेश में कहा गया है कि कई थाना प्रभारियों का स्थानांतरण होने के महीनों बाद भी मालखाना का प्रभार नए पदस्थापित अधिकारियों को नहीं सौंपा गया है, जिससे न्यायालयीन कार्यों में विलंब हो रहा है। इस संबंध में पुलिस उप-महानिरीक्षक, पलामू प्रक्षेत्र नौशाद आलम द्वारा जारी पत्र के अनुसार इस बात का उल्लेख है कि कई थानों में मालखाना का कार्य उपयुक्त रूप से संचालित नहीं हो रहा है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पुलिस मुख्यालय द्वारा पूर्व में ही निर्देश जारी किया गया है कि मालखाना का प्रभार केवल थाना प्रभारी के पास होना चाहिए। इसके विपरीत कुछ थाना प्रभारी यह जिम्मेदारी अधीनस्थ पदाधिकारियों या कनीय अवर निरीक्षकों को सौंप रहे हैं, जो कि पुलिस हस्तक नियमों के प्रतिकूल है।

शेष पेज 11 पर...

# राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को जनहित के अनुरूप बनाएंगे : स्वास्थ्य मंत्री

● रांची सदर बना देश का नंबर-1 सदर अस्पताल, मिला 50 लाख का सम्मान

● गांव-गांव पहुंचेगी स्ट्रेचर सुविधा, मंत्री ने दिए 15,000 स्ट्रेचर उपलब्ध कराने के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि "जब तक झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को जनता के अनुकूल और सशक्त नहीं बना देता, तब तक मैं चैन से बैठने वाला नहीं हूं।" उन्होंने यह बात कायाकल्प, एनक्वास, लक्ष्य और मुस्कान जैसे महत्वपूर्ण गुणवत्ता मापदंडों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को सम्मानित करते हुए कही।
नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान के प्रेक्षागृह में सम्मान समारोह का शुभारंभ मंत्री डॉ। अंसारी ने किया।
मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि झारखंड में एक चिकित्सक को अब स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग की त्रिस्तरीय जिम्मेदारी सौंपी गई है, और मैं इसे पूरी संजीदगी से निभा रहा हूं।"
उन्होंने बताया कि राज्य में 6 नए मेडिकल कॉलेज स्थापित हो रहे हैं, जिनमें एक उनके गृह जिले जामताड़ा में भी होगा। हाल ही में 126 विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति इसी दिशा में एक बड़ा कदम है।

शेष पेज 11 पर...

**रिम्स-2 की स्थापना और रोबोटिक टेक्नोलॉजी से इलाज की शुरुआत जल्द**

डॉ. अंसारी ने रिम्स-2 की स्थापना को समयबद्ध रूप से पूरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही, राज्य में पहली बार रोबोटिक टेक्नोलॉजी से इलाज की सुविधा जल्द शुरू होने की बात भी कही।

**हर जिला अस्पताल को मिलेंगे 4-4 नए अत्याधुनिक एम्बुलेंस**

स्वास्थ्य मंत्री ने घोषणा की कि सभी जिला अस्पतालों को चार-चार नए एम्बुलेंस दिए जाएंगे जिससे मरीजों के आवागमन में क्रांतिकारी सुधार आएगा।

### 272 संस्थानों को एनक्वास सर्टिफिकेट

11 सदर अस्पताल, 31 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 48 शहरी/प्राथमिक केंद्र और 380 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को कायाकल्प प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। रांची और रामगढ़ सदर अस्पताल को मुस्कान प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।

राज्यपाल ने झारखंड के विश्वविद्यालयों को दिए सख्त निर्देश

## परीक्षा के 30 दिन के अंदर अनिवार्य रूप से जारी हो रिजल्ट



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सह विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने परीक्षाओं की समाप्ति के एक माह के अंदर रिजल्ट अनिवार्य तौर पर जारी करने का निर्देश दिया है। सोमवार को राजभवन में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में राज्यपाल ने कुलपतियों को कहा कि विश्वविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समयबद्ध परीक्षा आयोजन, तय समय में परिणाम प्रकाशन और शैक्षणिक कैलेंडर के कठोर अनुपालन को सुनिश्चित करें।
राज्यपाल ने राज्य में उच्च शिक्षा की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि झारखंड की ग्रॉस एनरोलमेंट रेशियो राष्ट्रीय औसत से लगभग 10 प्रतिशत कम है। ऐसे में खासकर ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में नामांकन बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। बैठक में यह तथ्य सामने आया कि कुछ स्थानों पर कॉलेज तो हैं, लेकिन विद्यार्थी नामांकन नहीं ले रहे हैं। इस पर राज्यपाल ने कहा कि कुलपति स्वयं वहां जाकर माहौल बनाएं और जन-प्रतिनिधियों का सहयोग लें।

शेष पेज 11 पर...

आज / कल




झारखंड में शिक्षकों की नियुक्ति में देर पर सुप्रीम

## 14 अगस्त तक रिजल्ट न निकला तो अफसरों की होगी पेशी

**रांची/नई दिल्ली (आईएएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड में सहायक आचार्य (शिक्षक) के 26,001 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया में विलंब पर सख्त नाराजगी जाहिर की है। अदालत ने निर्देश दिया है कि यदि 14 अगस्त तक सभी विषयों और वर्गों का फाइनल रिजल्ट जारी नहीं किया गया, तो 18 अगस्त को राज्य के मुख्य सचिव, जेएसएससी सचिव, शिक्षा सचिव और शिक्षा उप सचिव को खुद कोर्ट में पेश होना होगा। न्यायालय ने सोमवार को यह निर्देश परिमल कुमार एवं अन्य की अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिया था कि झारखंड सरकार इस बहाली प्रक्रिया को एक माह के भीतर पूरा करे और अनुपालन रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल करे। कोर्ट ने चेतावनी दी थी कि आदेश का पालन नहीं होने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाएगी। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायणन और अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया कि कक्षा 6 से 8 तक गणित एवं विज्ञान विषय में 5008 पदों के विरुद्ध मात्र 1661 उम्मीदवारों का रिजल्ट जारी हुआ है, जबकि दस्तावेज़ सत्यापन के लिए 2734 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। इनमें से कई अभ्यर्थियों ने पासिंग मार्क्स से अधिक अंक प्राप्त किए थे, फिर भी उन्हें दस्तावेज़ सत्यापन में शामिल नहीं किया गया। इतना ही नहीं, कक्षा 6 से 8 के सोशल साइंस विषय का रिजल्ट अब तक जारी नहीं किया गया है, जबकि कक्षा 1 से 5 तक के सहायक आचार्य पदों का परिणाम भी लंबित है। झारखंड में जेएसएससी ने सहायक आचार्यों के 26,001 पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया वर्ष 2023 में शुरू की थी। इसकी परीक्षाएं वर्ष 2023 और 2024 में अलग-अलग चरणों में आयोजित की गई थीं।

बेतला नेशनल पार्क में मनाया जाएगा 16वां अंतर्राष्ट्रीय विश्व व्याघ्र दिवस समारोह

## वन्यजीव संरक्षण और पुनर्वास योजनाओं पर होगा विशेष फोकस, शामिल होंगे राज्य के वित्त और पर्यटन मंत्री

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के तत्वावधान में 29 जुलाई 2025 को 16वां अंतर्राष्ट्रीय विश्व व्याघ्र दिवस समारोह का आयोजन बेतला राष्ट्रीय उद्यान परिसर में भव्य रूप से किया जाएगा। इस अवसर पर झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर मुख्य अतिथि होंगे, जबकि पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह और मुख्यमंत्री प्रधान संरक्षक अशोक कुमार भी उपस्थित रहेंगे।
इस बाबत जानकारी देते हुए पलामू बाघ परियोजना के क्षेत्र निदेशक सह मुख्य वन संरक्षक, भारतीय वन सेवा के अधिकारी के.एस.आर. नटेश ने बताया कि विश्व व्याघ्र दिवस का उद्देश्य बाघों के संरक्षण और उनके प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने बताया कि पलामू टाइगर रिजर्व, जो देश के पहले नौ टाइगर प्रोजेक्ट्स में शामिल रहा है, इस बार समारोह का आयोजन बेतला नेशनल पार्क में कर रहा है।
कार्यक्रम के दौरान वन्यजीव संरक्षण, घटती बाघ संख्या, मानव-बाघ संघर्ष जैसी चुनौतियों और उनके समाधान पर विशेषज्ञों द्वारा संवाद और विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, वनकर्मियों और जनप्रतिनिधियों को संरक्षण के महत्व को लेकर जागरूक किया जाएगा। इस दौरान के.एस.आर. नटेश ने यह भी बताया कि पूर्व क्षेत्र के 20 गांवों को पुनर्वासित करने की योजना बनाई गई है।

शेष पेज 11 पर...

इंडिया

# झरनों तालाबों की भी हो आवश्यक गणना

हमारे आसपास के अनेक तालाब अब इतिहास बन गए और भूमाफिया की वक्र दृष्टि बेशकीमती शहरी के बाद अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में लगी है जबकि पूर्व की बसी कॉलोनियां पीने के पानी के लिए तरस रही हैं । भारत सरकार के केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने प्राकृतिक और मानव निर्मित सभी तरह के जल स्रोतों की दूसरी गणना करने जा रही है। पिछले साल हुई पहली गणना की रिपोर्ट के आधार पर यह पता चला था कि देश में नदियों, नहरों के साथ ही कितने तालाब, पोखर, झील हैं और उनकी स्थिति क्या है? इस बार की गणना में झरनों को भी शामिल किया गया है।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

देश की सैकड़ों गैर हिमालयी नदियां, खासकर दक्षिण राज्यों की नदियों का तो उद्गम ही झरनों से है। कोयल,स्वर्णरेखा,नर्मदा, सोन जैसी नदियां झरने से ही फूटती हैं। जब दो साल बाद इस गणना के नतीजे सामने आएंगे, तो देश के पास एक व्यापक परिदृश्य होगा कि नदियों की धार का भविष्य क्या है? जल विद्युत परियोजनाओं की संभावना क्या है? झरने का अस्तित्व पहाड़ से है, उसे ताकत मिलती है परिवेश के घने जंगलों से और संरक्षण मिलता है अविरल प्रवाह से।2020 में, अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका 'वाटर पॉलिसी' ने भारतीय हिमालय क्षेत्र (आईएचआर) में स्थित 13 शहरों में 10 अध्ययनों की एक श्रृंखला आयोजित की थी। इस अध्ययन से पता चला कि इन शहरों में से कई, जिनमें मसूरी, दार्जिलिंग और काठमांडू जैसे प्रसिद्ध पर्वतीय स्थल शामिल हैं, पानी की मांग-आपूर्ति के गहरे अंतर का सामना कर रहे हैं, जो कई जगह 70 फीसदी तक है और इसका मूल कारण इन इलाकों में जल सरिताओं-झरनों का तेजी से सूखना है। ठीक यही बात अगस्त 2018 में नीति आयोग की रिपोर्ट में कही गई थी। इसमें स्वीकार किया गया था कि आईएचआर में करीब 50 फीसदी झरने सूख रहे हैं और गायब भी हो रहे हैं।झरना एक ऐसी प्राकृतिक संरचना है, जहां से जल एक्वीफर्स (चट्टान की परत, जिसमें भूजल होता है) से पृथ्वी की सतह तक बहता है। पूरे भारत में लगभग पचास लाख झरने हैं, जिनमें से करीब तीस लाख अकेले आईएचआर में हैं। देश की बीस करोड़ से अधिक आबादी पानी के लिए झरनों पर निर्भर है। भारतीय हिमालय क्षेत्र के 12 राज्यों के 60,000 गांव हैं, जिनकी आबादी पांच करोड़ है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और त्रिपुरा इसके दायरे में हैं। असम और पश्चिम बंगाल भी आंशिक रूप से इसके तहत आते हैं। यहां की करीब 60 प्रतिशत आबादी जल संबंधी जरूरतों के लिए धाराओं पर निर्भर है। दक्षिणी भारत में पश्चिमी घाटों में, कभी बारहमासी रहने वाले झरने मौसमी होते जा रहे हैं और इसका सीधा असर कावेरी, गोदावरी जैसी नदियों पर पड़ रहा है। यहां झरनों के जलग्रहण क्षेत्र में बेपरवाही से लगाए जा रहे नलकूपों ने भी झरनों का रास्ता रोका है। उत्तराखंड के अल्मोड़ा क्षेत्र में झरनों की



संख्या पिछले 150 वर्षों में 360 से घटकर 60 रह गई। उत्तराखंड में नब्बे प्रतिशत पेयजल आपूर्ति झरनों पर निर्भर है, जबकि मेघालय में राज्य के सभी गांव पीने और सिंचाई के लिए झरनों का उपयोग करते हैं। ये झरने जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र के महत्वपूर्ण घटक भी हैं।झारखंड में भी झरनों के लगातार लुप्त होने या उनमें जल की मात्रा कम होने का सारा दोष जलवायु परिवर्तन पर नहीं मढ़ा जा सकता। अंधाधुंध पेड़ कटाई और निर्माण के कारण पहाड़ों को हो रहे नुकसान ने झरनों के नैसर्गिक मार्गों में व्यवधान पैदा किया है। नीति आयोग ने वर्ष 2018 में झरना संरक्षण कार्यक्रम की कार्य योजना तैयार की और यह उसकी चार साल पुरानी एक रिपोर्ट पर आधारित थी, लेकिन बीते छह वर्षों में झरनों को बचाने के लिए कोई योजना बनी नहीं। नए सर्वेक्षण की रिपोर्ट से झरनों को सहेजने की योजनाएं बनेंगी।यह सुखद है कि सिक्किम ने इस संकट को सन 2009 में ही भांप लिया था।

इससे पहले सिक्किम में प्रति परिवार पानी का खर्च 3200 रुपये महीना था। 2013-14 में झरनों के आसपास 120 हेक्टेयर पहाड़ी क्षेत्र में गड्ढे बनाकर बारिश के पानी को संरक्षित करने पर काम शुरू किया और इसके 100 फीसदी परिणाम आने शुरू हो गए।झरनों को लेकर सबसे अधिक लापरवाही झारखंड,उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में है, जो बीते पांच वर्षों में प्रभावित हुए हैं। इन राज्यों में झरनों के आसपास भूमि क्षरण कम करने, हरियाली बढ़ाने और मिट्टी के नैसर्गिक गुणों को बनाए रखने की कोई नीति बनाई नहीं गई। आवश्यक है कि नैसर्गिक जल सरिताओं और झरनों के कुछ दायरे में निर्माण कार्य पर पूरी तरह रोक हो, ऐसे स्थानों पर कोई बड़ी परियोजनाएं न लाई जाएं, जहां का पर्यावरणीय संतुलन झरनों से हो।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री को जान से मारने की धमकी देने वाला धनबाद से गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची से भाजपा सांसद संजय सेठ को फोन पर जान से मारने की धमकी देने वाले शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान नित्यानंद पाल के रूप में हुई है, जो झारखंड के धनबाद जिले के हरिहरपुर का निवासी है। इस हाई-प्रोफाइल मामले में रांची पुलिस की टेक्निकल टीम ने लोकेशन ट्रेस कर नित्यानंद को धनबाद से गिरफ्तार किया। रांची के डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया और अब उसे रांची लाया जा रहा है। पुलिस प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस पूरे मामले का खुलासा करेगी। गौरतलब है कि यह धमकी 26 जुलाई को उस वक्त दी गई थी जब संजय सेठ लद्दाख के द्रास में कारगिल विजय दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। उसी दौरान उनके मोबाइल पर लगातार पांच बार कॉल आया, जिसमें उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। मंत्री के सचिव ने तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने जांच तेज कर दी थी। यह पहली बार नहीं है जब संजय सेठ को इस तरह की धमकी मिली हो। दिसंबर 2024 में भी उन्हें धमकी दी गई थी, जब उनसे एक टेक्स्ट मैसेज के जरिए 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी और जान से मारने की धमकी दी गई थी। उस मैसेज में "लाल सलाम" लिखा गया था। उस मामले की जांच में पुलिस ने रांची के कांके निवासी मिन्हाजुल अंसारी को गिरफ्तार किया था, जिसने यह साजिश अपनी बेटी के प्रेमी को फंसाने के लिए रची थी। रांची पुलिस का कहना है कि आरोपी नित्यानंद पाल से पूछताछ के बाद ही यह साफ हो पाएगा कि उसने रक्षा राज्य मंत्री को धमकी क्यों दी और उसके पीछे क्या मंशा थी।

# सावन की तीसरी सोमवारी पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सावन की तीसरी सोमवारी को हुसैनाबाद के सभी शिव मंदिरों में शिव भक्तों की भीड़ रही। श्रद्धालुओं व शिवभक्तों ने शिवालयों में जाकर भगवान भोलेशंकर का जलाभिषेक व जयकारे के साथ पूजा अर्चना की। शिवालयों में अहले सुबह से ही शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ा। वहीं श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर भगवान भोले की लिंग पर भांग, धतूरा, बिल्वपत्र अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना की। इस पावन अवसर पर शहर के रेलवे स्टेशन परिसर स्थित आशुतोष धाम, महावीर जी मंदिर, सिंचाई कॉलोनी स्थित शिव मंदिर, पुरानी ठाकुरबाड़ी, प्रखंड के उपरिकला पंचायत के उपरिकला स्थित अति प्राचीन शिव मंदिर, लंगरकोट के मुरली पहाड़ी स्थित महाकालेश्वर धाम व कुम्हार टोली शिव मंदिर समेत सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। साथ ही श्रद्धालुओं ने विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक किया। महावीर मंदिर के उपर बने शिव मंदिर में श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान पुजारी गोपाल पाठक ने बताया कि सावन मास पवित्र माह होता है। आध्यात्मिक मायने में यह पवित्र माह बहुत ही महत्वपूर्ण है। जिसमें भगवान की साधना का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि इस मानव में भगवान शंकर की पूजा पाठ करना काफी फलदायी होता है। इस मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### भीमचूल्हा समेत सभी मंदिरों में गूंजा हर-हर महादेव का जयकारा



**मोहम्मदगंज।** ऐतिहासिक महत्व के भीमचुल्हा सहित अन्य सभी मंदिर सावन मास की तीसरी सोमवारी पर भी हर-हर महादेव के जयकारा से गूंजायमान होते रहे। कोयल नदी के पवित्र-पावन तट और पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होने की वजह से ऐतिहासिक भीमचूल्हा स्थित मंदिर में भगवान शिव की आराधना व अभिषेक को लेकर सुबह से दोपहर बाद तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जहां पूजारी पंडित गंगा तिवारी और सेवक सत्येंद्र चंद्रवंशी के मंत्रोच्चारण के साथ अन्य भक्तों ने भगवान शिव की स्तुति गान किया। भीमचूल्हा के अलावा कादलकुर्मी, सिंचाई कॉलोनी, शिलापर, बिचलाडीह, नहर चौक, देवीधाम, विश्वकर्मा-महादेव, काली मंदिर, करडंडा, गोलापत्थर, भजनियां, पंसा, रानीदेवा सहित अन्य जगह के मंदिरों व चबूतरे पर स्थापित शिवलिंग का जल, दुग्ध, बेलपत्र, भांग, धतुरा, अकवन-कनैल के फुल व अक्षत इत्यादि अर्पित कर भक्तों ने भोलेनाथ का अभिषेक किया। महिलाओं ने उपवास भी रखा। इस दौरान भक्तों ने अलग-अलग मंदिरों में अन्य देवी-देवताओं की भी पूजा-अर्चना की। जगह-जगह शिवचर्चा कार्यक्रम से वातावरण शिवमय बना रहा।

# भजनियां में नागपंचमी पर पूजा-अर्चना व मेला आज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कादलकुर्मी-दंगवार मुख्य पथ में भजनियां-पोटो गांव सीमावर्ती नागबाबा मंदिर में नागपंचमी पर विशेष पूजा-अर्चना व मेला को लेकर सोमवार को कलशयात्रा निकाली गई। इसमें भारी संख्या में श्रद्धालु नर-नारी शामिल थे। महावीरी ध्वज और पताका के साथ श्रद्धालुओं ने गांव का भ्रमण करते हुए कोयल-काशीस्रोत संगम पर जल भरी की रस्म पूरी की। वापस लौट नाग मंदिर में जलाभिषेक किया। कलशयात्रा के दौरान जयकारे से वातावरण भक्तिमय बना रहा। बतौर मुख्य यजमान नाग मंदिर के पुजारी मिंटू शर्मा ने सपत्नीक भाग लिया। जलभरी के दौरान सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से संगम स्थल पर मछली पकड़ने के लिए विशेष तरीके से ईजाद डोंगी से निगरानी की गई। इस दौरान विशिष्ट ग्रामीण नर्वदेश्वर सिंह, जवाहर पासवान, विश्वनाथ मुन्ना चौधरी, अनिल मेहता, अशोक चौधरी,अरविंद शर्मा, उपमुखिया पप्पु प्रजापति और जेएसआई हरेराम सिंह सदलबल शामिल थे। जबकि संपूर्ण रूप से इस मंदिर व मेला की व्यवस्था को सुनिश्चित करने में मुख्य पुजारी मिंटू शर्मा और संरक्षक मनजीत कुमार मेहता सहित अनिल मेहता, पप्पू प्रजापति, पिंटू शर्मा,नितिश शर्मा,धर्मेंद्र चौधरी, राहुल मेहता, नितिश सिंह, इंद्रजीत पासवान, इंदल पासवान, अवधेश शर्मा, अजय शर्मा और अन्य कई भक्तों के नाम शामिल बताए गए हैं।

**कलशयात्रा में जयकारे से भक्तिमय वातावरण बना**

### हुसैनाबाद से कांवरियों का जत्था बाबाधाम रवाना

**हुसैनाबाद (पलामू)।** सोमवार को हुसैनाबाद से कांवरियों का जत्था देवघर बाबाधाम के लिए रवाना हुआ। कांवरियों ने हुसैनाबाद के महावीर जी मंदिर व बाबा विश्वनाथ भास्कर, आशुतोष धाम में पूजा अर्चना की। उसके बाद कांवरियों ने जपला रेलवे स्टेशन से ट्रेन से सुल्तानगंज के लिए रवाना हो गए। इस दौरान कांवरियों ने बोलबम बोलबम, हर हर महादेव के जयघोष से पूरा शहर शिवमय हो गया। सुल्तानगंज से गंगा में स्नान ध्यान कर संकल्प के साथ कांवरियों का जत्था पैदल यात्रा कर बाबा बैजनाथ को जल अर्पण करेंगे। बाबा बैजनाथ की पूजा अर्चना और अभिषेक कर कांवरियों का जत्था बासुकीनाथ, तारापीठ, राजगीर व तुतला भवानी आदि तीर्थ स्थलों का भ्रमण करेंगे।

# बारिश होने पर अंडरपास ब्रिज में भारी जलजमाव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय सिंचाई कॉलोनी के पास के अंडरपास ब्रिज से पूरे बरसात आवागमन मुश्किल भरा बना हुआ है। एक तो छोटे वाहन का ही आवागमन संभव हुआ है। ऐसे में कई गांवों सहित विभिन्न सरकारी कार्यालय तक बड़े और भारी वाहनों का आवागमन बाधित हो गया है। वहीं, थोड़ी-सी बारिश में ही अंडरपास ब्रिज में भारी जलजमाव और अंधेरा फैल जाने से इससे आवागमन जोखिम और मुश्किल बन जाता है। जबकि विभिन्न सरकारी कार्यालय सहित कादलकर्मी-दंगवार वाया जपला मुख्य पथ से मोहम्मदगंज-महुडंड मुख्य मार्ग के दर्जनों पठारी गांवों में आवागमन का उचित माध्यम है। लोगों का कहना है कि अंडरपास ब्रिज निर्माण तो किया गया लेकिन इसमें त्रुटियों की वजह से जल निकास संभव नहीं हुआ है। इसमें रोशनी की भी व्यवस्था नहीं हुई है। ऐसे में इससे आवागमन कितना मुश्किल और जोखिम भरा होता होगा, सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। इस समस्या के सार्वजनिक होने के बाद भी जल निकास और रोशनी का इंतजाम नहीं किया जाना रेल महकमा की संवेदनहीनता का परिचायक है।

# नवयुवक सांस्कृतिक समिति का पुनर्गठन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** मेन बाजार स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में नवयुवक सांस्कृतिक समिति की बैठक हुई। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा समारोह मनाने के लिए समिति के नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। इनमें सर्वसम्मति से ओम प्रकाश अकेला को अध्यक्ष और विकास विश्वकर्मा को सचिव बनाया गया। साथ ही भोला प्रसाद गुप्ता तथा राजेश प्रसाद गुप्ता को व्यवस्थापक पद पर चयन किया गया। जबकि संयोजक मंडल में अरूण स्वर्णकार, रामप्यारे विश्वकर्मा, मोतीलाल गुप्ता, गोपाल प्रसाद गुप्ता, सुनील शौंडिक, संजय प्रसाद गुप्ता, निरंजन प्रसाद, राजेश गुप्ता, रिंकू शौंडिक, ज्ञान प्रकाश, पिंकू जायसवाल शामिल हैं। इसके अलावे उपाध्यक्ष बल्लू बलराम, विश्वदीप कुमार, संतोष प्रजापति, उपसचिव सुमन पाठक,उदय गुप्ता, गोलू कुमार, कोषाध्यक्ष राजू प्रसाद गुप्ता, उप कोषाध्यक्ष सतीश, शशि, अखाड़ा मंत्री ओमप्रकाश यादव, सांस्कृतिक मंत्री बीनू जायसवाल, उप सांस्कृतिक मंत्री रिंकू शौंडिक, सजावट मंत्री तुषार कुमार, पूजा मंत्री नरेंद्र गुप्ता, वहीं अष्टमी निशा पूजा के लिए कुलदीप कुमार, शिव प्रसाद, छोटेलाल , पियूष को प्रभार दिया गया है। बाद में दुगापूर्जा महोत्सव की तैयारी को लेकर चर्चा की गई।

# नबीनगर के नाहर से मिला हैदरनगर के युवक का शव



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** बाजार क्षेत्र हैदरनगर के बैंक रोड के बाबा जी गली निवासी बिगन मेहता के 21 वर्षीय पुत्र छोटू मेहता का शव उत्तर कोयल नहर नबीनगर के बारा गांव के समीप से मिला। इस संबध में मृतक के पिता ने हैदरनगर थाना में गुमशुदगी की सनहा दर्ज कराई थी। परिजनों के अनुसार उनका पुत्र बाजार क्षेत्र में मजदूरी का कार्य करता था। गत 23 जुलाई की शाम चार बजे हैदरनगर बाजार क्षेत्र के शुक्रबाजार मुहल्ला निवासी रविन्द्र सोनी के पुत्र सौरभ सोनी उर्फ टिंकू सोनी के साथ घर से निकला था। लेकिन दूसरे दिन सुबह तक उनका पुत्र के घर वापस नहीं आने पर स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी गई थी। हैदरनगर पुलिस ने मृतक के सहयोगी सौरभ सोनी उर्फ टिंकू सोनी को पूछताछ के लिये हिरासत में ले लिया है। इस मामले में पुलिस गहन छानबीन कर रही है।

### परिजनों ने शव के साथ किया विरोध प्रदर्शन

**हैदरनगर।** बिहार के औरंगाबाद जिला के नबीनगर थानांतर्गत बारा गांव के समीप पांच दिनों पूर्व हैदरनगर के युवक की मिली शव के बाद सोमवार की शाम ग्रामीणों और परिजनों का गुस्सा उबाल पर आया है। मुखिया संतोष सिंह ने पुलिस प्रशासन से इस युवक की हत्या में शामिल लोगों का अविलंब पता लगाने की आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि यह कब, कैसे और किसने की, उजागर किया जाना चाहिए। इस मामले में पुलिस से संदेह के आधार पर एक युवक को हिरासत में रखी है। मृतक के परिजन और रिश्तेदार हैदरनगर बस स्टैंड स्थित मुख्य पथ को शव को रख दिया और टायर जलाकर आवागमन बाधित रखा है। परिजन हिरासत में लिए गए युवक को सामने लाने की मांग कर रहे हैं। यहां जुटी काफी भीड़ को देखते हुए एएसआई आजम खान, बसंत कुमार दुबे, विवेक कुमार आदि दलबल के साथ शांति व्यवस्था बनाने में जुटे हैं। साथ ही जाम स्थल पर एसडीओ और एसडीपीओ को आकर पीड़ित परिवारों की मांग सुनने पर अड़े हैं।

### वरीय कांग्रेसी नेता को मातृ शोक

**विश्रामपुर (पलामू)।** वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला की 98 वर्षीय माता दुलारी देवी का निधन रविवार की देर शाम हो गया। उन्होंने अंतिम सांस रेहला थाना क्षेत्र के डंडीला खुर्द स्थित अपने आवास पर ली। वे अपने पीछे पांच पुत्र व पांच पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका दाह संस्कार सोमवार को गांव के ही भेलवा नदी तट पर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि पांचों पुत्रों ने संयुक्त रूप से दिया। अंतिम यात्रा में विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह, पूर्व विस प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी, कांग्रेस के प्रादेशिक नेता विजय चौबे, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, ओम करण तिवारी, पुत्र सेवानिवृत प्राचार्य रामाश्रय शुक्ला, अजब नारायण शुक्ला, प्रो. नंदलाल शुक्ला व रामनारायण शुक्ला सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए। इधर उनके निधन पर कई गणमान्य लोगों ने दुख जताया है। दुख व्यक्त करने वालों में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी, जिला पार्षद विजय रविदास, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दिन अंसारी समेत कई लोगों का नाम शामिल है।

# त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघर्ष मोर्चा ने दिया धरना



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सोमवार को सात सूत्री मांगों को लेकर नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। साथ ही अपने हक अधिकार के लिए पंचायत प्रतिनिधियों ने झारखंड सरकार के विरोध प्रदर्शन करते हुए बरसे। उक्त मौके पर प्रमुख विद्या देवी ने कही कि पंचायती राज अधिनियम 1994 एक्ट के तहत ग्रामीण जनप्रतिनिधि का हक अधिकार का हनन राज्य सरकार के द्वारा किया जा रहा है। जिसके कारण पंचायत का विकास प्रभावित है। पंचायत का आम नागरिक विकास पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। राज्य सरकार के द्वारा 60 प्रतिशत वित्त आयोग की राशि रोकी गई है। पंचायत का विकास कार्य की गति धीमी है। 15 वें वित्त की राशि झारखंड सरकार द्वारा जनप्रतिनिधियों को नहीं देना शर्म की बात है। त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को केरल राज्य के तर्ज पर मानदेय दिया जाए। वार्ड सदस्य का प्रत्येक सरकारी योजना का लाभ दिया जाए, त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को सामाजिक सुरक्षा के तहत स्वास्थ्य व दुर्घटना बीमा का लाभ दिया जाए। मौके पर मुन्ना राम, सुनिल कुमार, अमरेश राम, विकास पांडेय, सुभाष कुमार सहित दर्जनों लौग शामिल थे।

### टिकैत चौबे के श्राद्धकर्म में शामिल हुए विधायक नरेश सिंह

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला के केताता गांव में सोमवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे दिवंगत सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे के श्राद्धकर्म में भाजपा सहित विभिन्न राजनीतिक दल के कई दिग्गज नेता शामिल होकर उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सजल नेत्रों से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं ने कहा कि उनकी कमी हमेशा पार्टी व समाज को खलती रहेगी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में आरएसएस के पूर्व प्रशिक्षण प्रमुख गणेश मिश्रा, पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री मिथलेश ठाकुर, विधायक नरेश प्रसाद सिंह, ग्रासीम के संस्थान प्रमुख हितेंद्र अवस्थी, जन संपर्क अधिकारी नितेश पांडेय, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रेम सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष परसुराम ओझा, नरेंद्र पांडेय, विभाकर नारायण पांडेय, संध्या सिंह, समाजसेवी अशोक पांडेय, सांसद के जिला प्रतिनिधि विजय ओझा ,दुर्गा जौहरी, अलख नाथ पांडेय, अखिलेश तिवारी, अखिलेश पांडेय, अभिमन्यु तिवारी, उदय शुक्ला, रामलला दुबे, शिवकुमार पांडेय, रिंकू दुबे, सांसद प्रतिनिधि अनुज कुमार पांडेय, मुन्ना पांडेय, सुनील पांडेय, कुश कुमार ओझा, नंदलाल पांडेय, डॉ बीपी शुक्ला, डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, झारखंड विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष विकाश दुबे, जिला पार्षद विजय रविदास सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

# जपला हार्वे हाई स्कूल का विधायक ने किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक सह स्कूल के पूर्ववर्ती छात्र संजय कुमार सिंह यादव सोमवार को हार्वे हाई स्कूल का निरीक्षण किया। स्कूल परिसर में पहुंचने पर स्कूल की छात्राओं ने तालियां से उनका स्वागत किया। वहीं दसवीं की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि हमारे विधानसभा क्षेत्र में सभी स्कूलों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था के साथ साथ स्कूलों में सुविधाएं देना उनकी पहली प्रथमिकता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल के सभी क्लास रूम में जाकर स्थितियों का जायजा लिया और शिक्षकों से स्कूल की समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को आश्वस्त कराया की स्कूल की जो भी समस्या होगी उन सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। विधायक ने कहा कि हार्वे स्कूल की जिला में एक अलग पहचान थी। आज स्कूल के कई छात्र छात्राएं इस स्कूल से शिक्षा ग्रहण कर इंजीनियर, डॉक्टर, प्रोफेसर, शिक्षक बन कर कार्य कर रहे है। इस स्कूल से हमारा गहरा लगाव रहा है। इस मौके पर शिक्षक राहुल सिंह, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, समाजसेवी जी पटेल, स्कूल के पूर्ववर्ती छात्र बिनोद कुमार सिन्हा समेत कई लोग मौजूद थे।

# धोबी महासंघ के मीडिया प्रभारी बने विकास कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार बैठा द्वारा प्रदेश कमिटी की घोषणा की गई। जिसमें मीडिया प्रभारी के रूप में विकास कुमार को बनाया गया। पलामू जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने बधाई देते हुए कहा कि हुसैनाबाद से समाज के लिए पलामू प्रमंडल के मीडिया प्रभारी विकास कुमार को बनाया गया है, यह बहुत खुशी की बात है। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष को बहुत बहुत आभार। बधाई देने वाले में अखिल भारतीय धोबी महासंघ पलामू के संरक्षक कुमार गौरव, कृष्ण कन्हैया, अध्यक्ष कृष्णा बैठा, सचिव अजय बैठा, उपाध्यक्ष लड्डू रजक, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार रजक, सम्मानित शिक्षक ललित बैठा, शिवनंदन बैठा, संजय बैठा, विनोद बैठा, कुंदन रजक, गोपाल रजक, आजाद सर, नंदकिशोर रजक, अधिवक्ता मनोज राजन, रामप्रवेश रजक, सतीश रजक, संगठन सचिव प्रमोद कुमार रजक और गणमान्य जगदीश बैठा, मुख्तार बैठा,जनेश्वर राम, बबन बैठा, शशिकांत रंजन, रमेश रजक, चंदन रजक, सत्यम रजक, धर्मेंद्र रजक, छेदी बैठा, जयश्री बैठा, नागेंद्र रजक, रविरंजन, गुड्डु रजक, बबन कुमार रजक, श्रवण बैठा, कमलेश रजक, गुलशन रजक, मुरारी बैठा ,बबलू रजक, अनिल रजक, बच्चू बैठा, रामबचन बैठा सहित कई अखिल भारतीय धोबी महासंघ के लोग शामिल है।

**जागरूकता**

## जलसहिया ने छात्राओं को दिया चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो का संदेश

# सजगता बढने से महिला मृत्यु दर में भारी कमी आई



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र के भजनियां स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय में जलसहिया शकुंतला देवी ने छात्राओं के बीच चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो का संदेश दिए। उन्होंने इसके तहत छात्राओं को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ के दृष्टिकोण से माहवारी स्वच्छता के लिए सेनेटरी पैड अथवा साफ कपड़े का सही तरीके से उपयोग ही उत्तम उपाय है। इस दौरान इस तरह से सफाई के प्रति सचेत नहीं रहने से संक्रमित बीमारियों से ग्रसित होने का खतरा बढ जाता है। जो जानलेवा भी हो जाती हैं। उन्होंने छात्राओं को बताया कि चुप्पी तोड़ो,स्वस्थ रहो अभियान की वजह से माहवारी स्वच्छता को लेकर सजगता बढने से महिला मृत्यु दर में भारी कमी आई है। उन्होंने छात्राओं को इसके प्रति खुद सजग रहने के साथ ही इस संदेश को घर-घर तक पहुंचाकर इस दिशा में जागरूकता बढाने की नसीहत दी।उन्होंने इस्तेमाल सेनेटरी पैड अथवा कपड़े के निपटान प्रबंधन सहित अन्य कई विंदुओं पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान प्रधानाध्यापक राकेश पांडेय, शिक्षक अरविन्द कुमार, अजय कुमार गोस्वामी और संतोष कुमार ने जलसहिया को अपेक्षित सहयोग प्रदान किए।

### माहवारी स्वच्छता दिवस पर जलसहियाओं ने निभाई अहम भूमिका



**हैदरनगर।** माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रखंड वॉश समन्वयन हरसु कुमार दयानिधि ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को माहवारी के दौरान स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरुक करना है। उन्होंने स्वच्छता अभियान की सफलता में जलसहियाओं की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि वे अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों को पूरी निष्ठा से निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि जलसहियाओं ने माहवारी स्वच्छता जैसे संवेदनशील विषय पर संवाद कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रखंड की जलसहियाओं ने विद्यालयों और आंगनवाड़ी केन्द्रों में किशोरियों एवं धात्री महिलाओं से संवाद स्थापित किया। परता, कुडवा एवं बहेरा मध्य विद्यालय में जलसहिया गीता, सबाना परवीन और संजू ने माहवारी स्वच्छता को लेकर छात्राओं को जानकारी दी। विद्यालयों में रेस्ट रुम की व्यवस्था पर विद्यालय प्रबंधन से भी चर्चा की गई। खरगाड़ा की जलसहिया आरती देवी ने शौचालय उपयोग पर बिंदुवार लाभ बताया। उन्होंने कहा कि गत वर्षों की तुलना में शिशु मृत्यु दर में कमी और महिलाओं को माहवारी संबंधित बीमारियों से राहत मिलना स्वच्छता जागरुकता की ही कड़ी है। प्रखंड के अधिकांश गांवों में जलसहियाओं ने सामुदायिक बैठक कर लोगों को स्वच्छता, विशेषकर माहवारी के दौरान स्वच्छ रहने के महत्व के प्रति जागरुक किया गया। इन प्रयासों से ग्रामीण समुदाय में सकारात्मक बदलाव में वृद्धि देखने को मिल रहा है।




# हल्की बारिश ने बढ़ाई परेशानी, जलजमाव के कारण कीचड़ फैला



**नवीन मेल संवाददाता**

**डीसी आवास के मुख्य गेट के सामने हुआ जल जमाव**

पलामू डीसी के आवास के मुख्य गेट के सामने पानी लगातार जमा हुआ है। उसके बाद भी किसी को फुर्सत नहीं कि वहां से पानी निकाला जा सके। आवास से लगे सड़क के किनारे भी कमोबेश यही स्थिति है। जहां कीचड़ युक्त पानी में दर्जनों ठेला पर सामान बेचने वाले लोग अपनी वस्तुओं के बिक्री करते नजर आ सकते हैं।

**मेदिनीनगर।** सोमवार को हुई हल्की बारिश के बाद फिर से शहर के विभिन्न सड़कों पर जलजमाव की समस्या उत्पन्न होने लगी है। शहर के विभिन्न गली मोहल्ले से लेकर मुख्य सड़कों पर यातायात प्रभावित हो रहा है। आवागमन में भी काफी परेशानी बढ़ गई है। जाम नाले की वजह से शहर के क्षेत्र में भी बारिश के मौसम में कई स्थान पर कीचड़ युक्त पानी पार कर रास्ता तय करना लोगों को भारी पड़ता देखा गया। खास कर महिला एवं बच्चों को आना जाना दुभर हो जाता है। जगह जगह अतिक्रमण और जलजमाव परेशानी का सबब बन जाता है। गलियों में जहां कीचड़ से सड़के पट जाती है वहीं कई सड़के भी जलजमाव से बाधित रहती है। लोगों को इधर से गुजरना दूस्वार हो जाता है। हल्की बारिश में ही शहर के कई मुख्य सड़क जलजमाव की गिरफ्त में है। जिससे आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जलजमाव के कारण सड़के कई स्थानों पर पानी में उखड़ चुकी है जिसके कारण यदा कदा दुर्घटना से कई बाईक सवार जख्मी भी हो चुके हैं।

# तीसरी सोमवारी: महिलाओं ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर मांगा आशीर्वाद

- भैंसाखुर मंदिर में बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सावन के तीसरी सोमवारी पर मेदिनीनगर में सुबह चार से ही शिव भक्तों की बड़ी भीड़ शिवालयों में उमड़ पड़ी। हर हर महादेव, बोल बम के जयकारे शहर के विभिन्न शिव मंदिर में गूंज रहे थे। इस दौरान से भक्त जल एवं पूजा सामग्री लिए पूजा अर्चना में लगे थे और शाम चार बजे तक भक्तों के आने जाने का सिलसिला जारी रहा। शहर के अलावा सदर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए भैंसाखुर शिव मंदिर पहुंचे। यहां भी दिन भर शिव भक्तों खासकर महिलाओं का तांता लगा रहा। सावन की तीसरी सोमवारी पर हजारों की संख्या में भक्त बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक व पूजा अर्चना का सुख-समृद्धि की कामना कर रहे थे। वहीं शहर के सभी शिवालयों एवं शिव मंदिरों में बोल बम, हर हर महादेव, बम बम भोले के जयकारे से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा था। हर ओर आस्था एवं उमंग के बीच भक्त भगवान भोलेनाथ का जयकारा लगाते हुए शिव मंदिरों में प्रवेश कर रहे थे। क्या बच्चे, क्या जवान, क्या महिला एवं बूढ़े सभी वर्ग के लोग भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना के लिए शिव मंदिरों में जुटे रहे। भारी संख्या में शिव भक्ति को समर्पित भजन और गीत से माहौल भक्तिमय हो उठा था।

भक्त हाथों में पूजन सामग्री, बेलपत्र, पुष्प, दूध आदि सामग्री लेकर शिव मंदिर की ओर चल पड़े थे। इस दौरान हर हर महादेव, बम बम भोले के जयकारे से शहर का माहौल सुबह से भक्तिमय हो उठा था। शहर के प्रसिद्ध कामना पूर्ति शिव मंदिर, बुढ़वा शिव मंदिर,पहाड़ी शिव मंदिर, शिवाला रोड स्थित शिवालय, पुलिस लाइन स्थित शिव मंदिर समेत सभी शिव मंदिरों में में बड़ी संख्या में भक्त जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना के लिए जुटे थे। सोमवारी काअवसर पर शिवालय को फूल माला से भव्य तरीके से सजाया गया था। सावन के अवसर पर शहर के सभी शिव मंदिरों को फूल माला एवं आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया था। शाम में जगमग लाइटिंग से सभी शिव मंदिर जगमगा रहे थे। शाम में भी शिव मंदिरों में दर्शन पूजन एवं आरती में भक्तों की भीड़ जुटी थी।

# जान जोखिम में डाल बिजली पोल की करते हैं मरम्मत

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के पूर्वडीहा गांव के लोग आहर में तैर जान जोखिम में डालकर बिजली पोल एवं तार की मरम्मत करते हैं। जिससे हमेशा अनहोनी की आशंका बनी रहती है। जिला मुख्यालय से सटे इस गांव में बिजली की स्थिति 21वीं सदी में भी काफी दयनीय है। जहां एक और गर्मी के दिन में लोग बिजली की कटौती से परेशान होते हैं, वहीं बरसात के दिनों में हमेशा अलग-अलग फाल्ट के कारण इसे मरम्मत करने में लोगों को कठिनाई होती है। बिजली के खंभे और तार के विभिन्न तालाब और आहर से गुजरने के कारण इसकी मरम्मत हेतु तैरकर तालाब में घुसकर तार की मरम्मत की जा रही है। पूर्वडीहा गांव के पूर्व मुखिया प्रत्याशी विकास दुबे ने बताया कि गांधीपुर फीडर से उनके गांव तक बिजली की आपूर्ति होती है। बिजली आपूर्ति को सुदृढ़ करने हेतु फीडर से गांव तक सड़क किनारे किनारे 11 हजार के खंभे दो वर्ष पहले ही लग चुके हैं। परंतु विभाग के उदासीनता के कारण 30 प्रतिशत कार्य बाकी होने से लोगों को समुचित बिजली नहीं मिल पा रही। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में बिजली विभाग के संबंधित पदाधिकारी को कई आवेदन देने के बाद भी विभाग इस और नहीं पहल कर रहा है। बिजली की आपूर्ति नहीं होने के कारण लोगों को सांप और बिच्छू काटने का डर सताता रहता है।

# टीबी मरीजों के लिए नेक पहल : पलामू डीसी समीरा एस बनी 'निक्षय मित्र'

- जरूरतमंद मरीज को दी पोषण युक्त खाद्य सामग्री

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त समीरा एस० ने टीबी उन्मूलन अभियान के तहत एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए एक टीबी मरीज को गोद लिया है। 'निक्षय मित्र' के रूप में डीसी ने मरीज को पोषण युक्त खाद्य सामग्री से भरी फूड बास्केट सौंपी। इस पहल का उद्देश्य टीबी पीड़ितों को आवश्यक पोषण सहायता प्रदान कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में सहयोग देना है।

मरीज को दी गई फूड बास्केट में चना, मूंगफली, दाल, तेल, चावल, दलिया, प्रोटीन पाउडर, बिस्किट जैसी जरूरी खाद्य सामग्री शामिल थी। जिलास्तरीय अधिकारियों और आम लोगों को भी इस अभियान से जुड़ने की अपील की गई है, ताकि "टीबी मुक्त पलामू" के लक्ष्य को शीघ्र हासिल किया जा सके।

गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'निक्षय मित्र योजना' के अंतर्गत कोई भी नागरिक या संस्था टीबी मरीजों की मदद कर सकती है। डीसी की यह पहल जिले में जनसहभागिता को भी प्रोत्साहित करेगी।

**राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में छपी खबर का असर**

# पांकी-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर भरे गए गड्ढे, जर्जर सड़क की हो रही मरम्मत

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार की खबर पर संज्ञान लेते हुए पांकी मेदिनीनगर मुख्य पथ पर स्थित गड्ढे की मरम्मत कार्य शुरू हो गया है। बताते चलें कि बीते 20 जुलाई को अखबार में गड्ढों में समा रही जिंदगी, पांकी-मेदिनीनगर मुख्य सड़क का हाल बेहाल शीर्षक से खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। सोमवार को कचहरी चौक से लेकर पोखराहा चौक तक उक्त सड़क में बने गड्ढे की मरम्मत की। वहीं जीएलए कॉलेज गेट के सामने जर्जर सड़क की भी मरम्मत की गई। बताते चले कि 2012-13 में इस सड़क का शेखर कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा निर्माण किया गया था। उसके बाद सड़क की हालत जर्जर होते चली गई। करीब तीन वर्ष पहले उक्त सड़क की सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन द्वारा मरम्मत की गई थी। परंतु इस वर्ष लगातार बारिश होने से पानी जमने के कारण शहरी क्षेत्र में सड़क की स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही थी। वाहन चालकों को गड्ढे का अंदाजा नहीं मिल पाने के कारण अक्सर दुर्घटना का शिकार हो रहे थे। साथ ही ओवर ब्रिज पर बने गड्ढे के कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस सड़क पर मरम्मत हो जाने से न सिर्फ जल जमाव से मुक्ति मिलेगी बल्कि दुर्घटना में भी काफी कमी आएगी।

**लापरवाही** मेदिनीनगर नगर निगम, हम नहीं सुधरेंगे

# निगम क्षेत्र में 40 प्रतिशत से अधिक स्ट्रीट लाइट बेकार



**एजेंसी का अनुबंध समाप्त**

नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार 2019-20 में ईईएसएल कंपनी द्वारा 5,600 से अधिक स्ट्रीट लाइट लगाया गया है। साथ ही निगम द्वारा 1500 लाइटें लगाई गई हैं। इनकी मरम्मत का जिम्मा नगर निगम के हिस्से है। जिनमें से 40 प्रतिशत से अधिक लाइट खराब हो चुकी है। एजेंसी का अनुबंध समाप्त होने के बाद उसके द्वारा मरम्मती बंद कर दी गई है। हालांकि निगम द्वारा लोगों की शिकायत पर इसे दुरुस्त किया जा रहा है, परंतु यह नाकाफी साबित हो रहा है।

- सड़क व गलियां अंधेरे में रहते हैं डूबे
- इंजीनियरिंग रोड में 7 बजे के बाद छा जाता है अंधेरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में निगम एवं ईईएसएल द्वारा लगाई गई अधिकतर स्ट्रीट लाइट रोशनी देने में असक्षम हैं। इनमें से अधिकतर छोटे-बड़े कारणों से खराब है जो मरम्मत के अभाव में भी अनुपयोगी साबित हो रही है। शहर के मुख्य इलाके में आने वाले शिवाजी मैदान, छह मुहान, इंजीनियरिंग रोड,जिला स्कूल जेलहाता, कचहरी क्षेत्र, स्टेशन रोड, बेलवाटिका आदि क्षेत्रों में अधिकतर स्ट्रीट लाइट बेकार पड़ी हैं। इन सभी रास्तों पर वीआइपी मुवमेंट होता रहता है लेकिन किसी अधिकारी का ध्यान नहीं गया।

बताते चलें कि शिवाजी मैदान में वर्तमान में डिजनीलैंड मेला संचालित किया जा रहा है। जिसे देखने हजारों महिला-पुरुष और बच्चे रात के 11 बजे तक आवागमन करते हैं। पोस्ट ऑफिस तिनकोनिया गैरेज और सादिक मंजिल चौक इलाके में स्ट्रीट लाइट दुरुस्त नहीं होने के कारण पूरी तरह अंधेरा छाया रहता है। बीते दिनों चैन छीने जाने व लूटपाट की घटनाओं में बढ़ोतरी को देखते हुए स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

संबंध में जानकारी लेने पर नगर निगम के जेई रंजीत मेहता ने बताया कि शहरी क्षेत्र में लगे स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त का काम किया जा रहा है। हालांकि बारिश के कारण इसमें कुछ कमी आई है। शिवाजी मैदान से लगे स्ट्रीट लाइट को ठीक किया जा रहा है। बुधवार तक इसे पूरी तरह दुरुस्त कर लिया जाएगा। वहीं आवश्यकता के अनुसार निगम क्षेत्र में बंद स्ट्रीट लाइट को भी मरम्मती की जाएगी।

**पलामू जिला में गतका प्रशिक्षण कैंप का सफल आयोजन**

# गतका केवल खेल नहीं एक संस्कार है : सुमित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में गतका प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बड़े ही उत्साह और परंपरागत जोश के साथ गुरू तेग बहादुर मेमोरियल हॉल में किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्रों और खेल प्रेमियों ने भाग लिया और पारंपरिक मार्शल आर्ट गतका की बारीकियों को सीखा। कैंप में भाग लेने वाले प्रमुख स्कूलों में संत मरियम स्कूल, ब्राइट लैंड स्कूल, ओरिएंट पब्लिक स्कूल, ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल, गुरू गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल, हाई स्कूल मूंदरिया लेस्लीगंज, जिला स्कूल, सेक्रेड हार्ट स्कूल, जे. एस कॉलेज, कस्तूरबा स्कूल शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष सोनू नामधारी व उपाध्यक्ष गुरबीर सिंह जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बबलू चावला, मन्नत बग्गा और प्रदीप मेहता उपस्थित थे। प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व गतका एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अनुभवी प्रशिक्षक अमित सिंह और उनकी टीम ने किया। इसके अतिरिक्त बरवाडीह से मदन लाल और गढ़वा से मनोज सेंसेई ने भी विशेष प्रशिक्षक के रूप में अपनी अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर जिला सचिव सुमित बर्मन ने कहा कि गतका केवल खेल नहीं, एक संस्कार है, जो बच्चों को अनुशासन, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा की शिक्षा देता है। हमें इसे हर स्कूल, हर गांव तक पहुंचाना है।

कार्यक्रम में पलामू गतका संघ के कोषाध्यक्ष अमरेश कुमार, शिक्षा सचिव भूपेंद्र सिंह, सह सचिव दीपेंद्र सिंह, सचिव दीपक तिवारी, जिला अध्यक्ष सुमित वर्मा मौजूद रहे। इस दौरान जिला अध्यक्ष सोनू नामधारी ने कहा कि आज का शिविर यह संदेश देता है कि पलामू के बच्चे न केवल शिक्षा में, बल्कि परंपरागत युद्धकला में भी उत्कृष्टता हासिल कर सकते हैं। इस तरह के शिविर बच्चों को आत्मनिर्भर बनाते हैं और उन्हें अपनी विरासत से जोड़ते हैं। उपाध्यक्ष गुरबीर सिंह ने कहा कि गतका वीरता, अनुशासन और आत्मबल का संगम है। यह देखकर हर्ष होता है कि पलामू जिले के बच्चे इस परंपरा को आगे बढ़ाने में रुचि दिखा रहे हैं। हम इसे स्कूल स्तर से लेकर राज्य स्तर तक ले जाएंगे। प्रमुख सीनियर खिलाड़ी आकाश प्रताप, खेलो इंडिया मेडलिस्ट काजल कुमारी, चांदनी कुमारी, साक्षी कुमारी, सौभाग्य कुमार ने विशेष प्रदर्शन और प्रशिक्षण देकर प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। शिविर का समापन प्रशिक्षण प्रदर्शन और प्रशस्ति पत्र वितरण के साथ हुआ। आयोजन में सभी पदाधिकारियों, स्कूलों और प्रशिक्षकों ने बच्चों को पारंपरिक मार्शल आर्ट से जोड़ने की दिशा में एक नई शुरूआत की।

## बीडीओ ने की प्रखंड के सभी राशन डीलरों के साथ बैठक

**मझिआंव/बरडीहा (गढ़वा)।** प्रखंड मुख्यालय में आज प्रखंड सभागार में सभी राशन डीलरों की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने की। यह बैठक उपायुक्त के निर्देश पर बुलाई गई थी। बैठक में निर्देश दिया गया कि 31 जुलाई तक सभी पात्र लाभुकों का ई-केवाईसी हर हाल में पूरा किया जाए और जो लाभुक अयोग्य पाए जाएं। उनके नाम सहित प्रस्ताव एक सप्ताह के भीतर प्रखंड कार्यालय में जमा किया जाए। ई-केवाईसी में लापरवाही बरतने वाले डीलरों के विरुद्ध निलंबन तक की कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। प्रशासन ने राशन व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारू बनाए रखने की बात दोहराई, ताकि योजना का लाभ सही लाभुकों तक पहुंचे। बैठक के दौरान चना दाल वितरण की समीक्षा की गई। पाया गया कि अभी तक केवल 80 प्रतिशत चना दाल का वितरण हुआ है, जिसे शीघ्र 100% तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया। साथ ही जून, जुलाई और अगस्त महीने का तीन माह का राशन 96% तक वितरित हो चुका है, शेष राशन को जल्द वितरित करने का निर्देश दिया गया है। हरा राशन कार्डधारियों को सितंबर 2024 और जुलाई 2025 का दो माह का राशन एक साथ दिया जाना था, लेकिन अभी तक केवल 50प्रतिशत वितरण ही हुआ है।

## डंडई में 150 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरित

**डंडई।** प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को समारोह का आयोजन कर प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल करमाली ने आठवीं कक्षा में अध्यनरत 185 छात्र-छात्राओं के बीच कल्याण विभाग से प्राप्त साइकिल सह परिसंपत्ति का वितरण किया। साइकिल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव व झामुमो नेता ताहिर अंसारी मौजूद रहें। कार्यकताओं और छात्र-छात्राओं के द्वारा उक्त अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा व झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता ताहिर अंसारी के द्वारा साइकिल वितरण का शुभारंभ किया गया। साइकिल सह परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि हमारी झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार पूरे राज्य में विकास की गंगा बहा रही है और क्षेत्रवासियों को सीधे तौर पर लाभ देने का काम किया जा रहा है। साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी। इससे बच्चे उत्साहित होंगे और शिक्षण कार्य में सुधार होगा। ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या में कमी आएगी और नियमित रूप से विद्यालय आने को प्रेरित होंगे। उन्होंने छात्रों से अच्छी शिक्षा ग्रहण कर क्षेत्र का नाम रोशन करने की बात कही और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं ताहिर अंसारी ने कहा कि साइकिल वितरण योजना से छात्रों को विद्यालय आने में सहूलियत होगी और उनकी शिक्षा में सुधार होगा। यह योजना झारखंड सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और उनकी पहुंच को सुगम बनाना है। बीडीओ देवलाल करमाली ने कहा कि समारोह का आयोजन कर वित्तीय वर्ष 2025-2026 अंतर्गत सरकारी स्कूलों में कक्षा आठ में पढ़ने वाले एससी एसटी ओबीसी और माइनॉरिटी 185 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया है। साइकिल वितरण समारोह में प्रमुख कांति देवी उप प्रमुख अंजली देवी जिला परिषद सदस्य मोहन पासवान, झामुमो नेता जितेंद्र कुमार ठाकुर,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह राजेश मेहता रामाशीष प्रसाद उत्तम देव प्रजापति चंद्रशेखर प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

## रेडक्रॉस कार्य समिति की बैठक संपन्न

**गढ़वा।** जिला रेड क्रॉस के कार्यसमिति की बैठक स्थानीय सदर अस्पताल के सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रेड क्रॉस के चेयरमैन डॉक्टर एमपी गुप्ता ने एवं संचालन रेड क्रॉस के सचिव डॉक्टर जे पी सिंह ने की। बैठक में गत बैठक की पुष्टि के बाद सचिव ने बताया कि झारखंड स्टेट रेड क्रॉस की बैठक राज्यपाल के यहां 30 जुलाई को होने वाला है उसमें गढ़वा से दो प्रतिनिधि भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में पुराना समाहरणालय स्थित रेडक्रॉस कार्यालय का विधिवत शुरूआत जल्द से जल्द करने पर सहमति बनी। बैठक में अगले तीन महीना के दौरान किए जाने वाले मुख्य कार्य पर विचार विमर्श किया गया, जिसमें निर्णय लिया गया कि बरसात का मौसम है, इसलिए अगस्त महीने में मलेरिया, डेंगू आदि मच्छर जनित रोगों से जागरूकता के लिए हैंडबिल बांटा जाए तथा जागरूकता कार्यक्रम किया जाए। सितंबर में मझिआंव में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाने पर विचार किया गया। इसके लिए रेड क्रॉस के पदाधिकारी मझिआंव जाकर इसकी तैयारी संबंधी बातचीत करके स्वास्थ्य शिविर का तारीख तय करेंगे। वाइस चेयरमैन विनोद कमलापुरी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई। बैठक में पेट्रोन मेंबर डॉ यासीन अंसारी, वरिष्ट सदस्य अलख नाथ पाण्डेय, चेयरमैन डॉ एम पी गुप्ता, वाइस चेयरमेन विनोद कमलापुरी, सचिव डॉ जे पी सिंह, सह सचिव नंदकुमार गुप्ता , कोषाध्यक्ष रामनारायण प्रसाद, कार्यसमिति सदस्य राजमणि प्रसाद, दया शंकर गुप्ता, उमेश अग्रवाल, विनोद गुप्ता, रौशन दुबे आदी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## रिहन्द बांध से किसी भी समय छोड़ा जा सकता है पानी, अलर्ट पर प्रशासन

**खरौंधी (गढ़वा)।** सोनभद्र जिले के रिहन्द बांध, पिपरी-रेणुकूट के अधिशासी अभियंता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सोननदी के किनारे बसे गांवों के लोगों को एडवाइजरी जारी की है। विज्ञप्ति में बताया गया है कि रिहन्द बांध में जलस्तर 866 मीटर पहुंच गया है, जबकि इसकी अधिकतम क्षमता 870 मीटर है। लगातार हो रही बारिश के कारण बांध पर दबाव बढ़ गया है। इसी को देखते हुए सोमवार 27 जुलाई को कभी भी रिहन्द बांध से पानी छोड़ा जा सकता है। बांध से पानी छोड़े जाने की स्थिति में खरौंधी प्रखंड के सोननदी किनारे बसे गांवों झ खोखा, चांदना, हरिहरगंज, रजखड़ और पिपरा झ में बाढ़ आने की आशंका है। इससे इन गांवों के प्रभावित होने की संभावना जताई गई है। रिहन्द बांध से संभावित जलप्रवाह के मद्देनजर खरौंधी अंचल अधिकारी गौतम कुमार लकड़ा और थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अत्यंत आवश्यक होने पर ही सोननदी या कनहर नदी के किनारे जाएं। मछली पकड़ने वाले लोगों से भी आगामी तीन दिनों तक नदी से दूर रहने को कहा गया है।

## बाबा मंगरदह महादेव मंदिर में कांवरियों ने चढ़ाया जल

**डंडई।** प्रखंड के प्रसिद्ध लवाहीखुर्द के बाबा मंगरदह महादेव मंदिर में तीसरी सोमवारी को जलाभिषेक करने को लेकर श्रद्धालुओं की दिनभर काफी भीड़ लगी रही। कमेटी के आंकड़े के अनुसार तकरीबन 5000 कांवरियां एवं डाकबम ने 30 किलोमीटर दूर छत्तीसगढ़ सीमावर्ती क्षेत्र बालचौरा कनहर नदी से जल उठाकर पैदल यात्रा कर जलाभिषेक किया है। कावरियां व डाकबम ने मंदिर परिसर में जय शिव शंकर हर हर महादेव, बोल बम का नारा है, बाबा एक सहारा है सहित अन्य जयघोष लगा रहे थे। कांवरियों के साथ-साथ तीसरी सोमवारी पर पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की भी काफी भीड़ देखी गई। मंदिर के पुजारी दीनदयाल पाठक वैदिक मंत्रोंउच्चारण के साथ जलाभिषेक और पूजा अर्चना कराया। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखकर लोगों ने बीस हजार भीड़ होने का अनुमान लगाया। मंदिर समिति के लोगों ने जगह-जगह पर अपनी तैनाती सक्त रखी एवं जलाभिषेक के लिए काफी सहयोग करते दिखे। मंदिर समिति के अध्यक्ष मंगरू बैठा ने बताया कि प्रसिद्ध बाबा बैजनाथ धाम देवघर की तरह लवाहीखुर्द के बाबा मंगरदह महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने को लेकर आज श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। गढ़वा जिला के श्रद्धालुओं सहित छत्तीसगढ़ उत्तर प्रदेश बिहार के श्रद्धालुओं को जलाभिषेक करते देखा गया। लोक श्रद्धा भाव से छत्तीसगढ़ सीमावर्ती क्षेत्र बाल चौराहा कनहर नदी से जल उठा कर 30 किलोमीटर पैदल चलकर लावाही खुर्द के बाबा मंगरदह महादेव मंदिर पहुंचते हैं और आस्था के साथ मंदिर में स्थापित शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं। ऐसी मान्यता है कि यहां जलाभिषेक करने वाले हर श्रद्धालुओं की मन्नते पूरी होती है। अध्यक्ष ने कहा कि मंदिर कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं के लिए कई तरह की सुविधा दी जाती है। कमेटी के लोग श्रद्धालुओं को मदद के लिए हमेशा तत्पर हैं।

## युवती ने फांसी लाकर की आत्महत्या

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के कुंबकाला गांव में एक किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी केअनुसार कुंबा कला के 18 वर्षीय रवीना खातून पिता स्वर्गीय नसीब अंसारी ने घर के पास आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती का गांव के ही आजाद पिता सरफुद्दीन अंसारी के साथ विवाह तय हुआ था। शादी तय होने के बाद दोनों में हमेशा मोबाइल द्वारा बातचीत होता रहता था, परंतु किसी बात पर दोनों में वाद विवाद हो गया। जिससे गुस्से में आकर उक्त युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या कर लेने के बाद परिवारजनों को खबर मिलते ही उन्होंने पुलिस को खबर दी।

### बालू उत्खनन की आशंका पर एसडीएम ने नदी तटीय इलाकों में लागू की निषेधाज्ञा, कहा-

# निषेधाज्ञा का अनुपालन कराना थाना प्रभारियों की होगी जिम्मेदारी

- **भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत की गई कार्रवाई**
- **एनजीटी की रोक तक इन इलाकों में बालू उत्खनन, भंडारण, परिवहन पर पाबंदी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा पारित दिशा-निर्देशों के अनुपालन में एवं मानसून के दौरान जलस्तर वृद्धि, भूमि कटाव, अवैध बालू उत्खनन परिवहन और भंडारण के चलते पर्यावरणीय नुकसान की आशंकाओं को देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी संजय कुमार ने गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र के सभी नदी घाटों, जल निकायों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों में धारा 163 बीएनएसएस के अंतर्गत अगले आदेश तक या एनजीटी द्वारा प्रतिबंध की तिथि तक (जो भी पहले हो) निषेधाज्ञा लागू कर दी है। एसडीएम का यह निषेधाज्ञा आदेश तत्काल प्रभाव से यानि 28 जुलाई से प्रभावी होकर अगले आदेश तक या एनजीटी द्वारा प्रतिबंध की तिथि तक लागू रहेगा। इस निषेधाज्ञा के दायरे में सोन, कोयल, बांकी, दानरो, यूरिया, सरस्वतिया आदि उन सभी नदियों के घाट आएंगे जो सदर अनुमंडल क्षेत्र में अवस्थित हैं। इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का बालू खनन, चाहे वह मशीन द्वारा हो या मैनुअल इस अवधि में प्रतिबंधित रहेगा। इन क्षेत्रों में बालू लदे ट्रैक्टर, हाइवा या अन्य वाहनों की आवाजाही पर मनाही रहेगी। रात्रि के समय में नदी तटीय इलाकों /बालू प्रवण क्षेत्रों में अनाधिकृत सामूहिक आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी (धार्मिक, सांस्कृतिक और अनुष्ठानिक मामलों को छोड़कर)। उक्त निषेधाज्ञा के अनुपालन कराने की जिम्मेदारी सभी संबंधित थाना प्रभारियों की रहेगी, इसलिए स्थानीय थाना प्रभारियों को आदेशित किया जा रहा है कि वे क्षेत्र में सतत गश्ती सुनिश्चित करते हुए संदेहास्पद खनन गतिविधियों पर निगरानी रखेंगे। खनन कार्यालय को अंचल अधिकारी के समन्वयात्मक सहयोग से प्रतिदिन निरीक्षण/ निगरानी/ कार्रवाई रिपोर्ट देने का निर्देश दिया जा रहा है। स्थानीय मुखिया, वार्ड सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों, पर्यावरण कार्यकताओं से सहयोग लेकर सूचना तंत्र मजबूत किया जा रहा है, ताकि उल्लंघन कताओं को चिन्हित कर दंडात्मक कार्रवाई से हतोत्साहित किया जा सके। इस निषेधाज्ञा आदेश के उल्लंघन की स्थिति में बीएनएस की धारा 223 ( भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188), पर्यावरण संरक्षण अधिनियम और झारखंड माइनिंग रूल्स के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अवैध खनन में प्रयुक्त वाहन को जब्त कर जुमार्ना की वसूली या प्राथमिकी की कार्रवाई की जाएगी।

**नागरिकों से सूचना देने की अपील**

एसडीएम संजय कुमार ने क्षेत्र के आम नागरिकों से अपील की है कि वे पर्यावरण की रक्षा में प्रशासन का सहयोग करें। यदि किसी को अवैध खनन या परिवहन की सूचना प्राप्त हो तो वे निकटतम थाना, अंचल कार्यालय या एसडीएम कार्यालय को सूचित करें।

## दो फरार वारंटी गिरफ्तार, जेल



**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए सात वर्षों से फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में पहला संतोष राम, पिता राजेश्वर राम, निवासी ग्राम मर्चवार, तथा दूसरा संजय प्रसाद उर्फ टुकून, पिता जवाहिर प्रसाद, निवासी ग्राम धुरकी मोड़। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने जानकारी दी कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निदेशार्नुसार चलाए जा रहे समकालीन अभियान के तहत दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। दोनों के विरुद्ध न्यायालय से ॠफ केस संख्या 765/2019 एवं केस संख्या 168/2018 में वारंट निर्गत किया गया था। थाना प्रभारी ने यह भी स्पष्ट किया कि गिरफ्तारी के भय से वर्षों से फरार चल रहे अपराधियों व वारंटियों को अब किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे सभी वांछित आरोपी शीघ्र आत्मसमर्पण करें, अन्यथा सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कान खुजरा के काटने से महिला हुई घायल

**रंका।** पंचायत के एक महिला को कान खुजरा के काटने से महिला घायल हो गयी। घायल महिला का इलाज रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में की जा रही है। इस संबंध में महिला के भाई ने बतलाया कि महिला घर में काम कर रही थी, काम के दौरान कान खुजरा पर महिला का पैर पड़ गई जिससे कान खुजरा के द्वारा महिला के पैर में काट ली। चिकित्सक के द्वारा महिला को खतरे से बाहर डॉक्टर के द्वारा बताया जा रहा है।

## एटीएम कार्ड बदल निकाले 40 हजार रुपये

**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव (गढ़वा)।** पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के भाई विगहा निवासी सोनी खातून ने मझिआंव थाना में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी से 40 हजार की निकासी किए जाने को लेकर लिखित शिकायत दी है। पीड़िता सोनी खातून ने बताया कि वह अपने पति मोहम्मद अरशद खान के खाते से पैसे निकालने के लिए मझिआंव स्थित सेंट्रल बैंक के नीचे एटीएम घर पहुंची। मैंने अपने एटीएम कार्ड से पैसा निकल रहा था निकलते वक्त कुछ टेक्निकल प्रॉब्लम के कारण एरर बताया इसी दौरान एक अजनबी व्यक्ति ने मदद के बहाने उसका एटीएम कार्ड बदल दिया और उसे एक दूसरा एटीएम कार्ड थमा दिया। सोनिया खातून ने बताई कि जब तक मैं इस बात को समझता और अपने एटीएम कार्ड को पहचानता तब तक वह सेंट्रल बैंक के एटीएम घर से भाग निकला। इसके बाद कुछ ही समय में बस स्टेंड स्थित एसबीआई एटीएम से चार किस्तों में दस, दस हजार कर कुल 40 हजार की निकासी कर ली गई।

## एसडीएम ने सदर अस्पताल का देर रात किया औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** उपायुक्त गढ़वा के निर्देश पर सदर एसडीएम संजय कुमार ने बीती देर रात गढ़वा सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति की समीक्षा की तथा मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सेवाओं की वस्तुस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में आपातकालीन सेवाएं बेहतर और सुचारू ढंग से संचालनात्मक पाई गईं। परिसर की स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, विधि व्यवस्था आदि संतोषजनक मिली। किंतु निरीक्षण के क्रम में डॉक्टर प्रतिमा कुमारी रोस्टर ड्यूटी के समय अनुपस्थित पाई गईं, जिस पर एसडीएम ने गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए अस्पताल उपाधीक्षक को उनसे स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के उपरांत एसडीएम संजय कुमार ने अस्पताल उपाधीक्षक को एक पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि अस्पताल के संचालन में नियमित उपस्थिति, अनुशासन एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चिकित्सकों की ड्यूटी रोस्टर के अनुरूप अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने और इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने के लिए उनसे गंभीर प्रयास करने को कहा है। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की जानबूझकर लापरवाही अस्वीकार्य होगी। आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। एसडीएम द्वारा दवा भंडारण एवं वितरण और विभिन्न वार्डों में मरीजों को दी जा रही सेवाओं की भी सरसरी तौर पर जांच की। विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों/ संस्थानों के प्रशिक्षु स्वास्थ्य कर्मियों को अपने संस्थान का पहचान पत्र पहनकर ही सदर अस्पताल में ड्यूटी करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई मामूली कमियों के आधार पर मौके पर मौजूद चिकित्सकों एवं पैरा स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक सुझाव और निर्देश दिए गए।

## विधायक ने 332 विद्यार्थियों के बीच बांटी साइकिल, कहा सरकार कर रही सभी वादे पूरे

**नवीन मेल संवाददाता**



**खरौंधी (गढ़वा)।** सोमवार को क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव ने अरंगी स्थित पीएम श्री मध्य विद्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के 332 छात्रों को साइकिल वितरित किया। इस अवसर पर दर्जनों पात्र लाभुकों को सर्वजन पेंशन योजना के स्वीकृति पत्र भी सौंपे गए। कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों, अभिभावकों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने सरकार की शिक्षा व जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि राज्य सरकार छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ किताब, बैग, पोशाक, भोजन और साइकिल जैसी जरूरी सुविधाएं भी निःशुल्क प्रदान कर रही है। सरकार चाहती है कि कोई भी बच्चा संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रह जाए। उन्होंने बताया कि हमारे क्षेत्र के छात्र-छात्राएं लगातार मेहनत कर रहे हैं और बेहतर परिणाम दे रहे हैं। भवनाथपुर की एक छात्रा द्वारा राज्य भर में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करने का उदाहरण दिया। इस अवसर पर झामुमो नेता ताहिर अंसारी, मुक्तेश्वर पांडेय, जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर, उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य, झामुमो नेता हिफाजत अंसारी, श्यामसुंदर राम, अशोक ठाकुर बीपीएम नवीन प्रकाश, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी विनोद पासवान, विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्येंद्र दास समेत कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।

### कार्यालय–कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार
(E-mail ID- nrep.ltr@gmail.com)

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

अतिअल्पकालीन ई–निविदा संख्या :–08/2025-26/EE/NREP/LATEHAR दिनांक : 28.07.2025

| क्र0 | आईडेंटीफिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलितराशि(रूपये में) | | कार्यसमाप्ति की तिथि | टेन्डरकॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंकमें | अक्षरमें | | |
| 1. | NREP/LATEHAR/10/ 2025-26 | प्रखंड–बरवाडीह में अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, हेन्देहार में चाहर दिवारीजीर्णोद्धार एवं कंटी लेतारल गाने का कार्य। | 24,95,200.00 | चौबीस लाख पंचान्बेह हजारदोसौ | 02माह | प्रथम |
| 2. | NREP/LATEHAR/11/ 2025-26 | प्रखंड–गारु मेंअनुसूचित जनजाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय डोमाखांड में चाहर दिवारीजीर्णोद्धार एवंकंटी लेतारल गाने का कार्य। | 21,16,600.00 | इक्कीस लाख सोलह हजार छः सौ | 02माह | प्रथम |
| 3. | NREP/LATEHAR/12/ 2025-26 | प्रखंड–गारु मेंअनुसूचितजनजातिआवासीय बालक मध्य विद्यालय डोमाखांडमेंविद्यालय भवन का जीर्णोद्धारकार्य। | 14,51,600.00 | चौदह लाख एकावन हजार छः सौ | 02माह | प्रथम |
| 4. | NREP/LATEHAR/13/ 2025-26 | प्रखंड–गारु में अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका प्राथमिक विद्यालय, गारु के छात्रावास भवन मेंपानी का जल जमाव के निकासी हेतुनाली का निर्माणकार्य। | 5,01,580.00 | पंच लाख एक हजार पांचसौअस्सी | 02माह | प्रथम |
| 5. | NREP/LATEHAR/14/ 2025-26 | प्रखंड–गारु मेंअनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका प्राथमिक विद्यालय, गारु मेंचाहर दिवारी की मरम्मति/ उंचाई एवं कंटीलेतार लगाने का कार्य। | 24,85,800.00 | चौबीस लाख पचासी हजार आठ सौ | 02माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 31.07.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :06.08.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 07.08.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
7. निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार
8. ई–निविदाप्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –6205174469ईमेल–nrep.ltr@gmail.com
9. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
10. निविदा में भाग लेनेवाले संवेदक इस आशय का शपथ पत्र समर्पित करेंगें की निर्धारित अवधि में कार्य अनिवार्य रुप से पूर्ण कर लेंगें।
11. प्राप्त पत्र के आलोक में उक्त निविदा में लातेहार जिला में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
12. उक्त निविदा में भवन प्रमंडल, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
13. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.inपर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 358354 (Rural Development)25-26*D

### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची
### कार्यालय– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चतरा
E-Mail ID – chatrasco@gmail.com

**आम सूचना।**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं0 35 दिनांक 23.07.2025 के आलोक में चतरा जिले के कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य को राज्य योजना अन्तर्गत अनुदानित दर पर पम्पसेट, मिनी ट्रैक्टर एवं अन्य कृषि यंत्र वितरण की योजना का आवेदन आमंत्रण सूचना।

चतरा जिले के ईच्छुक छोटे और सीमान्त कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह/लैम्पस/पैक्स, मनरेगा अंतर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित तथा साथ ही साथ भूमि संरक्षण निदेशालय द्वारा गत वित्तीय वर्षो में तालाब जीर्णोद्वार योजना एवं जलनिधि योजना के तहत निर्मित परकोलेशन टैंक के लाभान्वित पानी पंचायत के सदस्यों एवं अन्य श्रोत से लाभान्वित कृषको को भी उक्त योजना के तहत पम्पसेट (1.5–3.0 hp तथा 3.5–5.0 hp) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63–75mm) तथा 1.0 hp सोलर पम्पसेट (Troly Mounted Movable Type) उपलब्ध कराया जायेगा।

| क0 सं0 | पम्पसेट एवं पाईप वितरण की योजना | भौतिक लक्ष्य (संख्या में) | विभाग द्वारा देय अनुदान |
|---|---|---|---|
| 1 | पम्पसेट 1.5–3.0 H.P एवं 200 फीट HDPE Pipe (63–75mm) | OSP- 91 SCSP-76 | 90 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान 20000/– (बीस हजार) रूपया |
| 2 | पम्पसेट 3.5–5.0 H.P एवं 200 फीट HDPE Pipe (63–75mm) | OSP- 12 SCSP- 07 | 90 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान 30000/– (तीस हजार) रूपया |
| 3 | 1.0 H.P सोलर पम्पसेट (Troly Mounted movable Type) | OSP- 05 SCSP- 03 | 90 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान 90000/–(नब्बे हजार) रूपया |

जिन कृषकों को पूर्व में कृषि विभाग/भूमि संरक्षण उद्यान विभाग द्वारा सिंचाई पम्प का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नही होगी। मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित एवं अन्य ईच्छुक कृषक प्रखण्ड कार्यालय के माध्यम से विहित प्रपत्र कार्यालय को उपलब्ध करा सकते है।

**मिनी ट्रैक्टर, पावर टिलर एवं अन्य कृषि यंत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु मिनी ट्रैक्टर, पावर टिलर, रीपर, एवं सहायक कृषि यंत्र का वितरण | OSP-04 SCSP-02 | 80 प्रतिशत या अधिकतम 5 लाख रूपया |
| 2 | व्यक्तिगत अनुदान पर पावर टीलर/रीपर एवं सहायक कृषि यंत्र का वितरण | OSP-08 SCSP-05 | 80 प्रतिशत या अधिकतम 1.60 लाख रूपया |

नोटः–

1. झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी (JSLPS) या अन्य किसी सक्षम संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये महिला स्वंय सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों या अन्य कृषक समूहों का योजनान्तर्गत चयन किया जायेगा।
2. महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह के गठन में 10–12 सदस्य होना आवश्यक है।
3. मिनी ट्रैक्टर, वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स या अन्य कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके पास सदस्यों में से कम–से–कम एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
4. व्यक्तिगत प्रगतिशील कृषकों के लिए वैसे कृषकों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिस कृषक परिवार के पास खेती योग्य 2.00 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
5. माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।
6. जिन कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना) के द्वारा जो कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य किसी कृषि यंत्रो के लिए पात्रता होगी।
7. आवेदन विहित प्रपत्र में संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (JSLPS) चतरा/जिला कृषि पदाधिकारी, चतरा/जिला सहकारिता पदाधिकारी, चतरा/जिला उद्यान पदाधिकारी, चतरा/जिला कल्याण पदाधिकारी, चतरा के माध्यम से प्राप्त किया जायेगा।
8. ईच्छुक लाभुकों एवं समूहों का पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र सूचना प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्य दिवस में 15 दिनों के अन्दर कार्यालय को उपलब्ध कराया जा सकता है। विहित प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है।

**विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।**
**कार्यालय का पता :– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चतरा, जिला संयुक्त कृषि भवन तपेज, चतरा।**

PR 358368 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 25-26 (D)

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
चतरा।

# 15 लोगों को अतिक्रमण हटाने को लेकर भेजा गया नोटिस



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 15 (धर्मपुर) में रहने वाले ग्रामीण सोमवार को समाहरणालय पहुंचे। इन लोंगो ने बताया कि उन्हे अंचल कार्यालय से नोटिस मिला है। नोटिस में कहा गया है कि उनकी झोपड़ी सरकारी भूमि में बनी हुई है। इसलिए इसे सरकारी भूमि में अतिक्रमण माना जा रहा है। नोटिस के जरिए यह कहा गया है कि आगामी चार अगस्त तक संबंधित वं व्यक्ति खुद ही अतिक्रमण हटा लें नहीं तो प्रशासन के द्वारा इसे हटाया जाएगा और अतिक्रमण हटाने में जो खर्च आएंगे, उसे वसूला भी जाएगा। अंचल कार्यालय से श्याम सुंदर भुईयां, बृजेश भुईयां, महेंद्र भुईयां, बबन भुईयां, तपेश्वर भुईयां, नरेश पासवान, रामचंद्र पासवान बिगनी देवी ,प्रदीप मांझी ,राम भजन यादव और जवाहरलाल ( सभी ग्राम तापाखास, धर्मपुर) को नोटिस भेजा गया है।

इधर इस नोटिस पर कांग्रेस नेता साजन कुमार और झामुमो नेता श्री राम सिंह ने चिंता व्यक्त करते हुए अंचल अधिकारी से मांग किया है कि इस पर पुनः विचार करें। नोटिस में अभी लिखा गया है कि खाता 64 प्लॉट 333 गैरमजरूआ जमीन सरकारी है. जिसका अतिक्रमण उक्त लोगों के द्वारा किया गया है। इस संबंध में पूर्व में भी 31 लोगों को नोटिस भेजा गया था परंतु किसी ने भी जमीन के कागजात प्रस्तुत नहीं किया। इधर लोगों को नोटिस जारी होने पर समाजसेवी श्रीराम सिंह ने कहा कि वर्षों से झोपड़ी बनाकर रह रहे इन गरीब परिवारों को वैकल्पिक व्यवस्था देने के बाद ही हटाने की कार्रवाई की जाए. बिना वैकल्पिक व्यवस्था के हटाने की यह प्रशासनिक कार्रवाई ठीक नहीं है। बरसात के दिन में गरीब परिवार कहां जाएंगे। इस पर भी प्रशासन को मानवीय दृष्टिकोण से सोचना चाहिए। इस प्रकार की कार्रवाई से क्षेत्र में भय और असंतोष का माहौल है। श्रीराम सिंह ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया है।

### उपायुक्त व एसपी की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक

# डीसी ने अवैध खनन पर जीरो टॉलरेंस एफआईआर व छापेमारी का दिया निर्देश

- अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ सख़्त एक्शन लेने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निदेर्शों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि दिनांक 27 जून 2025 से अब तक खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण में 33 वाहनों को जब्त कर 5 प्राथमिकी दर्ज गई है और 62 लाख रुपए जुमार्ना राशि की वसूली की गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त द्वारा अंचल अधिकारियों द्वारा अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध खनिजवार की गई कार्रवाई की जानकारी लेते हुए सभी अंचल अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराये गये निरीक्षण, जांच प्रतिवेदन में प्राथमिकी एवं जब्त खनिज, वाहनों की संख्या शून्य होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई।

उपायुक्त ने सभी अंचलों को संबंधित थाना प्रभारी से समन्वय स्थापित कर औचक छापेमारी करने एवं इसमें संलग्न व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया एवं अनियमितता पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई। बैठक में कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण को लेकर टास्क फोर्स के द्वारा की गई कार्रवाई की पूर्ण जानकारी ली गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र में एक भी वाहन से अवैध खनन नहीं होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके लिए उन्होंने दोषियों को पकड़ते हुए तुरंत उन पर एफआईआर दर्ज करने एवं संबंधित पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला गोपनीय प्रभारी पदाधिकारी श्रेयांश, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए कई निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के संयुक्त अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की अद्यतन स्थिति, ब्लैक स्पॉट, गुड सेमरेटन, अतिक्रमण सड़क, जागरूकता कार्यक्रम पर समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि जून 2025 में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 17 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। इनमें 13 लोगों की मौत व 4 लोग घायल हुए। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि जिले में अब तक 3 ब्लैक स्पॉट चिह्नित किये गये हैं, जहां अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं।

उपायुक्त ने सभी ब्लैक स्पॉट्स पर तुरंत सुधारात्मक कार्य शुरू करने एवं सभी ब्लैक स्पॉट्स पर स्पीड ब्रेकर, रम्बल स्ट्रिप रेफ्लेक्टिव टेप्स, कृपया धीरे जाएं, आगे तीखा मोड है, दुर्घटना संभावित क्षेत्र आदि का साइनेज लगाने का निर्देश गया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा समिति द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यातायात नियमों का पालन कराने के लिए नियमित वाहन जांच अभियान चलाने, हिट एंड रन जैसी घटनाओं पर रोकथाम करने का निर्देश दिया। जिला परिवहन पदाधिकारीको हिट एंड रन के सभी मामलों को जल्द से जल्द निष्पादन करने का निदेश दिया गया। आइआरएडी के वेबसाइट पर मासिक दुर्घटना का विवरणी ससमय अपलोड करने का निदेश दिया गया। सभी थाना क्षेत्र में ड्रंक एण्ड ड्राईव से संबंधित जांच अभियान चलाये जाने व मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करनेवालों को नोटिस दिये जाने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग को सभी विद्यालयों में यातायात नियमों की जानकारी बच्चों को देने का निर्देश दिया गया। बच्चों को अभिभावक मोटरसाइकिल या स्कूटी देकर अपने बच्चों को स्कूल न भेजें। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों से जुमार्ना वसूला जाए। बैठक में नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत चौक चैराहो एवं सड़क के किनारे हॉस्पिटल गेट के पास सब्जी मार्केट से अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया गया।

# जागरूकता ही बीमारी से बचाव का सर्वप्रथम उपाय : डॉ. फादर

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड़।** संत जेवियर्स महाविद्यालय में फाइलेरिया उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महुआडांड़ संत जेवियर्स महाविद्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ और पिरामल फाउंडेशन के समन्वय से लिम्फेटिक फाइलेरिया के नियंत्रण व उन्मूलन हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य डॉ. फादर एम. के. जोश के संबोधन के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के ऑफिसर अंश भगत ने पूरे महाविद्यालय के विद्यार्थियों व प्रोफेसर्स गण को लिम्फेटिक फाइलेरिया के कारण, लक्षण व निवारण पर चर्चा किया। उन्होंने कहा लिम्फेटिक फाइलेरिया को हिंदी में हाथी पैर (एलिफैंटाइसिस) कहा जाता है। यह एक परजीवी रोग है जो लिम्फ नोड्स और लिम्फ वाहिकाओं को प्रभावित करता है। उन्होंने बताया की लिम्फैटिक फाइलेरियासिस संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलता है। उनके काटने से एक परजीवी जमा हो जाता है जो लसीका तंत्र में चला जाता है। अधिकांश मामले लक्षणहीन होते हैं। शायद ही कभी, लसीका तंत्र को दीर्घकालिक क्षति के कारण पैरों, बाहों और जननांगों में सूजन हो जाती है। इससे बार-बार होने वाले जीवाणु संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है जो त्वचा को सख्त और मोटा कर देता है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जेवियर्स महाविद्यालय के प्राचार्य, उप प्राचार्य व प्रोफेसर्स गण को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ साथ असिस्टेंट प्रोफेसर सुरभि सिन्हा, शशि शेखर, सुबोध मिंज, मैक्सेंटियस कुजूर, रोनित मार्सल, मनु शर्मा, अरेफुल हक, रोजी सुष्मिता तिर्की इत्यादि मौजूद थे।

# कमांडेंट ने स्कूल में किया पौधरोपण

नवीन मेल संवाददाता



**कुंदा (चतरा)।** भारत सरकार के पर्यावरण सरंक्षण अभियान के तहत सोमवार को 35वीं सीमा सुरक्षा बल चतरा की बी द्वारा मुख्यालय एंव जनता उच्च विधालय, प्रोगेसिव स्कूल में पौधारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीमा सुरक्षा बल के कमांडेंट संजीव कुमार उपस्थित थे। इनके निर्देश मे पौधा रोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। पौधरोपण कार्यक्रम में स्कूली बच्चो एंव ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कमांडेंट संजीव कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण को जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण एवं ध्वनि प्रदूषण से बहुत खतरा हो गया है। ऐसे में सीमा सुरक्षा बल पर्यावरण को बचाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में पौधरोपण अभियान चलाकर पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक कर रहा है। उन्होंने कहा कि कल्पना कीजिए अगर नदियां सूख गई, जंगल नहीं रहे तो क्या होगा, इसलिए पौधे अधिक से अधिक लगाएं। नदियों, तालाबों को सुरक्षित करें, क्योंकि पर्यावरण हमें जीवन देता है। इसलिए सीमा सुरक्षा बल की इस मुहिम में सभी लोग मिलकर पर्यावरण को बचाने में अहम भूमिका निभाएं और अपने आसपास और खाली पड़ी जमीनों में अधिक से अधिक पौधे लगाएं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को लेकर बच्चो को जागरूक करते हुए कहा कि पेड़ों के बिना मानव जीवन संभव नहीं है। ऐसे में हम सभी लोगों को पौधारोपण करने का प्रण लेना चाहिए, ताकि वन संपदा को बचाया जा सके। इस मौके पर काफी संख्या में सीमा सुरक्षा बल के जवान एंव शिक्षक मौजूद रहे।

### झामुमो ने जेपीएससी परीक्षा में चयिनत अभ्यर्थियों को किया सम्मानित

# हेमंत सोरेन सरकार में प्रतिभावान छात्रों को मिल रहा है हौसले का पंख : मनोज चौधरी

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** जेएमएम जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के निदेर्शानुसार सोमवार को चंदवा प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र से जेपीएससी परिणामों में चयनित अंजू माला लकड़ा और धर्मेश भगत को अंग्वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि हेमंत सरकार ने तमाम व्यवधानों के बावजूद जेपीएससी की परीक्षा पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में जेपीएससी का सीट बिकने के आरोप लगते थे लेकिन वर्तमान की सरकार में आई जेपीएससी के रिजल्ट ने यह साबित कर दिया है कि हेमंत सोरेन छात्रों के भविष्य को लेकर कितने चिंतित है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में प्रतिभावान छात्रों को पंख मिल रहा है। वहीं युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रंजीत उरांव ने कहा कि आदिवासी समाज से चयनित होनहार अब झारखंड के विकास की नई गाथा लिखेंगे। युवा जिला उपाध्यक्ष अंकित तिवारी ने कहा कि युवाओं का अधिकारी के रूप में चयनित होना समाज में नई ऊर्जा भरता है। मौके पर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुरेश गंझु,छात्र मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र भगत,अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मो काजू, सुरेश उरांव, बबलू राही, मो सरफराज, सनोज उरांव, मो जियाउल राय, रसीद खान, मो अफरोज समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया

बालूमाथ। थाना क्षेत्र अंतर्गत रजवार के दो फरार अभियुक्तों के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उनके घर पर विधिवत इश्तेहार चिपकाया है। जमुना भुइयां, पिता मैरो भुईयां और सकेश्वर भुईयां पिता अग्नू भुईयां दोनों ग्राम रजवार, थाना बालूमाथ के निवासी हैं। जिनके विरुद्ध माननीय न्यायालय बक्सर, बिहार द्वारा इश्तेहार जारी किया गया था। न्यायालय के आदेश के आलोक में थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के निर्देश पर एएसआई संजय चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में अभियुक्तों के घर जाकर इश्तेहार चिपकाया। दोनों अभियुक्त वर्षों से फरार चल रहे हैं। इस संबंध में संजय चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि यदि दोनों अभियुक्त एक माह के भीतर न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो उनके विरुद्ध कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस कार्रवाई के दौरान सशस्त्र बल के जवान मौके पर तैनात थे। इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून का खौफ और प्रशासन की गंभीरता दोनों का संदेश गया है। पुलिस ने यह स्पष्ट किया है कि न्यायालय के निदेर्शों की अवहेलना करने वाले किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

## जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने उपायुक्त को लिखा पत्र

**बालूमाथ।** लातेहार जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने लातेहार जिले में बंदोबस्त भूमि का लगान रसीद निर्गत के लिए लातेहार उपायुक्त को पत्र लिखा है। जिप उपाध्यक्ष ने पत्र में लिखा कि लातेहार जिले में हाल सर्वे होने के बाद पूर्व की कई बंदोबस्त जमीन वर्तमान में अनाबाद नाम से खाता खुल गया है। ऐसी स्थिति में यदि वह जमीन पूर्व में किसी सुयोग्य श्रेणी के रैयत के साथ बंदोबस्त की गई है, तो उसे ऑनलाइन रजिस्टर टू में दर्ज करते हुए उसकी रसीद निर्गत करने की आवश्यकता है। इस कार्य के लिए कई रैयत अंचल कार्यालयों का वर्षों से चक्कर लगा रहे हैं। ऐसी स्थिति में इससे एक तरफ जहां जमीन विवाद बढ़ने की आशंका है, वहीं दूसरी तरफ प्रशासन के प्रति आमजनों का नकारात्मक रवैया पैदा होता है। इसलिए कैंप मोड में इस प्रकार के बंदोबस्त जमीन का लगान रसीद निर्गत करने की मांग की।

### हम नहीं सुधरेंगे — बदहाली पर जनता का व्यंग्यात्मक प्रदर्शन

# हुजूर अब मुख्य मार्ग पर सोफा लग गई अब तो दर्शन दीजिए

अजीत कुमार



**प्रशासन की चुप्पी चिंता का विषय**

ऐसे समय में जब सड़कें विकास का प्रतीक मानी जाती हैं। बड़ी राजस्व की प्राप्ति वाला क्षेत्र के मुख्य मार्गों की यह दुर्दशा सरकार के विकास तंत्र फैल है। जनता अब सिर्फ शिकायत नहीं कर रही बल्कि व्यंग्य और प्रतीकों के जरिए अपनी बात रख रही है। अगर प्रशासन अब भी नहीं चेता तो यह गड्ढे सिर्फ सड़क पर नहीं, बल्कि सिस्टम में भी और गहरे हो जाएंगे।

**जनता की पुकार, अब तो सुध लीजिए हुजूर**

स्थानीय निवासी कहते हैं कि अब यह सिर्फ एक सड़क की मरम्मत का मामला नहीं बल्कि यह जन-सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा चुका है। कहीं ऐसा न हो कि अगली बार सोफे की जगह कोई जनाजा गुजरे, तब सरकार जागे एक दुकानदार ने आक्रोश जताते हुए कहा।

**बालूमाथ।** रांची-चतरा मुख्य मार्ग की जर्जर स्थिति और प्रशासन की उदासीनता अब लोगों का विरोध दिखने लगा है । बालूमाथ के छठ तालाब के समीप महीनों से बने गड्ढे की अनदेखी अब एक व्यंग्यात्मक विरोध बन चुकी है।गड्ढे से तंग आकर किसी अज्ञात सज्जन ने खाई को 'सोफा' से ढंक दिया है मानो कह रहे हों, हुजूर अब सड़क पर सोफा लग गई है। अब तो दर्शन दीजिए। स्थानीय लोगों के अनुसार यह खाई सिर्फ एक जगह नहीं, बल्कि मुख्य मार्ग और मुख्य मार्ग से जुड़ने वाली सड़कों की भी इससे बत्तर स्थिति है। बीते दिनों एक बाइक सवार सड़क पर बने गड्ढे पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। आए दिन लोग अनियंत्रित होकर गिर चोटिल हो रहे हैं। लेकिन अब तक संबंधित विभाग की आंखे खुली हैं। वहीं प्रखंड के जनप्रतिनिधि और समाजसेवियों ने इस गंभीर समस्या को समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से उठाया था। बावजूद इसके स्थिति जस की तस बनी हुई है। कुछ जागरूक नागरिकों ने गड्ढों को चिन्हित करने के लिए वहां झंडा गाड़कर सतर्क किए थे।लेकिन आज जो लोगों ने सड़क पर सुख रखकर अपना विरोध जहित किया है ओ विभाग का कार्यहीनता को दशार्ता है ।अज्ञात व्यक्ति द्वारा सड़क पर सोफा रखना यह एक साफ संकेत है विभाग अपने सुविधा युक्त कार्यकाल में लगे 'कुर्सी' से नहीं उठ क्षेत्र का दौरा नहीं करते, तब जनता सड़क पर 'सोफा' रखकर उन्हें बुला रही है।

# न्यूज बॉक्स

## तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई, दो घायल

**बेतला।** चुंगरू पंचायत के छाप्पर निवासी सुरेंद्र उरांव और लेपत उरांव ने होसिर गांव समीप तेज रफ्तार से एक पेड़ में टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। वहीं छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह को सूचना मिलते ही ग्रामीणों की सहयोग से दोनों घायल को लातेहार भेज दिया है। वहीं स्थानीय ग्रामीण की कहना है कि अगर पंचायत में एक एंबुलेंस होता तो अभी सोचना नहीं पड़ता।

## बिशुनपुर रोड में अतिक्रमण हटाने का काम शुरू

**लातेहार।** अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो के निर्देश पर बिशुनपुर रोड में अतिक्रमण हटाने का कार्य सोमवार से शुरू किया गया। जेसीबी मशीन लगाकर अतिक्रमण को हटाने का कार्य शुरू किया गया। बता दें कि जिला मुख्यालय से बिशुनपुर मोड़ से केड़ू ग्राम तक बनने वाली सड़क में कई लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। इस सड़क का पीसीसीकरण कराया जा रहा है, लेकिन अतिक्रमण के कारण कई जगहों पर सड़क का निर्माण नहीं हो पा रहा है। बिशुनपुर के ग्रामीणों ने गत दिनो चतरा सांसद कालीचरण सिंह व विधायक प्रकाश राम को इस समस्या से अवगत कराया था। लोगों ने कहा कि सड़क पूरी नहीं होने के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बारिश में लोग कीचड़ और दलदल के बीच सड़क से आवागमन कर रहे हैं। कई बार दुर्घटनायें हो चुकी है। इस पर सांसद ने अंचलाधिकारी, लातेहार को अतिक्रमण की जांच कर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया था, ताकि सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा सके। लेकिन तय सीमा के अंदर अतिक्रमण को नहीं हटाया गया तो यह कारवाई की गई। मौके पर अंचल अमीन दीपक प्रसाद समेत अंचल कार्यालय के कई कर्मचारी और पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## 90 प्रतिशत अनुदान पर तीन किसानों को मिला पंप सेट

**चंदवा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय प्रांगण में भूमि संरक्षण एवं मनरेगा कम्युनिकेशन योजना अंतर्गत सोमवार प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने प्रखंड के सुदूरवर्ती लाधुप पंचायत अंतर्गत दूधीमाटी गांव के दो किसान सुनील भगत एवं शिव नारायण महतो एवं बरवाटोली के किसान राजेंद्र उरांव को सिंचाई में सुविधा हेतु 90 प्रतिशत अनुदान या अधिकतम 20 हजार सब्सिडी पर एक एचपी का विद्युत संचालित मोटर व 200 फिट ह्यूम पाइप एवं अन्य सामग्री प्रदान किया। इस मौके पर किसानों को संबोधित करते हुए बीडीओ श्री प्रसाद ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा किसानों के हितार्थ कई योजनाएं चलाई जा रही है। किसानों को सब्सिडी दर पर फसल बीज, कृषि ऋण,पीएम किसान योजना, फसल बीमा जैसी अनेकों योजनाएं चलाई जा रही है जो किसानों को कृषि कार्य करने में सहूलियत प्रदान करने के साथ आर्थिक बोझ को कम करने में सहायक साबित हो रही है। बीडीओ ने किसानों से संचालित विकास योजनाओं का लाभ उठाने की भी अपील की। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनीष पांडेय,जन सेवक लव पासवान,पंसस मनोहर भगत समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## सीआरपीएफ की 11वीं वाहिनी ने मनाया 87वां स्थापना दिवस

**लातेहार।** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 11वीं वाहिनी द्वारा अपने ब्लॉक परिसर, लातेहार में 87वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कमाण्डेंट याद राम बुनकर ने समारोह की शुरूआत की और जवानों एवं उनके परिवारजनों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। कमाण्डेंट श्री बुनकर ने अपने संबोधन में कहा कि सीआरपीएफ की स्थापना देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने बल की गौरवशाली परंपराओं और उपलब्धियों को याद करते हुए कहा कि देश को जब-जब जरूरत पड़ी, सीआरपीएफ ने हर चुनौती का बहादुरी से सामना किया है। उन्होंने जवानों से अपील की कि वे इसी जज्बे और समर्पण के साथ भविष्य में भी अपनी सेवाएं दें। समारोह के दौरान शहीद स्मारक पर माला अर्पित कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद कमांडेंट के नेतृत्व में साइकिल रैली निकाली गई, जिसमें जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्यालय स्थित क्वार्टर गार्ड में गार्द ऑफ ऑनर (सलामी) दी गई ।कार्यक्रम में खेल-कूद प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें जवानों की प्रतिभा और उत्साह देखने लायक था। इस मौके पर डॉ. अमूल्या कूजुर (वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, एसजी), रतींद्र चरन मिश्र (द्वितीय कमान अधिकारी), शोभनाथ एवं मुकेश कुमार (दोनों उप कमाण्डेन्ट), निरीक्षक ललन कुमार रंजन, उप निरीक्षक योगेन्द्र निषाद, सुरेन्द्र डागुर, सहायक उप निरीक्षक विमल कुमार मिश्र एवं देवेन्द्र वीर विक्रम प्रताप सिंह सहित कैंप के सभी अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

## डीएसओ ने किया पीडीएस दुकानों का निरीक्षण

**चंदवा।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने सोमवार को प्रखंड के सेरक, बारी, बनहरदी, सासंग, चंदवा पूर्वी एवं चंदवा पश्चिमी पंचायत क्षेत्र अंतर्गत कई पीडीएस दुकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान लाभुकों के बीच राशन वितरण का जायजा लिया। दुकान में रखे खाद्यान्न के रखरखाव,स्टॉक व वितरण पंजी के अलावे सभी मद के खाद्यान वितरण से सम्बंधित जानकारी प्राप्त की। एनएफएसए व ग्रीन कार्ड धारकों को शतप्रतिशत राशन वितरण नहीं करने वाले दुकानदारो को कड़ी फटकार लगाते हुए दो दिनों में शतप्रतिशत राशन वितरण करने का निर्देश दिया। कहा कि सभी लाभुकों को ससमय व निर्धारित मात्रा में राशन वितरण करे। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि दो दिनों में सभी मद का राशन वितरण शतप्रतिशत नहीं करने वाले दुकानदारों की अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी। मौके पर मौजूद एमओ चंदन कुमार को उन्होंने कई आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लाभुकों तक पहुंचाने की बात कही। मौके पर प्रखंड ऑपरेटर सहायक संजय यादव,ऑपरेटर आशीष कुमार पीडीएस दुकानदार समेत कई लाभुक मौजूद थे।

## एक सप्ताह से अंधेरे में रहने को विवश हैं टूढ़ामु के उपभोक्ता

**चंदवा।** अलौदिया पंचायत के टूढामू गांव में लगे 100 केवीए का ट्रांसफार्मर पिछले एक सप्ताह से खराब पड़ा हुआ है। जिससे एक बड़ी आबादी अंधेरे में रहने को विवश है। उपभोक्ता इस उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। बारिश के इस मौसम में सांप बिच्छू का भी खतरा बना रहता है। इस संबंध में उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने बताया कि उन्होंने इस विषय पर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट करवाया है कि इस मोहल्ले के पोल, तार, ब्रैकेट यहां तक कि अर्थिंग भी जर्जर हो चुका है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी जर्जर व्यवस्था के कारण विद्युत प्रवाह की चपेट में आने से एक महिला और कई मवेशियों की मृत्यु हो चुकी है। ग्रामीणों के द्वारा उक्त ट्रांसफार्मर का दो बार मरम्मत भी करवाया गया लेकिन नतीजा सिफर रहा। ग्रामीणों की समस्या पर झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि उनके संज्ञान में यह विषय लाया गया है। वह विभागीय अधिकारियों से संपर्क में हैं। श्री शाहदेव ने जल्द ही इस समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है।

## अफीम व गांजा की अवैध खेती करने वालों पर करें कार्रवाई

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने वर्तमान में अवैध अफीम की खेती की विनष्टीकरण की जानकारी लेते हुए संबंधित अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मादक पदार्थ की बिक्री, सेवन, तस्करी,व उपयोग पर सजगता के साथ लोगो के ऐसे कार्यों में संलिप्तता पर नजर रखने और जिन क्षेत्र में अफीम की खेती की सूचना मिलती है तो खेती के विनष्टीकरण के साथ-साथ जिनके द्वारा खेती की गई है और जो लोग उसमें संलिप्त हैं, उन्हें चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव द्वारा कहा गया कि इसी सीजन में कल्टिवेशन कार्य शुरू किया जाता है, जिसके लिए वन विभाग एवं कृषि विभाग को आपसी समन्वय से एक ठोस और क्षेत्र विशेष पर आधारित कार्ययोजना तैयार करनी होगी।

### सावन की तीसरी सोमवारी पर भक्तिमय माहौल, शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक

# लोहरदगा के मंदिरों व शिवालयों में गूंजा 'ॐ नम: शिवाय' व 'हर हर महादेव'

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सावन की तीसरी सोमवारी पर शिवभक्त भक्ति में सराबोर रहे और उनमें उत्साह और ऊर्जा का संचार नजर आया। भोलेनाथ की भक्ति, पूजा-आराधना के साथ ॐ नमः शिवाय, हर-हर महादेव, बोलबम के जयकारे गूंजने लगे है। सावन महीने में सोमवार के दिन को लेकर हिंदू धर्म में मान्यता है कि इस दिन पूजा पाठ एवं व्रत करने से भगवान शिव अपने भक्त पर प्रसन्न होते हैं। सोमवारी व्रत करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए सोमवारी व्रत किया था। सोमवार के व्रत का शिव की आराधना और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए विशेष महत्व है। सावन के दूसरी सोमवारी पर भगवान शिव को इस दौरान गंगाजल, दूध-दही, बेलपत्र, घी, शहद, जनेऊ, रोली, भांग, धतूरा और नैवेद्य अर्पण किया गया।

सावन माह की सोमवारी के दिन सदर प्रखंड के खखपरता शिव धाम, भंडरा प्रखंड के अखिलेश्वर शिव धाम, सेन्हा और कुडू प्रखंड के महादेव मंडा, शहरी क्षेत्र के बुढ़वा महादेव, ईस्ट गोला रोड स्थित शिव मंदिर, छत्तर बगीचा स्थित स्वयं-भू महादेव मंदिर, पावरगंज चौक स्थित देवी मंदिर, काली मंदिर, कुटमू गांव स्थित शिव मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों में शिव का जलाभिषेक किया गया।

इस अवसर पर लोगों ने भगवान भोलेनाथ की आराधना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। शहरी क्षेत्र के छत्तर बगीचा स्थित स्वयंभू महादेव मंदिर के साथ खखपरता, अखिलेश्वर धाम, महादेव मंडा सहित विभिन्न शिव धामों में श्रद्धालुओं की लंबी कतार ही शिव के साधकों की भारी भीड़ को दर्शा रही थी। श्रद्धालुओं की भीड़ अहले सुबह से ही उमड़ने लगी। शिवालयो में भक्तो की भीड़ से पूरा मंदिर भरा दिखाई दिया।



### खखपरता शिव मंदिर में भक्तो की उमड़ी भीड़

सदर प्रखंड के रामपुर स्थित खखपरता शिव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। खखपरता शिव मंदिर एक प्राचीन मंदिर है। यहां आनेवाले भक्तो की हर मुराद पूरी होती है। भक्तजन इस शिव मंदिर में दूर दराज से आते है। शिवलिंग के दर्शन मात्र से ही भक्तो के कष्ट दूर हो जाते है। यहां शहरी क्षेत्र समेत दूर दराज के आस पास के गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना किया। भक्त कतारबद्ध होकर भगवान शिव पर जलाभिषेक के लिए लगे थे।

### प्रसिद्ध महादेव मंडा धाम सहित सभी शिवालयों में शिव भक्तों का लगा तांता

**कुडू।** सावन की तीसरी सोमवारी को कुडू प्रखंड क्षेत्र में आस्था का सैलाब फूट पड़ा। प्रसिद्ध महादेव मंडा धाम सलगी, टीको स्थित भोले बाबा मंदिर, बड़की चाँपि शिव मंदिर,टाटी शिव मंदिर, बड़की चांपि दुर्गा मंदिर, कुडू ब्लॉक परिसर स्थित शिव मंदिर ,तान पहाड़ी स्तिथ शिव धाम, कुडू स्थित शिव मंदिर सहित प्रखंड के विभिन्न गांवो के मंदिरों और शिवालयों में महिला, पुरुष, बूढ़े, बच्चे, युवाओं ने भक्ति रस से भाव विभोर होकर भगवान भोले नाथ की पूजा बेलपत्र, गंगाजल, दूध, , धतुरा, पुष्प आदि अर्पित कर अपने लिए मनोकामनाएं मांगी। और पुरे दिन पूजा-अर्चना एवं भजन कीर्तन में तल्लीन रहे। इस दौरान शिवालयों में सुबह से शाम तक घंटे की आवाज और श्रद्धालुओं के बोलबम के नारे से वातारण गूंजायमान होता रहा। इस मौके पर महादेव मण्डा धाम में कीर्तन,भजन का आयोजन किया गया साथ ही प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद और फूलों की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ दिखी। इस मौके पर महादेव मंडा धाम में बड़की चाँपि पंचायत की उप मुखिया हेना तिवारी ने बिधिवत पूजन करके अपने क्षेत्र एवं अपने परिवार की मंगलकामना की मांग भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती से की।



### भंडरा के शिवालयों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, जयकारों से गूंजा वातावरण

**भंडरा।** सावन मास की तीसरी सोमवारी पर भंडरा प्रखंड भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंग गया। सुबह से ही अखिलेश्वर धाम, चट्टी स्थित महादानी शिव मंदिर, कुम्हारिया का कारू मठ, कसपुर का बेलडीपा, ओखर डीपा, नकटी महादेव एवं देशवाली समेत तमाम शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें उमड़ पड़ीं। शिवभक्तों ने ओम नम: शिवाय का जाप करते हुए भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और परिवार की सुख-शांति, आरोग्यता और समृद्धि की कामना की। अखिलेश्वर धाम में अलसुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। सिर पर गंगाजल की कलश, हाथों में बेलपत्र, दूध, फूल लिए भक्त 'बोल बम' और 'हर हर महादेव' के जयघोष करते हुए मंदिर परिसर पहुंचे। भक्तों ने पूरी आस्था और नियमपूर्वक कतारबद्ध होकर शिवलिंग का जलाभिषेक किया। भक्तों के जयकारों से पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा। गेरुआ वस्त्र धारण किए श्रद्धालुओं की टोलियां बोल बम के नारों के साथ विभिन्न शिवालयों की ओर जाती हुई दिखाई दीं। मंदिरों में भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार की गूंज से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता रहा।अखिलेश्वर धाम में पुजारी भजन पंडा और बबलू पंडा की देखरेख में मंदिर को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था। वहीं, भक्ति संगीत की विशेष व्यवस्था ने श्रद्धालुओं के मन को भावविभोर कर दिया। सावन की तीसरी सोमवारी पर शिवभक्ति का जो अद्भुत दृश्य भंडरा के शिवालयों में देखने को मिला, वह श्रद्धा, आस्था और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रमाण बन गया।




### प्रशासन ने भंडारे का आयोजन किया

**भंडरा।** सावन के तीसरे सोमवार पर प्रखंड के ऐतिहासिक अखिलेश्वर धाम स्थित शिव मंदिर में भंडरा पुलिस प्रशासन ने भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पहले भगवान शिव की पूजा अर्चना की। उसके उपरांत भंडारे में खिचड़ी ग्रहण कर आशीर्वाद लिया। इधर सावन के सोमवार के दिन अखिलेश्वर धाम शिव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए। उन्होंने भगवान शिव की अराधना कर शिवलिंग पर जल अर्पण किया। इधर पूजा अर्चना के उपरांत स्थानीय युवकों द्वारा कई वर्षों से सावन के सोमवार पर भंडारे का आयोजन करवाने वाले शिवभक्त ने भी 101 किलो दूध के खीर का भंडारा लगाया। इस दौरान थाना प्रभारी अरबिंद सिंह, रोहित साहू, सोनू कुमार, अजय साहू, शेरु आदि मौजूद थे।



## सावन की तीसरी सोमवारी पर लोहरदगा से निकली 30 किलोमीटर लंबी भव्य कांवर यात्रा

- **कांवर यात्रा श्रद्धा, आस्था व सामाजिक एकता का प्रतीक : गौरव आरपी अग्रवाल**

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** सावन की तीसरी सोमवारी पर कांवरिया संघ बरवाटोली द्वारा सोमवार को लोहरदगा से गुमला स्थित देवाकी बाबाधाम के लिए 30 किलोमीटर लंबी भव्य कांवर यात्रा निकाली गई। मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर परिसर से प्रारंभ इस यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बारिश की झमाझम फुहारों के बीच भी कांवरियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। भगवा वस्त्रधारी सैकड़ों शिवभक्त "बम-बम भोले" के जयघोष के साथ डीजे की भक्ति धुनों पर झूमते हुए भोलेनाथ के जलाभिषेक हेतु रवाना हुए। इस पावन यात्रा में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने भाग लिया और श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अनुपम संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर में सुल्तानगंज से लाया गया गंगाजल की विशेष व्यवस्था आयोजन समिति के द्वारा किया गया था। यात्रा को मुख्य अतिथि गौरव आरपी अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि एसडीओ अमित कुमार, डीएसपी समीर तिर्की, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु, समिति संरक्षक सुनील अग्रवाल एवं संघ अध्यक्ष गौरव अग्रवाल उर्फ लड्डू सहित अन्य विशिष्ट जनों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा बरवाटोली से ईस्ट गोला रोड, महावीर चौक, गुदरी बाजार, अमला टोली, वीर शिवाजी चौक, हटिया गार्डन, राणा चौक, मिशन चौक समेत शहर के कई प्रमुख स्थानों से होता हुआ देवाकी बाबाधाम की ओर अग्रसर हुआ। यात्रा में उत्तर प्रदेश से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भगवान शिव और उनके गणों की जीवंत झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मार्ग में जगह-जगह स्थानीय लोगों ने श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा और जलपान के माध्यम से भव्य स्वागत किया। बारिश और लंबी पैदल यात्रा के बावजूद कांवरियों के चेहरे पर थकान नहीं, बल्कि भक्ति और आनंद की झलक साफ दिखाई दे रही थी। देवाकी बाबाधाम पहुंचकर शिवभक्त जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से अपने मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना किया। मौके पर गौरव आर. पी. अग्रवाल (मुख्य अतिथि) ने कहा की सावन की तीसरी सोमवारी पर आयोजित यह भव्य कांवर यात्रा श्रद्धा, आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है। युवाओं, महिलाओं और बच्चों की भारी भागीदारी यह दर्शाती है कि हमारी संस्कृति आज भी जीवित और सशक्त है। कांवरिया संघ बरवाटोली ने उत्कृष्ट आयोजन किया है, इसके लिए मैं उन्हें बधाई देता हूँ। भगवान भोलेनाथ सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें। एसडीओ अमित कुमार (अनुमंडल पदाधिकारी) ने कहा की बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का जोश और अनुशासन सराहनीय रहा। जिला प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए समुचित व्यवस्था की गई थी। यह आयोजन न केवल धार्मिक है, बल्कि सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को भी मजबूत करता है। डीएसपी समीर तिर्की (मुख्यालय) ने कहा की कांवर यात्रा के पूरे रूट पर सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए गए थे। पुलिस बल एवं वॉलंटियर्स की मौजूदगी ने यात्रा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित बनाने में अहम भूमिका निभाई। श्रद्धालुओं का सहयोग भी काबिल-ए-तारीफ़ रहा।

### आकाशी में ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**भंडरा।** लोहरदगा रांची रेल लाइन के अकाशी स्टेशन मे बीती रात रेल की पटरियों पर एक शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी मिलते ही जीआरपी बल मौके पर पहुंचा और शव की पहचान के प्रयास किए। जिसके बाद शव की पहचान अकाशी निवासी जुगल साहू के 24 वर्षीय पुत्र बिट्टू साहू के रूप में हुई। फिलहाल जीआरपी ने मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करा कर उसे परिजनों के हवाले कर दिया है। जानकारी के अनुसार अकाशी गांव निवासी बिट्टू साहू रविवार शाम को घर से स्टेशन की ओर निकला था,और अकाशी स्टेशन के समीप रेल लाइन से गुजर रहा था। इस दौरान माल गाड़ी की चपेट मे आने से बिट्टू की मौत हो गई। इसके बाद जीआरपी की टीम ने मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम कराया और परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इस घटना के बाद बिट्टू की पत्नी व दो संतान सहित पुरे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना को लेकर जीआरपी का कहना है कि ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हुई है।

### नूतन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित

## अनुशासन व संस्कार, लक्ष्य प्राप्ति का आधार : शशिधर

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में नूतन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद व महाविद्यालय के प्राचार्य बिपिन कुमार दास के द्वारा सरस्वती माँ, ओम और भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान पुष्पगुच्छ और अंग वस्त्र भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में 12वीं की बहनों के द्वारा स्वागत गीत और नृत्य की प्रस्तुति की गई| इतिहास की आचार्या प्रीति दीदी जी के द्वारा महाविद्यालय का परिचय रखा गया। 11वीं के भैया-बहनों के बीच 2 मिनट में भोजन करने की प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें भैया आकाश महतो ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बहन श्रेया जयसवाल, मंजू आईद और राहुल उरांव का प्रयास भी काफी सराहनीय रहा। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने नूतन छात्र अभिनंदन समारोह कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि विद्या भारती के इन विद्यालयों का उद्देश्य, पाठ्यक्रम को पूरा करने के साथ-साथ भैया-बहनों में देश भक्ति भरना है। उपाध्यक्ष विनोद राज जी ने भैया-बहनों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए, पठन-पाठन के साथ अन्य कार्यक्रमों में भैया-बहन बढ़-चढ़कर आगे आए। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि भैया-बहनों में प्रतिभा की कमी नहीं है। अनुशासन और संस्कार, लक्ष्य प्राप्ति का आधार है। कार्यक्रम का संचालन यशोदा कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन रितेश पाठक ने कराया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा**
**(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)**

**अतिअल्पकालीन ई– निविदा आमंत्रण सूचना**

**अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या– RDD/SD/LOHARDAGA/E-03/2025-26(2nd Call)**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | किस्को प्रखण्ड के ग्राम नवाडीह में मजहर अंसारी के घर से श्मशान घाट की ओर पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 11,73,650.00 | 23,500.00 | 2500.00 | 2 माह |
| 2 | सेन्हा प्रखण्ड के ग्राम सेन्हा में पंचम महतो के घर से महेश केरकेट्टा के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 9,62,650.00 | 19,300.00 | 1250.00 | 2 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 31.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 31.07.2025 से दिनांक 06.08.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, लोहरदगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 08.08.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा।
7. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दुरभाश संख्या :– 06526–295021
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा

PR 358371 (Lohardaga)25-26*D



**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**
**जिला- लातेहार**

**अति अल्पकालिन कोटेशन आंमत्रण सूचना सं0 18/2025–26**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शहरी क्षेत्र लातेहार अंतर्गत स्वच्छ भारत मीशन एवं अन्य कार्यों हेतु नगर निकाय क्षेत्र के विभिन्य स्थानों पर साईन बोर्ड, फलैक्स, बैनर, दिवाल लेखन, बैंनर फ्रेम के साथ, विनाईल स्टीकर, सनबोड एवं अन्य कार्य हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता/फर्म से दिनांक 04.08.2025 तक संबंधित कार्य हेतु सभी कर सहित अपना कोटेशन नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त कोटेशनदाता से दर प्राप्त होने के उपरांत न्युनतम दरदाता की स्वीकृति प्रदान करते हुये कार्यादेश निर्गत की जायेगी। कार्यादेश निर्गत की तिथि से संबंधित कार्य को 20 दिनों के अन्दर पूर्ण करना आवश्यक होगा। किसी भी समय इस कार्य को रद्ध करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। आपूर्तिकर्ता/फर्म को कोटेशन के साथ पैन कार्ड, जी0एस0टी0, अध्यतन एकनॉलेजमेंट, GST 3B, आधार कार्ड, एवं प्रतिश्ठित प्रतिशठान का निबंधन का प्रमाणक संलग्न करना आवश्यक होगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR.NO.358363 Urban Development(25-26):D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
**(नोटिस)**

नाम–(1) मृत्युंजय भुईयां उर्फ मृत्युंजय जी, उर्फ अवधेश जी, उर्फ फरेश भुईयां पिता–बाबूलाल भुईयां, सा0–चकलवा नावाडीह थाना–छीपादोहर, जिला–लातेहार, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप भण्डरिया थाना कांड सं0–45/2023, दिनांक–15.07.2023 धारा–307, 427, 511, 120(बी) भा0द0वि0 एवं 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा के द्वारा इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–20.07.2025 को इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से भी फिरार चल रहे है। अत: आपको सूचित किया जाता है कि आप अविलंब दिनांक–30.08.2025 तक माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पन करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 358338 Police(25-26).D



**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**
**जिला- लातेहार**

**विज्ञापन संख्या– 15/2025–26 (2nd Call)**
**संविदा अधारित नियुक्ति**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड सरकार, रांची के पत्रांक 328 (ADM) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में लातेहार जिले के चन्दनडीह सामुदायिक भवन में 15वें वित आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Ayushman Arogya Mandir के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 07.08.2025 को पूर्वाहन् 11:30 बजे नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में Walk in interviiew निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकितसकों से निम्नांकित भार्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| कं0 सं0 | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01 | पदनाम | **General Duty Medical Officer** |
| 02 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 03 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04 | मानदेय | रू0 63000/– (तिरसठ हजार रू0 मात्र) |
| 05 | कुल रिक्तियां | 01 (एक) |
| 06 | चयनित चिकित्सकों द्वार भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से भानिवार (कार्य अवधि 08 घण्टा) | |

दिनांक 07.08.2025 को पूर्वाहन् 11:30 बजे नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ उपस्थित होना होगा।

पशासक,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR.NO.358381 Urban Development(25-26):D



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग,**
**(भूमि संरक्षण निदेशालय) झारखण्ड, राँची।**
**कार्यालय– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज।**
**E-Mail ID – dscopalamu2019@gmail.com**

**वित्तीय वर्ष 2025–26 में "जलनिधि" योजनान्तर्गत डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण हेतु कृषकों के लिए आम–सूचना**

झारखण्ड राज्य योजनान्तर्गत कृषि को बढ़ावा देने, बहुफसलीय कृषि के विकास, मानसून पर पलामू जिले के कृषकों की निर्भरता कम करने हेतु विभिन्न श्रोतों से सिंचाई की समुचित व्यवस्था हेतु डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण हेतु **"जलनिधि"** नामक योजना वित्तीय वर्ष 2015–16 से प्रारंभ की गई है। जिससे कृषि योग्य भूमि को सिंचित और बहुफसलीय कृषि को बढ़ावा दिया जा सके। राज्य योजनान्तर्गत **वित्तीय वर्ष 2025–26** में राज्य के कृषकों को सिंचाई संसाधन उपलब्ध कराने हेतु जलनिधि उप योजनान्तर्गत परकोलेशन टैंक निर्माण एवं डीप बोरिंग योजना का स्वरूप निम्नवत हैं:–

**(I) डीप बोरिंग की योजना**

| कार्य योजना | पात्रता | भौतिक लक्ष्य | | अनुदान की राशि | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | OSP | SCSP | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| योजनान्तर्गत 6 इंच Diameter deep boring, submersible pump 1.5HP, आवश्यक Accessories एवं संस्थापन (Installation) के साथ | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। जिससे विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत् पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में **न्यूनतम 5 एकड़ भूमि** होना अनिवार्य होगा। | 15 | 06 | 3.50 लाख | 90 प्रतिशत (3.15 लाख) | 10 प्रतिशत (0.35 लाख) |

**(ii) परकोलेशन टैंक निर्माण की योजना**

| कार्य योजना | पात्रता | भौतिक लक्ष्य | | अनुदान की राशि | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | OSP | SCSP | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| Length of Percolation Tank 120ft. width of Percolation Tank 100ft. Depth of Percolation Tank 12ft. Length of Bound-370ft. Side Slope-1:1 | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। जिससे विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में **न्यूनतम 10 एकड़ भूमि** होना अनिवार्य होगा। | 102 | 50 | 4.30 लाख | 90 प्रतिशत (3.87 लाख) | 10 प्रतिशत (0.43 लाख) |

**डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक निर्माण के लिए आवेदन–पत्र जमा करने की अंतिम तिथि:– 30.08.2025**

**कृषक/संस्था का चयन**

1. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लघु/सीमान्त कृषक/महिला कृषकों/इच्छुक कृषकों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।
2. जिन कृषकों/कृषक समूहों को पूर्व में डींप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है, उनकी पात्रता **"जलनिधि उपयोजना"** के लिए मान्य नहीं होगी।
3. योजना के कार्यान्वयन में 'त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था' की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी एवं योजना बनाओं अभियान के तहत् ग्राम सभा द्वारा चयनित योजनाओं तथा माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जाएगी।

**आवेदन की प्राप्ति**

(i) पलामू जिला के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र–I में आवेदन प्राप्त किया जायेगा।
(ii) इच्छुक कृषकों/कृषक समूहों के द्वारा आवेदन पत्र निश्चित समय सीमा के अंदर भूमि संरक्षण कार्यालय, डालटनगंज से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।
(iii) आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ भूमि संरक्षण कार्यालय, डालटनगंज में जमा लिया जायेगा।
1. संबंधित योजना ग्राम–सभा में पारित होना चाहिए एवं पारित प्रस्ताव की छायाप्रति मुखिया द्वारा अभिप्रमाणित होना चाहिए।
2. जमीन का अद्यतन रसीद एवं अंचालाधिकारी द्वारा भूमि स्वामित्व का भूमि प्रतिवेदन (चेक स्लिप)।
3. भूमि मालिक का सहमति पत्र एवं वंशावली में मुखिया के द्वारा अभिप्रमाणित किया जाना अनिवार्य है।
4. लाभुक द्वारा शपथ पत्र दिया जायेगा कि इसके जल का सिंचाई कार्य में सार्वजनिक उपयोग होता रहेगा एवं पानी पंचायत के सदस्यों के द्वारा कोई बाधा उत्पन्न नहीं की जायेगी।
5. योजना स्थल का कार्य प्रारम्भ से पूर्व का Geo-Tag लाभुक के साथ रंगीन फोटोग्राफ।
6. गाँव के नक्शे पर संबंधित योजना को चिन्हित कर नक्शे की छायाप्रति।
7. पहचान पत्र (आधार कार्ड की छायाप्रति)।
8. अपूर्ण कागजात के साथ प्राप्त आवेदन को स्वीकार/स्वीकृत नहीं किया जायेगा।

**उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारी के लिए निम्न पते पर संपर्क किया जा सकता है।**

**कार्यालय का पता:–** भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज।
पलामू समाहरणालय, के ब्लॉक– C
द्वितीय तल्ला डालटनगंज
दुरभाष संख्या:–06562–230223

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
डालटनगंज।

PR 358337 (District) 25-26 (D)

# न्यूज बॉक्स

## कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने निकाली प्रभातफेरी, नशामुक्ति का दिया संदेश



**भरनो।** भरनो प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने सोमवार की सुबह स्वच्छता और नशामुक्ति के समर्थन में प्रभातफेरी निकालकर समाज को जागरूकता का संदेश दिया। छात्राओं ने हाथों में स्लोगन वाली तख्तियां लेकर "नशा छोड़ो, जीवन संवारो", "स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत" जैसे नारे लगाए और आम लोगों से नशा छोड़ने एवं स्वच्छता अपनाने की अपील की। यह प्रभातफेरी विद्यालय परिसर से आरंभ होकर ब्लॉक चौक होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। इस अभियान में विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। प्रभातफेरी ने न केवल छात्राओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को जागृत किया, बल्कि स्थानीय लोगों के बीच एक सकारात्मक संदेश भी छोड़ा।

## रक्तदान शिविर में महिलाओं की सराहनीय भागीदारी, इस अभियान में जुड़ने की अपील



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के दिशा-निर्देश पर भरनो प्रखंड कार्यालय परिसर में आज रक्तदान शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। शिविर का संचालन प्रखंड प्रमुख पारसनाथ उरांव एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ। शिविर की खास बात रही महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी, जिसने मानवता के इस कार्य को और प्रेरणादायक बना दिया। बाल विकास परियोजना से जुड़ी कई आंगनबाड़ी सेविकाओं ने स्वेच्छा से रक्त जांच कराकर रक्तदान में भाग लिया। प्रमुख रक्तदाताओं में सविता मिंज, किरण कुमारी, संगीता कुमारी, अलका देवी एवं प्रहलाद उरांव शामिल रहे। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नीलम केरकेट्टा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामकृष्ण ओहदार, पंचायत समिति सदस्य जहांगीर आलम, महिला पर्यवेक्षिका उर्मिला देवी, सुमन देवी सहित स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मी मौजूद रहे और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर जरूरतमंदों की जान बचाने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा, "रक्तदान एक सुरक्षित प्रक्रिया है, जो न केवल किसी का जीवन देता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है।"

## चैंबर ऑफ कॉमर्स ने बिजली समस्या को लेकर कार्यपालक अभियंता से की मुलाकात



**गुमला।** सोमवार को गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता विनय कुमार से उनके कार्यालय में मिला। मुलाकात का उद्देश्य शहरी क्षेत्र में लगातार बढ़ती बिजली संबंधित समस्याओं को लेकर चर्चा करना था। अध्यक्ष राजेश सिंह ने प्रमुख रूप से यह चिंता जताई कि नगर क्षेत्र में कोई ट्रांसफार्मर खराब होने या उड़ जाने की स्थिति में उसकी मरम्मत या प्रतिस्थापन में अत्यधिक विलंब होता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि धोबी मोहल्ला का ट्रांसफार्मर दो दिन पूर्व उड़ गया था, लेकिन अब तक उसे बदला नहीं जा सका है, जिससे स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग द्वारा केवल इतना आश्वासन दिया गया कि गुमला में ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं है, और लोहरदगा से ट्रांसफार्मर मंगवाने की कोशिश की जा रही है। चेंबर अध्यक्ष ने सुझाव दिया कि यदि गुमला में एक के बजाय चार से पांच ट्रॉली ट्रांसफार्मर उपलब्ध हों, तो इस प्रकार की समस्या से त्वरित निपटा जा सकता है। साथ ही, ट्रांसफार्मर लाने और ले जाने के लिए पिकअप वैन एवं हाइड्रा जैसे संसाधनों की व्यवस्था भी विभाग द्वारा की जानी चाहिए। इस पर कार्यपालक अभियंता विनय कुमार ने बताया कि उन्होंने पूर्व में भी उच्चाधिकारियों को ट्रॉली ट्रांसफार्मर की आवश्यकता के संबंध में पत्र लिखा था और फिर से प्रयास किया जाएगा कि गुमला में कम से कम चार ट्रॉली ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए जाएं। निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने बैठक के दौरान लंबित मीटर रीडिंग को शीघ्र पूरा करने की मांग की। इस पर विभाग ने आश्वस्त किया कि चार दिनों के भीतर सभी लंबित मीटर रीडिंग पूर्ण कर ली जाएंगी, साथ ही स्मार्ट मीटर में हो रही तकनीकी गड़बड़ियों को लगातार सुधारा जा रहा है। बैठक के दौरान चैंबर सचिव बबलू वर्मा समेत अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



गुमला। चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिषद में सोमवार को टीबी (क्षय रोग) उन्मूलन के लिए एक विशेष उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य चैनपुर प्रखंड को पूरी तरह से टीबी मुक्त बनाने की दिशा में स्वास्थ्यकर्मियों, अधिकारियों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों को जागरूक करना और उन्हें सहयोग हेतु प्रेरित करना था। इस अवसर पर जिला यक्ष्मा केंद्र के पीपीएम कोऑर्डिनेटर हरिशंकर मिश्रा ने टीबी उन्मूलन में समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भूमिका पर बल देते हुए कहा कि, "जिले की उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित सहित प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग टीबी उन्मूलन को लेकर पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। चैनपुर प्रखंड को इस दिशा में विशेष रूप से प्राथमिकता दी गई है। श्री मिश्रा ने बताया कि चैनपुर क्षेत्र में घर-घर जाकर 'सर्व टू डोर' सर्वेक्षण के माध्यम से संभावित टीबी मरीजों की पहचान की जा रही है। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को सर्वेक्षण कार्य सटीक, संवेदनशील एवं जिम्मेदारीपूर्वक करने की सलाह दी, ताकि कोई भी संभावित रोगी जांच से वंचित न रह जाए। सभी संदिग्ध मरीजों की समय पर जांच हो, रोगियों को पूरा इलाज एवं दवा समय पर मिले, सतत निगरानी और फॉलोअप किया जाए। कार्यक्रम में टीबी की रोकथाम, लक्षण, इलाज की प्रक्रिया, सरकारी सहायता एवं सामाजिक जागरूकता जैसे बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। श्री मिश्रा ने स्वास्थ्यकर्मियों को यह भी बताया कि जागरूकता और समय पर उपचार ही टीबी उन्मूलन का सबसे बड़ा हथियार है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने चैनपुर प्रखंड को शीघ्र टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया और टीबी के खिलाफ सामूहिक लड़ाई में प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं आम जनता के समन्वित प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया।

# डुमरी क्षेत्र में गूंजे जयकारे, माहौल हुआ भक्तिमय

नवीन मेल संवाददाता



**डुमरी (गुमला)।** सावन माह के तीसरे सोमवार को बाबा टांगीनाथ धाम में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भोर से ही मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र शिवभक्ति में डूबा रहा। भक्तों की भीड़ इतनी थी कि सुबह चार बजे से ही मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। गंगाजल, बेलपत्र, फूल और प्रसाद के साथ 'बोल बम', 'हर हर महादेव' के उद्घोष करते श्रद्धालु बाबा टांगीनाथ के दर्शन को आतुर नजर आए। पूरे भक्तिभाव और विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं ने बाबा का जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर भक्ति, श्रद्धा और उल्लास से सराबोर रहा। श्रद्धा के रंग में रंगी कांवरियों की टोलियां, जगह-जगह गूंजते भोलेनाथ के भजन, नाचते-गाते भक्त—यह दृश्य बाबा की नगरी को पूरी तरह शिवमय बना रहा। इस बार सिर्फ झारखंड ही नहीं, बल्कि ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से भी हजारों श्रद्धालु बाबा के दरबार में पहुंचे। महिला, पुरुष, बच्चे और वृद्ध सभी में अद्भुत उत्साह देखने को मिला। डाक कांवरियों की टोली विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जो जोश और आस्था के साथ दौड़ते हुए बाबा के दर्शन को पहुंचे।

प्रशासनिक स्तर पर भी व्यापक तैयारियां की गई थीं। मंदिर परिसर और प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती, महिला पुलिस की व्यवस्था, चिकित्सा सहायता, पेयजल सुविधा, स्वच्छता व्यवस्था और यातायात नियंत्रण की मुकम्मल व्यवस्था रही। स्थानीय युवाओं और स्वयंसेवकों की टीम श्रद्धालुओं की सेवा में निरंतर लगी रही। केवल टांगीनाथ धाम ही नहीं, बल्कि डुमरी प्रखंड के रुद्रपुर, कुरूमगढ़, बसिया और बिशुनपुर सहित विभिन्न शिवालयों में भी भक्तों की भीड़ उमड़ी। रुद्रपुर के बाबा भूतनाथ मंदिर, कुरूमगढ़ के प्राचीन शिवालय और बसिया के शिवधाम में सुबह से ही जलाभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना का क्रम जारी रहा। सावन के तीसरे सोमवार को बाबा टांगीनाथ धाम में उमड़ी यह अगाध श्रद्धा और भक्ति की भीड़, भगवान शिव के प्रति आस्था का जीवंत प्रमाण रही।

## देवाकी बाबाधाम मंदिर में तीसरी सोमवारी में उमड़ी श्रद्धालुओं भीड़



**घाघरा।** घाघरा के प्रसिद्ध देवाकी बाबाधाम मंदिर में तीसरी सोमवारी को लेकर अहले सुबह से ही शिवभक्तों की भीड़ उमड़ी पड़ी है सोमवार को सुबह से ही भगवान शिवलिंग में लगभग तीन हजार कांवरियों ने जलाभिषेक किए शिवभक्तों की सुबह से ही लम्बी लाईन लगी हुई है बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे यूवा भक्तों ने दूध, पुष्प, विल्व पत्र अर्पित कर भगवान शिव से सुख समृद्धि की कामना की हर हर महादेव एवम बोलबम के नारे से वातावरण गुंजायमान रहा। इसको लेकर भक्तों ने उपवास भी किया। फलाहार कर भक्तों ने भगवान शंकर से कल्याण का आशीर्वाद मांगा।वही देवाकी बाबाधाम प्रबंधन समिति के द्वारा शिव भक्तों के लिए लंगर की व्यवस्था की जाती है वही सुरक्षा को लेकर पुलिस बल की जगह-जगह तैनाती की गई है देवाकी बाबाधाम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिलीप कुमार साहू, सचिव किशोर जयवाल, प्रेम कुमार साहू, प्रदीप प्रसाद, संजय सिन्हा, प्रमोद साहू, अशोक उरांव, अजीत साहू, संजय शर्मा, पंकज कुमार, नीरज सिंह, एवं काफी संख्या में सदस्य जन उपस्थित रहे।

## आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न

# डीसी ने राशन कार्ड अपडेट करने का निर्देश दिया

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आज उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित खाद्य सुरक्षा एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली से संबंधित योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में धान अधिप्राप्ति योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत चावल एवं आटा वितरण, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, ग्रीन राशन कार्ड योजना, नवीन राशन कार्ड वितरण, नमक-चीनी-चना दाल वितरण, ई-केवाईसी, तथा पीएमजीएस पोर्टल पर लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। अब तक 6,35,640 राशन कार्डधारियों का ई-केवाईसी कार्य पूर्ण हो चुका है। एनएफएसए अंतर्गत अगस्त माह तक 37,06,168 लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण (83.2%) किया गया है। ग्रीन राशन कार्ड योजना के तहत जुलाई माह तक 18,674 लाभुकों को खाद्यान्न वितरित (70.53%) किया गया है। चना दाल वितरण मई तक 1,43,158 कार्डधारियों को प्रदान (73.09%) किया गया है। डाकिया योजना के तहत पीवीटीजी समूह के 1,20,175 लाभुकों में से 96.81% को राशन वितरण किया जा चुका है। शेष लाभुकों तक शीघ्र राशन पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। सभी योजनाओं का वितरण प्रतिशत 100% तक ले जाने हेतु सघन प्रयास किए जाएं। अयोग्य लाभुकों की पहचान कर राशन कार्ड डिलिशन की प्रक्रिया तेज की जाए। प्रत्येक प्रखंड में राशन दुकानों का नियमित निरीक्षण किया जाए और रिपोर्ट कार्यालय को सौंपी जाए। कार्ड अपडेट, लंबित शिकायतों का त्वरित समाधान, तथा योजनाओं के लाभ समयबद्ध रूप से पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना प्राथमिकता में रखा जाए। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागीय कर्मी उपस्थित रहे।

## जन शिकायत निवारण दिवस सम्पन्न, 28 में से 6 मामलों का मौके पर निष्पादन

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न प्रखंडों में आयोजित हो रहे जन शिकायत निवारण दिवस के तहत आज दिनांक 28 जुलाई 2025 को प्रखंड सह अंचल कार्यालय, पालकोट में जन सुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी ने की। शिविर के दौरान कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें पेंशन संबंधित - 6,राशन कार्ड - 1,आय प्रमाण पत्र - 6,आवासीय प्रमाण पत्र - 6,जाति प्रमाण पत्र - 7,प्रधानमंत्री आवास योजना - 2 आवेदन शामिल रहे। प्रशासन की तत्परता के चलते 6 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। शेष 22 आवेदनों को आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया एवं विभागीय कार्रवाई के लिए संबंधित शाखाओं को अग्रसारित कर दिया गया है। जन शिकायत निवारण दिवस का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि उन्हें जिला मुख्यालय तक बार-बार न आना पड़े और समय एवं संसाधनों की बचत हो सके। इस अवसर पर प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

## चैनपुर-गुमला मार्ग पर अल्केसिया का विशाल पेड़ गिरने से घंटों बाधित रहा आवागमन



**चैनपुर।** सोमवार को चैनपुर प्रखंड के बेंदोरा पंचायत भवन के पास एक विशाल अल्केसिया का पेड़ अचानक मुख्यमार्ग पर गिर गया, जिससे चैनपुर-गुमला मार्ग घंटों बाधित रहा। इस घटना के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यह घटना सावन की तीसरी सोमवारी के दिन हुई, जब बड़ी संख्या में श्रद्धालु टांगीनाथधाम में जलाभिषेक के लिए जा रहे थे। गनीमत रही कि पेड़ गिरने से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।घटना की सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने तत्काल मुखिया सुशील दीपक मिंज को इसकी जानकारी दी। मुखिया ने तत्परता दिखाते हुए ग्रामीणों की मदद से एक मशीन कटर की व्यवस्था की और गिरे हुए पेड़ को काटकर हटाने का कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद सड़क से मलबा हटाया जा सका और कई घंटों बाद आवागमन सामान्य हो पाया।इस घटना ने प्रखंड क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े जर्जर और सड़क पर झुके हुए पेड़ों की ओर ध्यान खींचा है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे कई पेड़ कभी भी गिरकर बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा और अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि ऐसे खतरनाक पेड़ों की पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द हटाया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके और जनहानि व माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## घाघरा शहर में घुसा जंगली हाथी लोगों मे दशहत का मौहल



**घाघरा।** घाघरा जंगल से भटक कर घाघरा मुख्यालय से सटे चापका गांव पहुंचा एक जंगली हाथी दो घरों को बनाया निशाना लोगों में दशह्त का मौहल। जानकारी के अनुसार जंगली हाथी अपने दल से भटक कर एक हाथी घाघरा के चपका गांव पहुंच जहां दो घरों को अपने निशाना बनाया। जानकारी के अनुसार निर्मल साहू के दुकान का शटर को हाथी के द्वारा आंशिक क्षति पहुंचाया गया जिसके बाद हाथी भटक कर घाघरा शहर की ओर आने लगा घाघरा पुल के पास प्रतिभा किराना दुकान के शटर को तोड़कर उसमें रखे चार पांच बोरी धान एवं चावल को चट कर गया। सबसे बड़ी बात यह है कि गजराज के द्वारा किसी भी व्यक्ति को जान माल की क्षति नहीं पहुंचाई जिस गांव से हाथी गुजर वहां के युवा हाथी को भगाने के लिए उसके पीछे-पीछे निकल पड़े और घाघरा पहुंचने पर सैकड़ो की संख्या पार कर गई ग्रामीणों के साथ-साथ वन विभाग की टीम भी थी मौजूद रही जिसकी सूचना घाघरा पुलिस को भी सूचना दे दी गई थी पुलिस ने सावधानी के लिए गुमला लोहरदगा मुख्य मार्ग पर गाड़ी का प्रवेश थोड़े देर के लिए रोक दिया गया था। घाघरा का सबसे भीड़ भाड़ वाला इलाका चांदनी चौक में हाथी के प्रवेश करने के बाद कॉलेज रोड होते हुए टोंकाटोली होते हुए कोटामाटी गांव होते हुए हाथी को हहरी पत्ररा की ओर निकाल दिया गया। इसके अलावा हाथियों को देखने के लिए ग्रामीणों को भीड़ उम्रपड़ी झुंड से भटक कर एक हाथी घाघरा मुख्यालय के करीब में पहुंच गया।

## नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न

# साक्षरता को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड के तत्वावधान में 'उल्लास - नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' के अंतर्गत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), गुमला में एक दिवसीय जिला स्तरीय समीक्षा सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत राज्य नोडल पदाधिकारी मनोज कुमार निराला, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां एवं डायट प्राचार्य प्रियश्री भगत द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। इस प्रशिक्षण में सभी 12 प्रखंडों के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, एक-एक बीआरपी, सीआरपी, कंप्यूटर ऑपरेटर, रिसोर्स ग्रुप के शिक्षक शामिल हुए। अतिथियों को पौधा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत संचालित यह कार्यक्रम जिले में साक्षरता को जन-आंदोलन बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां ने बताया कि उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के नेतृत्व में गुमला जिले में अब तक 7701 असाक्षरों की पहचान कर 917 स्वयंसेवकों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण, जिला स्तर से प्रखंड स्तर तक साक्षरता मिशन को मजबूती देने में सहायक सिद्ध होगा। अपने संबोधन में राज्य नोडल पदाधिकारी मनोज कुमार निराला ने कहा कि साक्षरता का मतलब सिर्फ पढ़ना-लिखना नहीं, बल्कि यह जीवन कौशल, डिजिटल ज्ञान, वित्तीय साक्षरता और नागरिक शास्त्र से भी जुड़ा है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से इस कार्यक्रम को एक जन-आंदोलन का रूप देने का आह्वान किया।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**
**आवश्यक सूचना।**
**(नोटिस)**

नाम–(1) राजू भुईयां उर्फ राजू जी, पिता–छोटेलाल भुईयां, सा0–लवाही, थाना–डंडई, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप भण्डरिया थाना कांड सं0–45/2023, दिनांक–15.07.2023 धारा–307, 427, 511, 120(बी) भा0द0वि0 एवं 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा के द्वारा इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–22.07.2025 को इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से भी फिरार चल रहे है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप अविलंब दिनांक–30.08.2025 तक माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पन करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 358336 Police(25-26)D

**समाहरणालय गढ़वा**
**(डिस्ट्रिक्ट ई–गवर्नेंस सोसाईटी)**

**आदेश**

प्रखण्ड तथा जिला स्तरीय सम्पर्क क्षेत्र के माध्यम से प्रायः ऐसी जानकारी प्राप्त हो रही है कि ग्रामीणों को सरकार की लाभकारी योजनाओं एवं उससे संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी नहीं होने के कारण योजनाओं के आच्छादन में परेशानी हो रही है एवं उचित समय पर योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है। निरीक्षण के दौरान प्रायः ऐसा देखा जाता है कि प्रज्ञा केन्द्रों पर Banner, Poster एवं Rate Chart उपलब्ध नहीं होते है, जिसके अभाव में नागरिकों को योजनाओं से संबंधित जानकारी नहीं मिल पाती है।

अतः गढ़वा जिला अंतर्गत कार्यरत सभी प्रज्ञा केन्द्र संचालकों को निर्देश दिया जाता है कि सभी CSC VLEs अपने–अपने केन्द्र पर CSC से संबंधित अद्यतन Banner, Poster एवं Rate Chart दिनांक–15 अगस्त 2025 तक अनिवार्य रूप से लगाना सुनिश्चित करेंगे, ताकि **प्रज्ञा केन्द्रों पर कौन–कौन सी सेवाएँ मिलती हैं, इन सेवाओं को प्राप्त करने के लिए किन–किन दस्तावेजों की आवश्यकता है तथा इन सेवाओं के लिए कितना शुल्क निर्धारित है**, इसके प्रति आम नागरिक जागरूक हो सकें। यदि निर्धारित समय तक उक्त निर्देश का अनुपालन आपके द्वारा नहीं किया जाता है तो समुचित कार्रवाई करते हुए **CSC ID निरस्त** करने की कार्रवाई कर दी जायेगी।

नोटः– उपरोक्त आदेश से संबंधित विस्तृत्त जानकारी गढ़वा जिला के अधिकारिक वेबसाईट *https://garhwa.nic.in* पर देखी जा सकती है।

ह०/–
उपायुक्त–सह–अध्यक्ष
डिस्ट्रिक्ट ई–गवर्नेंस सोसाईटी,गढ़वा

PR 358413 (District)25-26*D

**न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।**

अनुमति वाद संख्या–127/2025

**आम इस्तेहार**

आवेदक सारू उरांव पिता–स्व0 एतवा उरांव वो विशेश्वर उरांव वो रामकेश्वर उरांव वो रामबृक्ष उरांव वो राम कुमार उरांव चारों के पिता–पूरना उरांव वो कामेश्वर उरांव पिता–स्व0 बालदेव उरांव महेश उरांव वो महेन्द्र भंवरा उरावं दोनों के पिता–स्व0 भंवरा उरांव वो झरी उरांव पिता–स्व0 मंगा उरांव सभी निवासी ग्राम+पो0–चकला, थाना+अंचल–चन्दवा, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स हिण्डाल्को इण्डस्ट्री लि0, 21वीं मंजिल प्रथम अंतराष्ट्रीय केन्द्र टॉवर–4, प्रभादेवी, प्रभादेवी रेलवे स्टेशन के पास सेनापति बापत मार्ग, मुम्बई–400013 वर्तमान पता–ग्राम+पो0–चकला, थाना–चन्दवा, जिला– लातेहार के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़) |
|---|---|---|---|
| चकला | 94 | 1062 | 0.72 |
| | | 1280 | 0.90 |
| | | कुल– | **1.62** |

एतद् द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR 358402 (District) 25-26 (D)

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला कौशल कार्यालय, लोहरदगा।**

**आम सूचना**

**"होटल प्रबंधन के क्षेत्र में दक्षता प्राप्त कर रोजगार के सुनहरे अवसर"**

जिला प्रशासन लोहरदगा द्वारा Institute of Hotel Management, Catering Technology and Applied Nutrition (होटल प्रबंधन खानपान तकनीक एवं पोषण आहार संस्थान) ब्राम्बे, राँची के साथ लोहरदगा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के 10वी/12वी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को होटल प्रबंधन के क्षेत्र में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु MOU किया गया है।

Institute of Hotel Management ब्राम्बे, राँची में अगस्त, 2025 से प्रारंभ होने वाले निम्नांकित कोर्स हेतु लोहरदगा जिला के होटल प्रबंधन क्षेत्र में रोजगार के इच्छुक युवक/युवती अपने प्रखण्ड मुख्यालय/जिला योजना कार्यालय, लोहरदगा में दिनांक 14.08.2025 तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन जमा कर सकते है :–

| S.No. | Name of Course | Qualification | Duration |
|---|---|---|---|
| 1 | Diploma in Front Office | 10+2 Pass | 1 Year +06 Months Training |
| 2 | Diploma in Housekeeping | 10+2 Pass | 1 Year + 06 Months Training |
| 3 | Craftsmanship Certificate course in food production and patisserie. | 10th Pass | 1 Year + 06 Months Training |

18 से 35 वर्ष के युवाओं/युवतियों का चयन उक्त प्रशिक्षणों के लिये किया जायेगा। चयनित एवं सुरक्षित आवेदकों को प्रशिक्षण हेतु भेजने से पूर्व संस्थान द्वारा कॉन्सलिंग की जायेगी तत्पश्चात् इच्छुक एवं योग्य अभ्यार्थियों को निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध संस्थान प्रशिक्षणार्थ भेजा जायेगा। आवेदन प्रपत्र www.lohardaga.nic.in से download किया जा सकता है अथवा किसी भी कार्यालय दिवस के दिन कार्यालय अवधि में संबंधित प्रखण्ड कार्यालयों/जिला योजना कार्यालय, लोहरदगा एवं जिला कौशल कार्यालय, लोहरदगा से प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही किसी भी संशय के निराकरण हेतु मोबाईल नं0. 9835947062/6204070626/8340350140/8877326671 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला कौशल पदाधिकारी
लोहरदगा।

PR 358399 (Lohardaga) 25-26 (D)

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जिस तरह से विभिन्न स्रोतों से उत्पन्न धाराएं अपना जल समुद्र में मिला देती हैं, उसी प्रकार मनुष्य द्वारा चुना हर मार्ग चाहे वह अच्छा हो या बुरा, भगवान तक जाता है। - **स्वामी विवेकानंद जी**

## संपादकीय

# पारदर्शी व सरल हो जीएसटी

अलग-अलग राज्यों में सेवा कर सहित अन्य उलझनों को दूर करने के लिए आर्थिक उदारीकरण के बाद सबसे बड़े आर्थिक सुधार के तहत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की परिकल्पना की गई। इसे टैक्स वसूली तथा कारोबारियों को राहत देने की दिशा में एक गेम चेंजर माना गया। लेकिन इसकी शुरुआत से लेकर अब तक कई तरह की समस्याएं आती रही हैं। कारोबारियों को बताया गया कि उनके लिए टैक्स भरना पहले से भी आसान होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जीएसटी को सुचारु ढंग से लागू करने के लिए एक जीएसटी काउंसिल बनाई गई थी, जिसमें सभी राज्यों के प्रतिनिधि थे। अब भी जीएसटी काउंसिल ही इसका काम देखती है। यह भारत सरकार के वित्त विभाग के अंतर्गत नहीं है। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण इसकी अध्यक्षता भर करती हैं। उन्हें अपने बूते कोई फैसला करने का अधिकार नहीं है। वहां जो भी फैसले होते हैं, वे बहुमत से होते हैं। इसी कारण कई बार कुछ बड़े फैसले अटक जाते हैं। जनता की तरह वित्तमंत्री की भी इच्छा रही है कि पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाया जाए, ताकि पूरे देश में इसका मूल्य एक समान हो, पर बहुत से सदस्य इसका विरोध करते हैं। वे अपने राज्य के हित में ऐसा नहीं होने देते। जब भी किसी राज्य को अपना राजस्व बढ़ाना होता है, वह तुरंत ही पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा देता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण है कर्नाटक, जहां इनकी कीमतें सबसे ज्यादा हैं। अगर यह जीएसटी के दायरे में होता, तो ऐसा संभव नहीं था। कारोबारी और व्यापारी भी अब तक जीएसटी भुगतान में सहज नहीं हो पाए हैं। जीएसटी में कई विसंगतियां हैं। मसलन, दो तरह के सामान, जो मिलकर एक उत्पाद बनते हैं, उन पर अलग-अलग टैक्स दरें हैं। यह कारोबारियों के लिए एक परेशानी है। अगर हम भारत के पॉपुलर स्नैक बन मस्का को देखें, तो पाएंगे कि बन पर टैक्स की दर अलग है और मस्का यानी मक्खन पर अलग। अब व्यापारी किस दर से टैक्स लेगा? रेस्तरां में रोटी पर कम टैक्स है, तो पराठे पर ज्यादा। बिना एसी वाले रेस्तरां के लिए अलग दर है, तो एसी वाले के लिए अलग। खुले सामान पर कोई टैक्स नहीं है, लेकिन पैकेट में आते ही उस पर टैक्स लगेगा। ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं, जो जीएसटी की विसंगतियां बताते हैं। इसके अलावा कई सेवाओं पर 18 फीसदी का भारी-भरकम टैक्स भी है। एक ओर सरकार जनस्वास्थ्य को लेकर चिंता जताती है, तो दूसरी ओर जीएसटी काउंसिल ने हेल्थ इंश्योरेंस पर 18 फीसदी जीएसटी लगाई है। कारोबारियों की मांग है कि टैक्स दरों में विसंगति न हो और उन्हें तार्किक बनाया जाए। इस समय टैक्स के चार स्लैब हैं-5,12,18 और 28 फीसदी। इन्हें घटाकर तीन स्लैब करना चाहिए। इन दरों को तर्कसंगत बनाने से वैधानिक मामले कम हो जाएंगे। साथ ही, जीएसटी की रिटर्न प्रणाली और इनपुट टैक्स क्रेडिट नीति में भी बदलाव की जरूरत है। जीएसटी लागू हुए आठ वर्ष हो गए, लेकिन इसके नियमों में हर महीने बदलाव होते रहते हैं, जिससे व्यापारियों में भ्रम पैदा होता है। दूसरी तरफ, सरकार की शिकायत है कि अब भी जीएसटी की बड़े पैमाने पर चोरी हो रही है। कई राज्यों में भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से चोरी हो रही है। वर्ष 2022-23 में देश में दो लाख करोड़ रुपए की टैक्स चोरी पकड़ी गई। पिछले पांच वर्षों में केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों ने टैक्स चोरी के 86,717 मामलों का पता लगाया, जिससे 6.79 लाख करोड़ रुपए की हेराफेरी का पता लगा।

*जीएसटी को सुचारु ढंग से लागू करने के लिए एक जीएसटी काउंसिल बनाई गई थी, जिसमें सभी राज्यों के प्रतिनिधि थे।*

# आस्था से आगे : नाग पंचमी का वैज्ञानिक और मानवीय पक्ष


● नाग पंचमी पर्व पर विशेष

भारत की पावन भूमि, जहां संस्कृति और आध्यात्मिकता का अनूठा संगम हर पर्व में जीवंत हो उठता है, वहां नाग पंचमी का पर्व एक ऐसी मणि है जो प्रकृति, परंपरा और मानवता के बीच गहरा तालमेल बिठाती है। यह पर्व, जो श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है, केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति सम्मान, जैविक संतुलन और सह-अस्तित्व की भावना का जीवंत प्रतीक है। जब सावन की हरियाली धरती को नया जीवन देती है, तब नाग पंचमी का यह उत्सव हमें याद दिलाता है कि हमारी संस्कृति में हर जीव, चाहे वह सर्प हो या कोई अन्य प्राणी, इस सृष्टि की विशाल श्रृंखला का अभिन्न अंग है। यह पर्व न केवल हमारे धार्मिक विश्वासों को दर्शाता है, बल्कि सामाजिक एकता, पर्यावरण संरक्षण और नैतिक मूल्यों को भी जीवंत करता है।

नाग पंचमी का महत्व भारतीय संस्कृति के प्राचीन ग्रंथों, पुराणों और शास्त्रों में गहराई से समाया हुआ है। स्कंद पुराण, भविष्य पुराण और नारद पुराण जैसे ग्रंथों में इस पर्व का उल्लेख मिलता है, जहां नागों को प्रकृति की रक्षा करने वाली शक्ति और धरती की उर्वरता का प्रतीक माना गया है। भारत में नागों को केवल एक सर्प नहीं, बल्कि दैवीय शक्ति का प्रतीक माना जाता है। भगवान शिव के गले में लिपटे वासुकि नाग और भगवान विष्णु के शेषनाग पर शयन करने की कथाएँ इस बात का प्रमाण हैं कि भारतीय संस्कृति में नागों को ईश्वरीय और आध्यात्मिक महत्व प्राप्त है। यह विश्वास कि नागदेवता का आशीर्वाद सुख-समृद्धि, रोगमुक्ति और संतान सुख प्रदान करता है, इस पर्व को और भी विशेष बनाता है।

नाग पंचमी की परंपराएँ भारतीय समाज की गहरी संवेदनशीलता और प्रकृति के प्रति आदर को दर्शाती हैं। इस दिन लोग अपने घरों के मुख्य द्वार, दीवारों या पूजा स्थलों पर गेरुए से नाग की आकृति बनाते हैं। मिट्टी, गोबर या धातु से बनी नाग प्रतिमाओं की पूजा दूध, लड्डू, फूल, हल्दी और कुमकुम से की जाती है। कुछ क्षेत्रों में जीवित सर्पों को भी दूध चढ़ाने की प्रथा है, हालांकि आधुनिक समय में यह प्रथा विवादास्पद रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, सर्प दूध नहीं पीते, और यह प्रथा उनके लिए हानिकारक हो सकती है। फिर भी, इस प्रथा के पीछे की भावना प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति सम्मान और संरक्षण की है। ग्रामीण भारत में, जहां खेती और भूमि से गहरा नाता है, नागों को धरती की उर्वरता और जल संरक्षण का प्रतीक माना जाता है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अनुसार, सर्प खेतों में चूहों जैसे कीटों को नियंत्रित कर फसलों की रक्षा करते हैं, जिससे प्रत्यक्ष रूप से 20-30% तक फसल नुकसान को कम करने में मदद मिलती है। इस प्रकार, नाग पंचमी का पर्व न केवल धार्मिक, बल्कि वैज्ञानिक और पर्यावरणीय महत्व भी रखता है।

आज की बात


**प्रो. आरके जैन**

महाभारत में वर्णित एक कथा इस पर्व की ऐतिहासिक और धार्मिक पृष्ठभूमि को और गहराई देती है। कहा जाता है कि महर्षि जनमेजय ने अपने पिता परीक्षित की मृत्यु का बदला लेने के लिए सर्प यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें सभी सर्पों का विनाश होने वाला था। लेकिन आस्तिक मुनि ने अपनी तपस्या और बुद्धिमत्ता से इस यज्ञ को पंचमी तिथि पर रोक दिया, जिससे सर्पों की रक्षा हुई। इस घटना के स्मरण में नाग पंचमी को सर्पों के संरक्षण और अहिंसा का प्रतीक माना गया। यह कथा हमें करुणा, सहिष्णुता और सभी जीवों के प्रति सम्मान की सीख देती है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि हिंसा और विनाश के बजाय सह-अस्तित्व और संरक्षण ही सृष्टि के लिए हितकारी है।

नाग पंचमी का सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व भी कम नहीं है। यह पर्व विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक एकता का प्रतीक है। गाँवों में इस दिन मेलों का आयोजन होता है, जहां लोकगीत, नृत्य और नाटक आयोजित किए जाते हैं। महिलाएँ और बच्चे इस उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। विवाहित महिलाएँ अपने परिवार की सुख-शांति और संतान की रक्षा के लिए व्रत रखती हैं और प्राचीन लोककथाएँ सुनती-सुनाती हैं। इन कथाओं में 'ससुराल गई नागिन' और 'सांवरा नाग' जैसी कहानियाँ शामिल हैं, जो न केवल मनोरंजन करती हैं, बल्कि नैतिकता, पारिवारिक जिम्मेदारियों और प्रकृति के प्रति सम्मान की सीख भी देती हैं। ये परंपराएँ पीढ़ी-दर-पीढ़ी संस्कृति के हस्तांतरण का माध्यम बनती हैं।

आधुनिक समय में, जब विज्ञान और तर्क का बोलबाला है, नाग पंचमी जैसे पर्व हमें यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि परंपराएँ केवल रूढ़ियाँ नहीं, बल्कि उनमें गहरे वैज्ञानिक और सामाजिक संदेश छिपे हैं। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सर्पों की 300 से अधिक प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जिनमें से कई प्रजातियाँ लुप्तप्राय हैं। अज्ञानता और भय के कारण सर्पों को मार दिया जाता है, जिससे जैव विविधता को नुकसान पहुँचता है। नाग पंचमी जैसे पर्व इस मानसिकता को बदलने का अवसर प्रदान करते हैं। यह हमें सिखाता है कि सर्प न तो हमारे शत्रु हैं और न ही अंधविश्वास का प्रतीक, बल्कि वे प्रकृति के संरक्षक हैं, जिनके बिना पारिस्थितिकी तंत्र असंतुलित हो सकता है।

नाग पंचमी का एक और महत्वपूर्ण पहलू पर्यावरणीय जागरूकता है। यह पर्व हमें यह समझाता है कि मनुष्य इस सृष्टि का केंद्र नहीं, बल्कि प्रकृति का एक हिस्सा है। जब हम सर्प जैसे जीवों को पूजा और संरक्षण के योग्य मानते हैं, तब हम यह स्वीकार करते हैं कि हर प्राणी का इस धरती पर एक उद्देश्य है। पर्यावरण मंत्रालय की 2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में जैव विविधता के संरक्षण के लिए सर्पों का संरक्षण आवश्यक है, क्योंकि वे कीटों और छोटे कृन्तकों को नियंत्रित कर खाद्य श्रृंखला को संतुलित रखते हैं। इस प्रकार, नाग पंचमी का पर्व हमें पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के महत्व को समझने की प्रेरणा देता है।

आज के दौर में, जब शहरीकरण और आधुनिकता ने हमें प्रकृति से दूर कर दिया है, नाग पंचमी जैसे पर्व हमें अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। यह हमें सिखाता है कि प्रकृति और जीव-जंतुओं के साथ सामंजस्य में रहकर ही मानव समाज दीर्घकालिक समृद्धि और शांति की ओर बढ़ सकता है। यदि हम इस पर्व को केवल दूध चढ़ाने या व्रत रखने तक सीमित न रखकर इसके व्यापक संदेश को समझें, तो यह हमें अधिक संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बना सकता है। नाग पंचमी हमें यह सिखाती है कि हर जीव का सम्मान और संरक्षण ही वह मार्ग है, जो हमें प्रकृति के साथ तादात्म्य स्थापित करने की ओर ले जाता है। यह पर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक और पर्यावरणीय आह्वान है, जो हमें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी को याद दिलाता है और एक संतुलित, समरस और समृद्ध समाज की नींव रखता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# आत्ममंथन

रात्रि के साढ़े दस बजे थे। दिनचर्या के गणित से मैं सोने जाने को हुआ। बाहर का द्वार बंद कर मुड़ा ही था कि किसी ने खटखटा दिया। मुझे लगा कि किसी को अवश्य मेरी आवश्यकता होगी तभी वह कुसमय आया है। मैंने द्वार खोले तभी बाहर से द्वार धकेलते डॉ विद्रोही मेरे स्वागत कक्ष में रोहिंगिया अथवा बांग्लादेशियों की भांति घुसकर सोफे पर पसर चुके थे। मैं भौंचक्का, ठगा सा खड़ा रह गया। पसरते ही डॉ विद्रोही बोल उठे-दर्शनशास्त्र विभाग में आत्ममंथन के व्याख्यानमाला से सीधे आपके पास आ रहा हूँ। उन्होंने इस आत्मविशास से यह कहा कि मैं अनुग्रहित हो जाऊँ। लेकिन मैं टस से मस नहीं हुआ। वे जमने का प्रयास करने के लिए पासा फेंक चुके थे। मैं उन्हें उखाड़ने के उपक्रम में लगा। मैंने कहा - इस विषय पर कल दिन में भी बात हो सकती है। वे मुझे अनसुना करते हुए बोले - आत्ममंथन पर आपके क्या विचार हैं? मैंने कहा - आप इतने विद्वानों के विचार सुनकर आए हैं फिर मेरे विचार की आवश्यकता ही क्यों? मेरे दो टूक उत्तर से वे उखड़ने के बदले और पसर कर सोफे पर लेट गए और बोले-अच्छा बताइए, आत्ममंथन कोई करे तो कैसे और इसकी आवश्यकता ही क्यों? मुझे वे बोलने के लिए उकसाने पर तुले थे। मैं भी कम काइँया नहीं था। मैंने कहा-यह प्रश्न आपको व्याख्यानमाला में ही पूछना था। आप गलत स्थान पर आ गए। मैंने सोचा वे सीधा उखड़ कर उठकर चले जायेंगे। पर वे जमने का संकल्प ले कर आए लगते थे। बोले-अपने विचार आपने नहीं बताए। मैंने टालने के लिए कहा-दिन भर जो अच्छा-बुरा किया उस पर सोचिए और अगले दिन और अच्छा कर सकते हैं उस पर मन लगाना ही आत्ममंथन है। इस क्रम में बुरे का धीरे - धीरे परित्याग करना सीखना होगा ताकि आपका व्यक्तित्व, आपकी सोच सकारात्मक और जन कल्याणकारी हो। वे बहस को खींचना चाहते थे। बोले-मैं कोई गलत करता ही नहीं। विभागाध्यक्ष हूँ। मुझे अवसर मिल गया और मैंने तत्क्षण कह दिया-आपके चरित्र को लेकर उल्टी सीधी बात कही जाती है। वे सुनते ही उठकर बैठ गए और बड़बड़ाने लगे-अरे अमुक छात्रा का शोधग्रंथ मैंने जमा करवा दिया है। वह दबंग है, मैं उसका क्या शोषण किया? उल्टे ही मेरे साथ के उसके आपत्तिजनक छवियों को सार्वजनिक करने की धमकी देकर मुझसे दस लाख से ऊपर खींच चुकी है। अब वे तनाव में आ चुके थे। मेरा पासा ठीक पड़ा था। मैंने उन्हें उखाड़ने के लिए ब्रह्मास्त्र छोड़ा-आपके पास आपकी आत्मा तो है ही नहीं तो आप खाक आत्मचिंतन करेंगे। आपने तो अपनी आत्मा तो उपकुलपति और शिक्षा मंत्री के पास गिरवी रख दी है । मेरा लक्ष सटीक था। वे तिलमिलाकर उठ खड़े हुए और बोले- आप क्या समझेंगे? विभागाध्यक्ष बनने और बने रहने के लिए इसके बिना कोई विकल्प नहीं है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात


**डॉ प्रशान्त करण**

# इतिहास के पन्नों की कबूतरबाजी ने हमें खुद को खुद से दूर कर रखा है

इतिहास का असंतोष से कोई सीधा संबंध नहीं होता। जिज्ञासा को बढ़ाने वाले इस विषय का असंतोष तो तब नजर आता है जब इससे छेड़छाड़ की कोशिश की जाती है। छेड़छाड़ के इस संदर्भ में देखें तो भारतीय इतिहास के इन पन्नों में से हमें यह तो बखूबी पता है कि बाबर का बेटा हुमायूँ था। हुमायूँ के बाद अकबर, जहांगीर, शाहजहां, औरंगजेब व बहादुर शाह आए और दिल्ली सल्तनत पर 1526 से 1530 तक शासन करने वाले बाबर का पूरा नाम जहीरुद्दीन मुहम्मद बाबर था। हुमायूँ ने दो दौर में हम पर शासन किया और औरंगजेब ने अपने पिता हुमायूँ को हटाकर राजगद्दी पर कब्जा कर लिया तो जहांगीर बड़ा न्यायप्रिय शासक था। अकबर तो अकबर था जिसने इस्लाम की मूल भावना के विपरित जाकर एक नया धर्म "दीन-ए-इलाही" का "कारनामा" कर दिखाया। गुलाम कुतुबुद्दीन ऐबक से लेकर जॉर्ज षष्ठम् तक के विकिपीडिया की जानकारी भी हमें है परन्तु छेड़खानी देखिए कि हमारी जिज्ञासा में भारत और भारतीयता को ढुंढने का भरोसा दूर दूर तक कहीं नहीं है। ऐसा तब है जबकि हम "वसुधैव कुटुम्बकम" के आदर्श को मानने वाले लोग हैं। बावजूद इसके प्रारंभिक कक्षाओं से जो इतिहास हमें परोसा गया है उसमें हमारे आदर्शों के प्रति न कोई संदर्भ है,न सम्मान है और न कोई सहानुभूति ही है। ऐसा तब है जबकि भारतवर्ष का इतिहास न तो गुलाम वंश में सिमटा हुआ है और न औरंगजेब की तानाशाही भरे शासनकाल की कुंठा या अकबर की तथाकथित महानता को प्रायोजित करके यह महान बना हुआ है। कई बातें हैं जबकि हमारे युगपुरुष मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को भारतीयों के साथ साथ पूरा विश्व निर्विवाद रुप से भगवान मानता है। खेल देखिए कि परोसे गए इतिहास के कारण आज हम उन्हें "इमाम-ए- हिन्द" के तौर पर जानने लगे हैं। श्रीराम सिर्फ भारत के बल्कि पूरी मानव जाति और पूरी वसुधा के आदर्श पुरुष, भगवान और मर्यादा पुरूषोत्तम माने जाते हैं। इसके बावजूद इतिहास के पन्नों में श्री राम को "इमाम-ए-हिन्द" की सीमा में समेटने की बातों से हमें यकीन कराया गया है।

आपकी बात


**केदार नाथ दास**




छेड़छाड़ की श्रृंखला का यह कोई अकेला मामला नहीं है। हम विदेशी मूल वाले बाबर के तमाम वंशजों से लेकर जॉर्ज पंचम तक की गाथा कंठस्थ किए बैठे हैं परन्तु उस राम की वंशावली से सर्वथा अनभिज्ञ हैं जिनकी पीढ़ियों का ताल्लुक हम सबसे रहा है। इतिहास के प्रति इस बेरूखी का दंश यह भी कि इन मामलों को सांप्रदायिकता के चश्मे से देखने का पाठ पढ़ाया जाता रहा है जबकि किसी धर्म के आधार पर पूर्वजों में विभेद का कोई मतलब ही नहीं है। ऐसा इसलिए कि पूजा पद्धति के बदल जाने से न हमारे पूर्वज बदल जाते हैं और न इतिहास बदलता है। छेड़छाड़ के अनेकों उदाहरण हैं जब भारतवर्ष के अनंत कालखंड में से केवल उस खंड के लिए हमें अभ्यस्त बना दिया गया है जिसकी व्याख्या हमारे स्वर्णिम कालखंड की उपेक्षा से भरे पड़े हैं। दुर्भाग्य देखिए कि गुलाम वंश की उत्पत्ति की कहानी हम सबकी जुबान पर है परंतु भगवान श्री राम के पिता राजा दशरथ के आगे की कड़ी से लेकर सुभाष चन्द्र बोस, भगत सिंह, चंन्द्रशेखर आजाद जैसे तमाम प्रतापी पूर्वजों पर हमारी प्राथमिकताएं प्रारंभिक कक्षाओं से ही मौन हैं। संदर्भवश अनगिनत सवालों के बीच खुद से सवाल यह है कि क्या यह मौन इतिहास से छेड़छाड़ का विषय नहीं है? क्या इतिहास के ऐसे आत्मघाती छेड़छाड़ ने हमें खुद को खुद से अलग नहीं कर रखा है? क्या इसमें अविलंब सुधार नहीं होने चाहिए और अंततः क्या किसी भी राष्ट्र को इतिहास के पन्नों की करतूतबाजी में उलझाना उचित या बहुद्देशीय हो सकता है?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

ली छटांक भर, चढ़ गयी , बदल गया अंदाज।
पांव उठे हैं भूमि से, चला हवा से राज।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# एक्चुअली हम क्या हैं, कौन हैं, क्यूं हैं, पता है?

एक्चुअली ऐसी पोस्ट डालना, जिससे खुद का माथा गर्व से ऊंचा हो जाता हो। ऐसा करने में बड़ा मजा आता है! आपको कोई पर्सनली तो जानता नहीं कि वह आपकी बात को काट सकें! आप कैसे हैं, इसकी बाबत कोई नहीं जानता। अरे ! कभी-कभी तो मैंने यहां तक देखा है कि हम ख़ुद को जिन्हें निजी तौर पर बहुत वर्षों से न जाने कितनी गहराई से जानते हुए समझते हैं, एक दिन उनके लिए पता चलता है कि वह तो कुछ और ही थे। तो अपने बारे में कुछ भी बोल देना, लिख देना या दुनिया में प्रोपेगेंडा फैला देना बहुत आसान है। एक्चुअली हम क्या हैं, इस बात को हमसे ज्यादा कोई नहीं जानता। फिर भी हमारे साथ रहने वाले लोग यह समझते हैं कि हम इन्हें जानते हैं कि ये ऐसे ऐसे ऐसे हैं। उसी ढंग से हम भी अपने साथ रहने वाले को उसी तरह जानते हैं कि ये ऐसे ऐसे ऐसे हैं। एक्चुअली कौन क्या है और किसका कौन-सा और कितना अंधेरा पक्ष है और वह दुनिया को एक्चुअली किस तरह से देखता है, इस चीज का पता हमें तब चलता है, जब हम उसके घर में झांकते हैं या जब कोई हमारे घर में झांकता है। तो वास्तव में हम एक्चुअली क्या हैं, वह हमारे खुद के घर से पता चलता है इसलिए जब तक हम किसी के घर में आते जाते नहीं हों, तब तक उसके बारे में कुछ भी नहीं जान सकते और जितना जानने का दावा हम करते हैं उसके बारे में, वह अक्सर समय के साथ झूठा साबित हो जाता है! क्योंकि हम सब के पास दिखावे के चेहरे अलग हैं और जीने के चेहरे अलग हैं। तो यह जीना और दिखावा इतना अलग-अलग है कि लोगों का सामाजिक जीवन मुझे छल कपट से ज्यादा कुछ नहीं लगता और क्या हम छल कपट करते हैं? इसके बात का जवाब क्या हम वास्तव में ईमानदारी पूर्वक दे सकते हैं ? शायद हम में से कोई भी ऐसा करने को राजी नहीं होगा, क्योंकि एक्चुअली हम अपने बारे में भी नहीं जानते ।हम अपने बारे में उतना ही जानते हैं, जहां तक हमारे ईगो को कष्ट नहीं होता हो। जहां हमारा ईगो टकराता है, वहां हम सिरे से चीजों को इनकार कर देते हैं/नकार देते हैं और यही वह जगह है। जहां एक्चुअली हम जो होते हैं, वही हमारी जगह होती है और एक्चुअली जो हम दिखाई देते हैं, वह दरअसल है ही नहीं। तो जब हम अपने बारे में वास्तव में ईमानदारी पूर्वक कुछ जानते ही नहीं और ना ही जानना चाहते हैं, ऐसे में क्या हम यह स्वीकार कर सकते हैं कि हम किसी का शोषण कर रहे हैं? शायद नहीं। क्या हम यह स्वीकार कर सकते हैं कि हमारे अंदर कुछ बुराइयां हैं, जिनके कारण हमारे साथ रहते वह लोगों को तकलीफ होती है? शायद नहीं। तो जब हम अपने ही बारे में कोई भी आलोचनात्मक बात स्वीकार कर ही नहीं सकते, तो फिर हमसे ज्यादा पाखंडी इस धरती पर जीव है ही कौन ? क्या यह आश्चर्य करने वाली बात नहीं लगती कि हम शोषक नहीं हैं, लेकिन दुनिया में शोषण हो रहा है ।हम बुरे नहीं हैं, लेकिन दुनिया में बुराइयां हो रही हैं। हम कट्टर नहीं हैं, लेकिन दुनिया में कट्टरता जारी है। हम हत्यारे नहीं है, लेकिन दुनिया में रोज लाखों हत्याएं होती हैं । हम रेपिस्ट नहीं हैं, लेकिन दुनिया में लाखों जगह रोज रेप होते हैं। हम भ्रष्टाचारी नहीं हैं, लेकिन रोज अरबों रुपयों का भ्रष्टाचार इसी धरती पर होता है। तो कुल मिलाकर हम हैं क्या? इस पर भी हम सभी को अब शोध करने की आवश्यकता आन पड़ी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



अलग बात


**राजीव थेपरा**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# तुर्की में कांवड़ियों की भीड़ से लगा जाम, तेजस्वी यादव भी फंसे



**मुजफ्फरपुर।** सावन के महीने का आज तीसरा सोमवार है। सोमवार के दिन भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ियों की मंदिरों में भारी भीड़ रहती है। कांवड़िया रविवार की रात से ही मंदिरों में पहुंचने लगते हैं। इसी क्रम में मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए जा रहे कांवड़ियों की भारी भीड़ के चलते कई जगह जाम लगा रहा। इसमें राजद नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी फंस गए। सोमवार देर रात तुर्की इलाके में कांवड़ियों की वजह से लगे जाम में तेजस्वी यादव की गाड़ी और उनके काफिले की गाड़ी फंस गई। वे किशनगंज की यात्रा पर जा रहे थे। करीब आधे घंटे तक तेजस्वी यादव जाम में फंसे लगे। वहीं तेजस्वी यादव को अपने करीब देखकर कांवरियों में खासा उत्साह देखा गया। भक्तों ने उनके साथ सेल्फी और वीडियो लेना शुरू कर दिया।

# पटना में कुत्ते का बन गया आवासीय प्रमाण पत्र, सख्त कार्रवाई के आदेश

**एजेंसी। पटना**

पटना के ज़िलाधिकारी त्यागराजन ने सोमवार को 'डॉग बाबू' नाम से निवास प्रमाण पत्र जारी करने के पीछे किसी शरारती तत्व का हाथ होने का संदेह जताया। पत्रकारों से बात करते हुए, पटना के डीएम ने कहा कि प्रशासन ने प्रमाण पत्र में गड़बड़ी का पता चलने के दो मिनट के भीतर ही प्रमाण पत्र रद्द कर दिया। ज़िलाधिकारी ने कहा, "मामला बेहद गंभीर है। किसी शरारती तत्व ने ऐसा प्रयास किया है। यह प्रमाण पत्र 24 जुलाई को दोपहर 3.56 बजे जारी किया गया था और दो मिनट के भीतर ही 3.58 बजे रद्द कर दिया गया।" उन्होंने आगे बताया कि साइबर पुलिस स्टेशन के साथ मिलकर अधिकारी




संदिग्ध व्यक्ति पर नज़र रख रहे हैं और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। अधिकारी ने आगे कहा कि इसमें जो भी शामिल हैं, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। उन्हें निलंबित करने की प्रक्रिया चल रही है। साइबर थाने के माध्यम से हम यह भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह किसने किया और ऐसा आवेदन क्यों दिया गया। हम इसकी जाँच करेंगे और इसके पीछे जो भी लोग हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। पटना जिले में कुत्ता बाबू नाम से एक निवास प्रमाण पत्र जारी किया गया। इस घटना ने लोक सेवाओं के अधिकार (आरटीपीएस) पोर्टल की सुरक्षा और विश्वसनीयता को लेकर व्यापक आलोचना की है। सोशल मीडिया पर सामने आए प्रमाण पत्र में 'डॉग बाबू' को मसौढ़ी का निवासी बताया गया है और ऊपर दाहिने कोने में एक कुत्ते की तस्वीर भी है। प्रमाण पत्र में उसके माता-पिता के नाम 'कुत्ता बाबू' (पिता) और 'कुतिया देवी' (माता) भी दर्ज हैं। ज़िला प्रशासन ने यह भी बताया कि मामले में अनुमंडल अधिकारी (एसडीओ) स्तर की जाँच शुरू कर दी गई है। उन्होंने आगे कहा, "मसौढ़ी के अनुमंडल अधिकारी को पूरे मामले की विस्तृत जाँच कर 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। दोषी कर्मचारियों और अधिकारियों के ख़िलाफ़ विभागीय और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।" बिहार सरकार पर निशाना साधते हुए स्वराज पार्टी के नेता योगेंद्र यादव ने कहा कि यह वही निवास प्रमाण पत्र है जो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में मतदाताओं से माँगा गया है।

# नाबालिग की मांग में जबरन भरा सिंदूर, विरोध करने पर की मारपीट

**एजेंसी। समस्तीपुर**

आपने बिहार में कई बार पकड़ौआ ब्याह की खबरें सुनी होंगी, कई बार जबरन मांग में सिंदूर भरने की भी खबरें सुनी और पढ़ी होंगी। इस बार भी कुछ ऐसा ही मामला बिहार के समस्तीपुर जिले से सामने आया है। मामला पूसा थाना क्षेत्र का है। यहां एक गांव में कुछ लोगों ने एक नाबालिग लड़की के साथ जबरदस्ती की। उन्होंने लड़की की मांग में सिंदूर भर दिया। जब लड़की और उसकी मां ने इसका विरोध किया, तो उनके साथ मारपीट की गई। पीड़िता की मां ने इस घटना की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है।

## क्या कहना है पुलिस का?

पूसा थाने के प्रभारी थानाध्यक्ष शंकर कुमार चौधरी ने बताया कि पीड़िता की मां के बयान पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभी आरोपी फरार हैं। जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर ली जाएगी। पुलिस गांव में शांति बनाए रखने की कोशिश कर रही है।



## नाबालिग लड़की को रोका और मांग में भर दिया सिंदूर

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी रविवार को अपने बथान से घर लौट रही थी। तभी आरोपी युवक अपने परिवार के साथ आया और उनकी बेटी को रोक लिया। उन्होंने जबरदस्ती उसकी मांग में सिंदूर भर दिया। जब मां-बेटी ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद मां-बेटी को बचाया जा सका।

# बिहार में 12 घंटे बारिश, नदियों का जलस्तर बढ़ा, पटना शहर जलमग्न

**एजेंसी। पटना**

लगातार 12 घंटे की बारिश के बाद, सोमवार को पटना में भारी जलभराव हो गया, जिससे शहर लगभग थम सा गया। सड़कों से लेकर रेलवे तक, बाढ़ जैसे हालात ने एक बार फिर मानसून की तैयारियों में प्रशासनिक नाकामी को उजागर कर दिया।



डाक बंगला रोड, पटना जंक्शन, बोरिंग रोड, कंकड़बाग कॉलोनी, राजेंद्र नगर और स्टेशन रोड जैसे हाई-प्रोफाइल इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया, जिससे सड़क और रेल संपर्क दोनों ठप हो गए।

लगातार बारिश के कारण, स्कूल वैन समय पर नहीं पहुंच पाईं और बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पाए। सड़कें जलमग्न होने के कारण ऑफिस जाने वाले लोग अपने घरों में ही फंसे रहे। बच्चों और बुजुर्गों के लिए बाहर निकलना लगभग नामुमकिन हो गया।सड़कें छोटी नदियों जैसी लग रही थीं और पैदल चलने वाले लोग खुले नालों और बिजली के झटके

चल रहे थे।

राजेंद्र नगर के एक निवासी ने कहा, "हमें बारिश से नहीं, बल्कि पानी के नीचे छिपी चीजों (नालियों, गड्ढों और बिजली के तारों) से डर लगता है। यह प्रकृति का प्रकोप नहीं, बल्कि नागरिकों की लापरवाही है।" एक यात्री, शैलेश कुमार ने कहा, "हर साल, नगर निगम नालों की सफाई, पंप लगाने और नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का दावा करता है। फिर भी, भारी बारिश के कुछ ही घंटों में, ये दावे हवा हो जाते हैं। बस निराशा और जाम का एहसास ही बचता है।"

नदियों का जलस्तर भी बढ़ा दिया है। पटना में दीघा घाट और गांधी घाट, दोनों जगहों पर गंगा नदी खतरे के निशान को पार कर गई है।

दीघा घाट पर, गंगा खतरे के निशान से 13 सेंटीमीटर ऊपर है, जबकि गांधी घाट पर यह 53 सेंटीमीटर ऊपर है, जिससे बाढ़ का पानी दियारा, मनेर, दानापुर, फतुहा, बख्तियारपुर और दनियावां जैसे निचले इलाकों में तेजी से फैल रहा है।गोपालगंज के डुमरिया घाट में गंडक नदी खतरे के निशान के करीब पहुंच गई है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले 24 घंटों में

## ओडिशा में बाढ़ से तबाही, छह जिलों में 11,000 से अधिक लोग प्रभावित

**नई दिल्ली।** ओडिशा में बाढ़ से छह जिलों के 11,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, सुंदरगढ़ और क्योंझर जिलों के प्रभावित इलाकों से 1,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए विशेष राहत आयुक्त डी.के. सिंह ने कहा कि भारी बारिश के कारण सुवर्णरेखा, वैतरणी और जलका नदियों में आई बाढ़ से यह स्थिति उत्पन्न हुई। सिंह ने बताया कि बालासोर जिले में ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल (ओडीआरएएफ) की पांच टीमें, एनडीआरएफ की एक टीम और अग्निशमन सेवा की 26 टीमें तैनात की गई हैं। उन्होंने बताया कि मयूरभंज जिले में ओडीआरएएफ की एक और अग्निशमन सेवा की 23 टीमें तैनात की गई हैं। सिंह ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी। चाव एवं राहत कार्यों के लिए इन जिलों में कुल 106 बचाव नौकाएं भी तैनात की गई हैं। सिंह ने कहा कि स्वर्णरेखा को छोड़कर सभी प्रमुख नदियों का जलस्तर घट रहा है। उन्होंने बताया, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रात्रि गश्त बढ़ा दी गई है। लोगों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। जल संसाधन विभाग ने शाम के बाढ़ बुलेटिन में कहा कि वैतरणी नदी क्योंझर जिले के आनंदपुर में 36.24 मीटर पर बह रही है, जबकि खतरे का स्तर 38.36 मीटर है।

## टैगोर की धरती से ममता ने छेड़ा 'दूसरा भाषा आंदोलन'

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अन्य राज्यों में बंगाली प्रवासियों पर कथित हमलों के खिलाफ बोलपुर में विरोध मार्च किया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आप सबकुछ भूल सकते हैं, लेकिन आपको अपनी 'अस्मिता', मातृभाषा, मातृभूमि नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं किसी भी भाषा के खिलाफ नहीं हूँ, मेरा मानना है कि विविधता में एकता ही हमारे राष्ट्र की नींव है। उन्होंने कहा कि अगर हम बंगाल में 1.5 करोड़ प्रवासी मज़दूरों को आश्रय दे सकते हैं, तो आप दूसरे राज्यों में काम कर रहे 22 लाख बंगाली प्रवासियों को क्यों नहीं स्वीकार कर सकते ।

## गया एंबुलेंस दुष्कर्म मामला: पूर्व सांसद एसटी हसन ने उठाई राष्ट्रपति शासन की मांग

**पटना।** गया में होमगार्ड भर्ती के दौरान बेहोश हुई युवती से एंबुलेंस में कथित गैंग रेप मामले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। पूर्व सांसद एसटी हसन ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में बिहार की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए और नीतीश कुमार सरकार की नाकामी पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने इस घटना को शर्मनाक बताते हुए राष्ट्रपति शासन की मांग की। एसटी हसन के मुताबिक कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने इस घटना का जिक्र करते हुए कहा, "पटना के एक अस्पताल में पांच लोगों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी। गया में एक युवती, जो होमगार्ड भर्ती के लिए आई थी, उसके साथ एंबुलेंस में दुष्कर्म हुआ। यह इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना है।" उन्होंने सवाल उठाया कि क्या मुख्यमंत्री नीतीश कुमार "सो रहे हैं या अचेत हैं," और ऐसी घटनाएं देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनाम कर रही हैं। एंबुलेंस में दुष्कर्म की खबर से हमारा सिर शर्म से झुक गया है।"

## जबरन वसूली में शामिल पांच उग्रवादी गिरफ्तार

**मणिपुर।** सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व और थौबल जिलों से तीन प्रतिबंधित संगठनों के पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है जो कथित रूप से जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल थे। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (अपुनबा सिटी मेइती) के तीन सक्रिय सदस्यों को रविवार को इंफाल पूर्व जिले से गिरफ्तार किया गया।

## हाथरस में सड़क हादसे में एक कांवड़िये की मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हाथरस जिले के मुरसान थाना कोतवाली क्षेत्र में बरेली-मथुरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो मोटरसाइकिल की आपस में टक्कर होने से एक कांवड़िये की मौत हो गई और एक अन्य कांवड़िया घायल हो गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा रविवार रात को मुरसान थाना क्षेत्र के नगला गोपी गांव और रायक गांव के बीच हुआ। सादाबाद के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अमित पाठक ने बताया कि बरेली-मथुरा-जयपुर मार्ग पर कावड़ियों की दो मोटरसाइकिल के आपस में टकराने से यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि इस हादसे में एक कावड़िये की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान गुड्डू (30) और घायल की पहचान कुलदीप (24) के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, राजस्थान के भरतपुर जिले के चक सहना गांव से कुछ युवकों का एक जत्था कासगंज जिले के सोरों से डाक कांवड़ लेकर रविवार रात लौट रहा था।

## एक साल में 981 किसानों ने की आत्महत्या

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में किसानों की आत्महत्या का संकट थमने का नाम नहीं ले रहा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2024 से जुलाई 2025 के बीच राज्य में 981 किसानों ने आत्महत्या की। 1 साल 4 महीने के वक्त में इतनी खुदकुशी किसानों की दयनीय स्थिति को उजागर करती है। यह स्थिति राज्य में कृषि संकट और अपर्याप्त समर्थन की गंभीर तस्वीर पेश करती है। हवेरी जिला इस सूची में सबसे ऊपर है, जहां 128 किसानों ने आत्महत्या की। इसके बाद मैसूरु (73), धारवाड़ (72), और बेलगावी (71) का नंबर आता है। वहीं, बेंगलुरु शहरी, बेंगलुरु ग्रामीण, उडुपी, और कोलार जिलों में कोई भी किसान आत्महत्या दर्ज नहीं हुई।

## विधवा महिला से शादी, जबरन धर्म परिवर्तन और किडनी बेचने के लिए धमकाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर में एक विधवा महिला के साथ धोखाधड़ी, जबरन धर्म परिवर्तन और आर्थिक शोषण का गंभीर मामला सामने आया है। शहर कोतवाली क्षेत्र की पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पति होटल व्यवसायी थे, जिनका करीब 10 साल पहले बीमारी के कारण निधन हो गया। पति के निधन के बाद महिला होटल का संचालन स्वयं करने लगी थी। इसी दौरान बुरहानुद्दीन गांव निवासी एक व्यक्ति, जिसने अपना नाम रवि बताया, महिला के संपर्क में आया और मदद के बहाने नजदीकियां बढ़ा लीं। आरोप है कि वर्ष 2011 में आरोपी ने महिला से कोर्ट मैरिज कर ली। शादी के कुछ महीने बाद आरोपी ने निकाह भी कराया, जिससे महिला को उसकी असल पहचान पता चली। वह नसीमुद्दीन नाम का मुस्लिम व्यक्ति था। महिला का आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने उसे बंधक बनाकर जबरन धर्म परिवर्तन कराया और फिर अपने धर्म के अनुसार शादी रचाई। साथ ही महिला की किडनी बेचने का प्रयास दिल्ली और ऋषिकेश के अस्पताल में किया। बात न मानने पर बच्चों को मारने की धमकी भी दी।

# आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप अपने शत्रुओं को आसानी से मात देने में कामयाब रहेंगे और आप अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियां को लेकर भी काफी सतर्क रहेंगे। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से व्यग्रता बढ़ सकती है।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए किसी काम को लेकर सावधान रहने के लिए रहेगा। आपके मित्र आपके शत्रु बन सकते हैं, जिन्हें आपको पहचान की आवश्यकता है। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आप किसी जरूरी काम को लेकर अकस्मात यात्रा पर जा सकते हैं।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए धैर्य और साहस से काम लेने के लिए रहेगा। आप कार्यक्षेत्र में किसी से जबरदस्ती अपनी बात मनवाने की कोशिश न करें, नहीं तो आपके बॉस से आपके रिश्ते खराब हो सकते हैं। आप वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करें।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है, जिससे आपका मन काफी खुश रहेगा। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आप किसी से कोई वादा बहुत ही सोच समझकर करें। आपको किसी पैतृक संपति की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। संतान को भी उनकी पढ़ाई के लिए कोई पुरस्कार मिल सकता है।

**तुला :** आज का दिन व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको अपने कामों को धैर्य और साहस से निपटाने की आवश्यकता है। आप कोई निवेश थोड़ा सोच समझकर करें। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। मित्रों के साथ आप अपने आगे के भविष्य को लेकर कोई फैसला ले सकते हैं। किसी कानूनी मामले में आपको थोड़ा ध्यान देना होगा।

**धनु :** आज का दिन विद्यार्थियों के लिए अच्छा रहने वाला है। उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी, क्योंकि यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। जीवनसाथी से भी यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। मामा पक्ष से आपको धन लाभ मिलेगा। आपके बिजनेस की योजनाओं को गति मिलेगी। आप अपने कामों को लेकर काफी गंभीरता दिखाएंगे, तभी वह समय से पूरे होंगे।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने पिताजी से किसी चीज को लेकर जिद कर सकते हैं। संतान के मन में चल रही उलझनों को आपको जानने की कोशिश करनी होगी। आप उन पर कोई जबरदस्ती जिम्मेदारी ना डालें।

**मीन :** आज आपको कामों को लेकर थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है। आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें और अपने अधूरे कामों को समय से पूरा करने की कोशिश करें। आपको अपने खानपान में सुधार लाना होगा, क्योंकि आपकी शारीरिक समस्याएं बढ़ सकती हैं।

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी की छात्राओं को जबरन हिजाब पहनाने का आरोप

- विश्वविद्यालय में इतिहास और पुरातत्व के छात्र प्रोफेसर राजी माजिद अब्दुल माजिद ने, फील्ड ट्रिप पर गए के दौरान कुछ छात्राओं को हिजाब पहनने के लिए मजबूर किया।

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कर्नाटक में कलबुर्गी सेंट्रल यूनिवर्सिटी की छात्राओं को फील्ड ट्रिप के दौरान हिजाब पहनने को मजबूर करने का मामला तूल पकड़ रहा है। हैदराबाद के एक एनजीओ, 'लीगल राइट्स प्रोटेक्शन फोरम' ने यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार रुद्र गौड़ा पाटिल, को एक पत्र लिखकर इसका जवाब मांगा है।

शिकायती खत में लिखा गया, "हिस्ट्री और आर्कियोलॉजी के असिस्टेंट प्रोफेसर अब्दुल मजीद ने जानबूझकर फील्ड ट्रिप के दौरान मुस्लिम स्मारकों का दौरा करवाया और एक मजार में जाने से पहले छात्राओं को सिर ढकने को कहा।" इस फील्ड ट्रिप में कलबुर्गी और बीदर के स्टूडेंट्स को शामिल किया गया था। इस शिकायत के जवाब में यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार रुद्र गौड़ा पाटिल ने कहा, "26 जुलाई को विश्वविद्यालय को ए.एस. संतोष की एक शिकायत प्राप्त हुई। वे हैदराबाद स्थित लीगल राइट्स फोरम के महासचिव हैं, और उन्होंने कहा है कि विश्वविद्यालय में इतिहास और पुरातत्व के छात्र प्रोफेसर राजी माजिद अब्दुल माजिद ने, फील्ड ट्रिप पर गए के दौरान कुछ छात्राओं को हिजाब पहनने के लिए मजबूर किया। इसलिए, इस साथी संतोष की ओर से यह शिकायत प्राप्त हुई है। विश्वविद्यालय नियमानुसार, एक जांच समिति गठित करेगा और उसके अनुसार, हम कार्रवाई करेंगे।"इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के सहायक प्रोफेसर अब्दुल मजीद पर फील्ड ट्रिप के दौरान छात्राओं को हिजाब पहनने के लिए मजबूर करने का आरोप लगा है। इस फील्ड ट्रिप में कलबुर्गी और बीदर जिलों के छात्र शामिल थे, और कथित तौर पर मुस्लिम समुदाय से जुड़े स्थानों पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया गया था। विधि एवं अधिकार संरक्षण मंच ने केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बट्टू सत्यनारायण के समक्ष सहायक प्रोफेसर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। विश्वविद्यालय ने मामले की जांच के लिए एक जांच समिति गठित की है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार रुद्र गौड़ा पाटिल ने आश्वासन दिया है कि जांच समिति की ओर से प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**(आ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/15/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of PCC Approach Road From Main Road to Eklavya Aadarsh Residential School, Lakhepur, Mahuadanr | 2282000 | 45700 | 5000 | 2 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 30.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 30.07.2025 से दिनांक 14.08.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –18.08.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 358361 Rural Development(25-26)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।**

**ई–अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या– 16/RII/2025-26/RWD/CHATRA
दिनांक– 26.07.2025

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHATRA/72/ 2024-25 | हंटरगंज | डाहा | बिहिया सरहचिया | देवा यादव के घर से भुइर्जयाँ टोली तक PCC पथ निर्माण | 95,83,900.00 | पन्चानबे लाख तेरासी हजार नौ सौ मात्र | 06 माह | तृतीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 29.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 04.08.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 06.08.2025 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR 358326 Rural Work Department (25-26)D

# कंबोडिया ने थाईलैंड के साथ युद्धविराम की घोषणा की

## अमेरिका और चीन ने मध्यस्थता की, जंग में अब तक 30 से ज्यादा मौतें

**बैंकॉक/नोम पेन्ह । एजेंसी**

कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने थाईलैंड के साथ चल रहे सीमा विवाद में युद्धविराम की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव को कम करने के लिए तत्काल लड़ाई रोकने की उम्मीद है। चीन और अमेरिका ने इस सीजफायर में मध्यस्थता की है। दोनों देशों के बीच मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर आज शांति वार्ता हुई। इस बैठक में थाईलैंड की तरफ से कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथम वेचायाचाई और कंबोडिया की तरफ से प्रधानमंत्री हुन मानेट ने हिस्सा लिया। इस बैठक की अध्यक्षता मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने की। दोनों देशों के बीच सीमा विवाद के चलते बीते दिनों में भारी गोलीबारी हुई है। इसमें 33 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में ज्यादातर आम नागरिक शामिल हैं। मलेशिया इस समय दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन आसियान की अध्यक्षता कर रहा है। उसने दोनों देशों को बातचीत की मेज पर बुलाया है।

**ट्रंप बोले थे- संघर्ष रुकवाना आसान काम :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा था कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच संघर्ष को सुलझाना उनके लिए आसान काम है, क्योंकि उन्होंने पहले भारत और पाकिस्तान के बीच का विवाद भी सुलझाया है। ट्रंप ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन से मुलाकात के दौरान कहा था कि उन्होंने थाईलैंड और कंबोडिया के नेताओं को चेतावनी दी है कि अगर युद्ध नहीं रुका, तो अमेरिका व्यापारिक समझौता नहीं करेगा। इससे पहले ट्रंप ने शनिवार को भी दावा किया था कि थाईलैंड और कंबोडिया के नेताओं ने तुरंत सीजफायर वार्ता पर सहमति दे दी है। ट्रंप ने कहा कि यह वॉर मुझे भारत-पाक संघर्ष की याद दिलाती है, जिसे हमने कामयाबी से रोका था।



**मलेशिया ने दिया युद्धविराम वार्ता का प्रस्ताव**

- प्रधानमंत्री इब्राहिम ने 24 जुलाई के संघर्ष के बाद शांति वार्ता की पेशकश की।
- चीन और अमेरिका ने भी वार्ता में मदद की इच्छा जताई।

**सीमावर्ती क्षेत्रों में झड़पें अब भी जारी**

- शांति पहल के बावजूद थाईलैंड और कंबोडिया में सोमवार को फिर झड़पें हुईं।
- संघर्ष का पांचवां दिन, हालात तनावपूर्ण।

**30 से अधिक लोगों की हो चुकी है मौत**

- थाईलैंड में 13 और कंबोडिया में 8 नागरिकों की मौत की पुष्टि।
- झड़पों में मारे गए अन्य लोग संभवत: सुरक्षा बल या विद्रोही।

**2 लाख से अधिक लोग हुए विस्थापित**

- दोनों देशों के सीमावर्ती इलाकों से बड़े पैमाने पर पलायन।
- राहत और पुनर्वास कार्य जारी, हालात गंभीर।

**अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजर में आया संघर्ष**

- चीन और अमेरिका जैसे वैश्विक ताकतें मध्यस्थता को तैयार।
- संघर्ष का राजनीतिक समाधान तलाशने की कोशिश।



### डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को भी व्यापार समझौता रोकने की धमकी दी थी

अमेरिकी राष्ट्रपति ने शनिवार को स्कॉटलैंड यात्रा के दौरान सोशल मीडिया पर लिखा था कि तीन दिन से जारी सीमा विवाद के बीच उन्होंने दोनों देशों से सीधे बात की और साफ किया कि अगर संघर्ष जारी रहा तो अमेरिका कोई व्यापार समझौता नहीं करेगा।

## सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग को निर्देश

# पहचान के लिए आधार और वोटर कार्ड को भी शामिल करें

- ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के प्रकाशन पर रोक से इंकार
- मामले की अगली सुनवाई 30 जुलाई को

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस सूर्यकांत व जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने बिहार मतदाता सूची संशोधन पर हुई सुनवाई में निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि आधार कार्ड व वोटर कार्ड को पहचान के लिए शामिल करें। कोर्ट ने कहा कि जालसाजी का खतरा उन 11 डॉक्यूमेंट में से किसी के लिए भी बना हुआ है, जिन्हें उसने (चुनाव आयोग )अनुमति दी है। इससे पहले आयोग ने राशन कार्ड सहित तीन महत्वपूर्ण दस्तावेजों को खारिज करने या नहीं मानने के लिए जालसाजी का हवाला दिया था।यह कि ये दस्तावेज जालसाज़ी से बन सकते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि आयोग ने राशन कार्ड जैसे दस्तावेजों को इसलिए खारिज किया था क्योंकि उनमें जालसाजी का खतरा था लेकिन ये खतरा उन 11 दस्तावेजों में भी है, जिन्हें आयोग ने स्वीकार किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग से कहा कि बिहार के मतदाताओं को वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए आधार और इलेक्टोरल फोटो आईडेंटिटी कार्ड जैसे दस्तावेज जमा करने की अनुमति दी जाए। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'सरकारी दस्तावेजों के साथ सच्चाई जुड़ी होती है। आप इन दो दस्तावेजों के साथ आगे बढ़ें। आप इन दो दस्तावेजों (आधार व इलेक्टोरल फोटो आईडेंटिटी कार्ड) को शामिल करेंगे, जहां भी आपको जालसाजी मिलेगी, वो केस-टू-केस आधार पर होगा। पृथ्वी पर किसी भी दस्तावेज को जाली बनाया जा सकता है। यदि कोई गड़बड़ी होती है तो उसे बाद में देखा जाएगा।' जस्टिस कांत ने चुनाव आयोग से कहा कि 'सामूहिक बहिष्कार' के बजाय 'सामूहिक समावेशन' होना चाहिए। मतलब ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल किया जाना चाहिए। हालांकि, कोर्ट ने 1 अगस्त को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के प्रकाशन पर रोक लगाने से मना कर दिया। अंतिम फैसला कोर्ट में लंबित याचिकाओं पर निर्भर करेगा जस्टिस कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने विस्तृत सुनवाई नहीं की क्योंकि जस्टिस कांत को चीफ जस्टिस के साथ एक मीटिंग में जाना था। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि मामले की जल्द सुनवाई होगी।



याचिकाकर्ताओं में से एक, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स के वकील गोपाल शंकरनारायणन ने वोटर लिस्ट पर रोक लगाने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि इससे लगभग 4.5 करोड़ लोगों को परेशानी होगी।एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने अपनी याचिका में कहा, 'याचिका में कहा गया है कि 24 जून 2025 के एसआईआर आदेश को यदि रद्द नहीं किया गया तो मनमाने ढंग से और उचित प्रक्रिया के बिना लाखों नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने के अधिकार से वंचित किया जा सकता है, जिससे देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और लोकतंत्र बाधित हो सकता है, जो संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा हैं।'चुनाव आयोग के वकील राकेश द्विवेदी ने कोर्ट से इस मामले में दखल न देने का अनुरोध किया क्योंकि यह सिर्फ एक मसौदा सूची है। उन्होंने दलील दी कि राशन कार्डों से जुड़ी बड़ी समस्याएं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ईपीआईसी भी निर्णायक नहीं हो सकता। हालांकि, अदालत ने उनके रुख पर सवाल उठाया।

जस्टिस बागची ने टिप्पणी की, 'आप कहते हैं कि एसआईआर अधिसूचना के अनुसार कोई भी दस्तावेज निर्णायक नहीं है। मान लीजिए कि कोई व्यक्ति आधार के साथ फॉर्म अपलोड करता है, तो आप उसे ड्राफ्ट में शामिल क्यों नहीं करेंगे।' जस्टिस कांत ने कहा, 'केवल इलेक्टोरल फोटो आईडेंटिटी कार्ड आदि ही क्यों, किसी भी दस्तावेज के साथ जालसाजी की जा सकती है। आइए हम आधार और इलेक्टोरल फोटो आईडेंटिटी कार्ड के साथ आगे बढ़ें।' जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि यदि कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो कोर्ट पूरी प्रक्रिया को रद्द कर सकता है। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट के पहले के आदेश का उल्लंघन कर रहा है। पहले के आदेश में आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर विचार करने का सुझाव दिया गया था।

चुनाव आयोग ने कहा कि उसने पहले ही कई फर्जी राशन कार्डों के बारे में बताया है। पीठ ने चुनाव आयोग से कहा कि वह कम से कम आधार और इलेक्टोरल फोटो आईडेंटिटी कार्ड जैसे जरूरी दस्तावेजों पर विचार करे। चुनाव आयोग की तरफ से वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी पेश हुए। उन्होंने दलील दी कि राशन कार्डों से जुड़ी बड़ी समस्याएं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इलेक्टोरल फोटो आइडेंटिटी कार्ड भी निर्णायक नहीं हो सकता। हालांकि, अदालत ने उनके रुख पर सवाल उठाया। जस्टिस बागची ने टिप्पणी की, 'आप कहते हैं कि एसआईआर अधिसूचना के अनुसार कोई भी दस्तावेज निर्णायक नहीं है। मान लीजिए कि कोई व्यक्ति आधार के साथ फॉर्म अपलोड करता है, तो आप उसे ड्राफ्ट में शामिल क्यों नहीं करेंगे।' जस्टिस कांत ने कहा, 'केवल इलेक्टोरल फोटो आईडेंटिटी कार्ड आदि ही क्यों, किसी भी दस्तावेज के साथ जालसाजी की जा सकती है। आइए हम आधार और इलेक्टोरल फोटो आईडेंटिटी कार्ड कार्ड के साथ आगे बढ़ें।'सुप्रीम कोर्ट ने अब मामले की अगली सुनवाई 30 जुलाई के लिए तय की है।

### बांग्लादेश विमान हादसा: 27 बच्चों समेत 33 लोग अब भी अस्पताल में भर्ती, तीन की हालत नाजुक

**ढाका (आईएएनएस)।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के मिलस्टोन स्कूल और कॉलेज पर पिछले सप्ताह हुए भीषण विमान हादसे में कई लोग घायल हुए थे। इनमें से अब भी 33 लोग अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें 27 बच्चे शामिल हैं। शेख हसीना नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी के कार्यवाहक निदेशक प्रोफेसर नासिर उद्दीन ने पुष्टि की कि घायलों में से तीन की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। उन्होंने मीडिया को बताया, "अच्छी खबर यह है कि जिन तीन मरीजों को मध्यम दर्जे की चोटें आई थीं, उनकी हालत अब स्थिर है और उन्हें घर भेजा जा सकता है। हालांकि, मौसम और परिजनों के अनुरोध पर उन्हें अगले ड्रेसिंग के बाद ही छुट्टी दी जाएगी।

### किम जोंग की बहन ने दक्षिण कोरिया के नये राष्ट्रपति की सुलह संबंधी पहल को ठुकराया

**नई दिल्ली ।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन ने दक्षिण कोरिया की नयी सरकार के उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया है जिसमें उसने दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करने के लिए बातचीत की पेशकश की थी। किम जोंग की बहन ने इस प्रस्ताव को सोमवार को खारिज करते हुए कहा कि उत्तर कोरिया को दक्षिण कोरिया के साथ बातचीत करने में कोई रुचि नहीं है, चाहे उसका प्रतिद्वंद्वी कोई भी प्रस्ताव क्यों न पेश करे। किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग की इन टिप्पणियों से फिर से यह स्पष्ट होता है कि उत्तर कोरिया का निकट भविष्य में दक्षिण कोरिया तथा अमेरिका के साथ किसी भी प्रकार की कूटनीतिक बातचीत करने का कोई इरादा नहीं है।

# क्या रूपर्ट मर्डोक डोनाल्ड ट्रंप को गिरा सकते हैं?

**एंड्रयू डोड व मैथ्यू रिकेट्सन**

**नई दिल्ली ।** आखिरकार, यह वही मीडिया दिग्गज है जिसके अमेरिकी टेलीविजन नेटवर्क, फॉक्स न्यूज ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों के बारे में डोनाल्ड ट्रंप के बड़े झूठ का सक्रिय रूप से समर्थन किया और ऐसा करने के लिए 787 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग1.2 अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर) का मुकदमा भी लड़ा।यह वही नेटवर्क है जिसने ट्रंप के करीबी लोगों को, जिनमें पूर्व फॉक्स होस्ट और अब विवादास्पद रक्षा सचिव, पीट हेगसेथ भी शामिल हैं, मदद की थी।लेकिन हम यहीं हैं जब 18 जुलाई को ट्रंप ने एक रिट दायर की, जब मर्डोक के वित्तीय अखबार, द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने एक हाथ से बनाए गए कार्ड के बारे में एक लेख प्रकाशित किया, जिसे ट्रंप ने 2003 में यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन को कथित तौर पर भेजा था। अखबार ने बताया-छोटे-छोटे चापों का एक जोड़ा महिला के स्तनों को दर्शाता है, और भावी राष्ट्रपति के हस्ताक्षर उसकी कमर के नीचे एक टेढ़ा-मेढ़ा "डोनाल्ड" है, जो जघन बालों की नकल करता है।जर्नल ने कहा कि उसने पत्र देखा है लेकिन इसे दोबारा प्रकाशित नहीं किया। कथित तौर पर पत्र का निष्कर्ष था: जन्मदिन मुबारक हो - और हर दिन एक और अद्भुत रहस्य हो।यह कार्ड जाहिर तौर पर ट्रंप द्वारा एपस्टीन के लिए संकलित एक जन्मदिन एल्बम में योगदान था, जिसे एपस्टीन की साथी गिस्लेन मैक्सवेल ने तैयार किया था, जो 2021 में यौन तस्करी के दोषी पाए जाने के बाद 20 साल की सजा काट रही हैं। ट्रंप गुस्से में थे। उन्होंने अपने ट्रुथ सोशल दर्शकों को बताया कि उन्होंने मर्डोक को चेतावनी दी थी कि पत्र नकली है। उन्होंने लिखा, "श्री मर्डोक ने कहा था कि वह इसका ध्यान रखेंगे, लेकिन ज़ाहिर है कि उनके पास ऐसा करने की शक्ति नहीं थी।



- यदि एपस्टीन की फाइलें ट्रंप को फंसाती हैं, तो कानूनी लड़ाई ज़्यादा दिन नहीं चलेगी और उनके खिलाफ मीडिया अभियान और तेज हो जाएगा
- यदि रूपर्ट मर्डोक एक बेलगाम बदमाश अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ खड़े होकर एक योद्धा बन जाते हैं, तो दुनिया उलटी दिशा में जा सकती है

### वियतनाम में डेंगू बुखार के मामलों में तेजी से वृद्धि, हनोई और हो ची मिन्ह सिटी सबसे अधिक प्रभावित

**हनोई (आईएएनएस)।** वियतनाम के दो प्रमुख शहरों राजधानी हनोई और हो ची मिन्ह सिटी में डेंगू बुखार के मामलों में बीते सप्ताह के दौरान तेजी से वृद्धि दर्ज हुई है। हनोई में पिछले सप्ताह 72 नए डेंगू संक्रमण के मामले सामने आए, जो कि पिछले सप्ताह के मुकाबले दोगुना हैं। इसके साथ ही वर्ष 2025 की शुरुआत से अब तक कुल 475 मामले और 15 संक्रमण क्लस्टर सामने आ चुके हैं। ये आंकड़े शहर के रोग नियंत्रण केंद्र द्वारा जारी किए गए हैं। दक्षिण वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी में जुलाई के मध्य तक 15,500 से अधिक डेंगू मामलों और 10 मौतों की पुष्टि हो चुकी है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 157 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।



# अब उभरता बाजार नहीं, भारत दुनिया से अपनी शर्तों पर कर रहा संवाद

**वॉशिंगटन (आईएएनएस)**

वैश्विक मंचों पर अब भारत को सिर्फ एक उभरते हुए बाजार या मूक दर्शक के रूप में नहीं देखा जा रहा, बल्कि वह अपनी कूटनीतिक साख को बनाए रखते हुए राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए दुनिया से अपनी शर्तों पर संवाद कर रहा है। 'वन वर्ल्ड आउटलुक' नामक रिपोर्ट के अनुसार, "तेजी से जटिल हो रही भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के इस दौर में भारत जैसी सधी हुई समझदारी से बहुत कम देश आगे बढ़ रहे हैं। प्रतिबंधों के दबाव से लेकर व्यापारिक सुधारों तक, चीन के साथ नाजुक कूटनीति से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर वैश्विक नियम तय करने तक, भारत अब केवल वैश्विक मुद्दों पर प्रतिक्रिया नहीं दे रहा, बल्कि वह खुद इनकी दिशा तय कर रहा है। रिपोर्ट में इस महीने नाटो महासचिव मार्क रुटे की प्रतिबंध संबंधी चेतावनी पर भारत की "तेज और सख्त" प्रतिक्रिया को रेखांकित किया गया, जिसमें भारत ने "दोहरा मापदंड" बताकर आलोचना की और यह दोहराया कि वह व्यापार को लेकर अपने संप्रभु अधिकार से समझौता नहीं करेगा। रिपोर्ट में कहा गया, "यह कोई प्रतीकात्मक विरोध नहीं था, बल्कि रणनीतिक स्वायत्तता का गहरा और स्पष्ट संकेत था।






**सेलिब्रिटी फैन फॉलोइंग**

# क्रेजी फीमेल फैन ने संजय दत्त के नाम कर दी थी 72 करोड़ की संपत्ति

संजय दत्त ने एक चौंकाने वाली घटना की पुष्टि की है कि कैसे एक समर्पित प्रशंसक निशा पाटिल ने उनके लिए ₹72 करोड़ की संपत्ति छोड़ी थी। हालांकि, एक दिल छू लेने वाले कदम में, संजय दत्त ने वह पूरी संपत्ति प्रशंसक के परिवार को वापस लौटा दी, ऐसा रोज़ नहीं होता कि कोई बॉलीवुड सितारा अप्रत्याशित रूप से किसी संपत्ति का उत्तराधिकारी बन जाए, लेकिन संजय दत्त का जीवन कभी किसी पटकथा पर नहीं चला। अभिनेता ने खुलासा किया कि एक बार उनके एक समर्पित प्रशंसक ने उन्हें ₹72 करोड़ की संपत्ति छोड़ी थी। ट्विस्ट? उन्होंने वह सारी संपत्ति लौटा दी।

हाल ही में कर्ली टेल्स के साथ एक साक्षात्कार में, संजय से 2018 की उस बहुचर्चित घटना के बारे में पूछा गया जिसमें निशा पाटिल, एक लाइलाज बीमारी से ग्रस्त प्रशंसक थीं और उन्होंने अपनी पूरी संपत्ति अभिनेता को दे दी थी। संजय ने उस अविश्वसनीय क्षण की पुष्टि करते हुए शांत गरिमा के साथ कहा, "मैंने वह सब उसके परिवार को वापस कर दिया। संजय दत्त ने 1981 में रॉकी से बॉलीवुड में कदम रखा था।लेकिन उन्हें व्यक्तिगत और कानूनी चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा है।



कहानी फिल्म जगत की

### मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने लगाई जनता दरबार, कहा

# जनता का विश्वास हमारी सबसे बड़ी पूंजी है



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सोमवार को आयोजित जनता दरबार में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने नागरिकों की विभिन्न समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दरबार के माध्यम से मंत्री ने आम नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित किया और यह सुनिश्चित किया कि किसी भी व्यक्ति की समस्या अनसुनी न रहे। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि झारखंड सरकार का संकल्प है कि प्रदेश के हर नागरिक को लालफीताशाही, जटिल प्रक्रियाओं और उपेक्षा से मुक्त एक सुलभ, पारदर्शी और उत्तरदायी प्रशासन मिले।

दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि जनता का विश्वास हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। हम इस भरोसे को कायम रखने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और प्रशासन को जनसरोकारों के प्रति और अधिक संवेदनशील बनाएंगे।

जनता दरबार में ग्रामीण क्षेत्रों से आए अनेक लोगों ने अपने आवास, पेंशन, शौचालय, सड़क, जलापूर्ति और पंचायत स्तरीय योजनाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं, जिन पर तत्परता से संज्ञान लेते हुए मंत्री महोदया ने समाधान की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ के लिए किया गया जलाभिषेक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झामुमो रांची जिला समिति ने शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ के लिए रांची के पहाड़ी मंदिर मे जलाभिषेक, फल - फूल, दूध का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय उपस्थित हुए और पार्टी कार्यकताओं के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना कर शिबू सोरेन के स्वास्थ्य के लिए मंगलकामना की। इस अवसर पर पार्टी महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि आज सावन के सोमवार के दिन हम सभी लोग यहां उपस्थित हुए है और भगवान शंकर का जलाभिषेक कर हमने प्रार्थना की गुरुजी स्वस्थ होकर आ जाए और पहले की तरह ही उनका आशीर्वाद और स्नेह हमलोगों को मिले। इस आयोजन मे मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक सदस्य अश्विनी शर्मा, जिला संयोजक मंडली सदस्य सोनू मुंडा एवं बीरू साहू, अरुण वर्मा, विक्की यादव, मृत्युंजय सिंह, शिवनंदन मिश्रा, प्रदीप मिर्धा, आशुतोष वर्मा, रोमा सरकार, अंकिता वर्मा, दीपक झा, विजय रविदास, निखिल, अवधेश यादव, हरीश महतो, राकेश, कुलदीपक कुमार, संतोष राणा, रवि कुमार, गौरव कुमार एवं अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने मे मुख्य रूप से दीपक झा, विक्की यादव एवं अन्य कार्यकर्ताका अहम योगदान रहा।

इस दौरान चंद्रवंशी दुर्गा मंदिर ट्रस्ट, पहाड़ी मंदिर रांची द्वारा पार्टी महासचिव विनोद कुमार सिंह को बुके और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया एवं ट्रस्ट के सामाजिक कार्यों से अवगत कराया। साथ ही सरकार से हरसंभव मदद का आग्रह किया गया। ट्रस्ट की ओर से मुख्य रूप से बिंदुल वर्मा, अरुण वर्मा, सत्येंद्र वर्मा, आशुतोष वर्मा, आयुष राज वर्मा एवं अन्य उपस्थित रहे।

## काम में लापरवाही पर करने वाले नौ पुलिसकर्मी सस्पेंड

### दो पर होगी विभागीय कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा ने कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में 9 पुलिस पदाधिकारियों को निलंबित कर दिया है। ये सभी रांची के विभिन्न पुलिस थानों में तैनात थे।

दरअसल, डीआईजी सह एसएसपी द्वारा आयोजित एक अपराध समीक्षा बैठक में रांची में लंबित पड़े मामलों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन, कई अनुसंधानकर्ताओं (जांच अधिकारियों) ने इन निर्देशों पर कोई खास ध्यान नहीं दिया, जिसके कारण बड़ी संख्या में मामले लंबित ही रह गए।

इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए, ऐसे अनुसंधानकर्ताओं को कारण बताओ नोटिस (शोकॉज) जारी कर उनसे जवाब मांगा गया था। जवाब संतोषजनक न पाए जाने पर और मामले की गंभीरता को देखते हुए, कार्रवाई की गई है।




**निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों के नाम व उनके संबंधित थाने**

- संतोष कुमार रजक : डोरंडा थाना
- नीतीश कुमार : खरसीदाग ओपी
- अजय कुमार दास : लालपुर थाना
- राजकुमार टाना भगत : जगन्नाथपुर थाना
- सूर्यवंशी उरांव: सुखदेव नगर थाना
- श्याम बिहारी रजक : जगन्नाथपुर थाना
- अरविंद कुमार त्रिपाठी : जगन्नाथपुर थाना
- उमाशंकर सिंह : बुढ़मू थाना
- अशोकनाथ सिंह : सदर थाना

## झारखंड व पड़ोसी राज्यों ने नक्सलवाद व संगठित अपराध से लड़ने के लिए नई रणनीति बनाई

- झारखंड डीजीपी ने खुफिया तंत्र को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया

**नवीन मेल संवाददाता**



● महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न गंभीर मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई

**रांची।** झारखंड और उसके सीमावर्ती राज्यों - बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के डीजीपी के बीच सोमवार को पूर्वी क्षेत्रीय पुलिस समन्वय समिति की बैठक हुई। इस बैठक में नक्सलवाद और संगठित अपराधों के खात्मे के लिए एक ठोस रणनीति पर चर्चा की और उसे अंतिम रूप दिया। छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई, जिसमें झारखंड के पुलिस डीजीपी अनुराग गुप्ता सहित सभी संबंधित राज्यों के शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।

इस बैठक में सीमावर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलियों के खिलाफ चरणबद्ध और समयबद्ध तरीके से संयुक्त अभियान चलाने की रणनीति पर जोर दिया गया। विशेष रूप से, ओडिशा सीमा पर सारंडा वन क्षेत्र में नक्सलियों पर शिकंजा कसने के लिए संयुक्त अभियान चलाने का सुझाव दिया गया। इसके अलावा ब्राउन शुगर, अफीम, डोडा, नशीली दवाएं और अवैध शराब की तस्करी की संभावना वाले चिन्हित चेकपोस्टों पर जिलों के पुलिस एसपी द्वारा समय-समय पर औचक जांच करने का सुझाव दिया गया।

हाल के दिनों में बढ़ते साइबर अपराधों पर नियंत्रण पाने के लिए आपसी तालमेल और सूचना साझा करने पर जोर दिया गया। फर्जी सिम कार्ड की खरीद-बिक्री की रोकथाम के लिए भी कदम उठाने का सुझाव दिया गया। इसके अलावा मानव तस्करी और चिटफंड धोखाधड़ी, बांग्लादेशी अवैध प्रवासी, नए आपराधिक कानून और प्रशिक्षण मुद्दे पर चर्चा हुई।

झारखंड डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सीमावर्ती क्षेत्रों में उग्रवादियों की आवाजाही और अन्य संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी अपने आसपास के थाना क्षेत्रों से साझा करने और खुफिया तंत्र को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने कहा कि सीमावर्ती राज्यों के पुलिस अधीक्षकों को निरंतर आपसी समन्वय बैठकें करनी चाहिए और अंतर्राज्यीय सीमाओं पर नक्सली गतिविधियों और मादक पदार्थों की तस्करी पर कड़ी नजर रखनी चाहिए। सटीक सूचना उपलब्ध कराने के लिए पुलिस बल के आपसी समन्वय पर भी बल दिया गया।

### झारखंड पुलिस के अन्य अधिकारियों ने भी कई मुद्दे पर रखी अपनी बात

- स्पेशल ब्रांच आईजी प्रभात कुमार के द्वारा नक्सलियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों की जानकारी दी गई।
- आईजी सीआईडी असीम विक्रात मिंज ने साइबर अपराध और नारकोटिक्स से संबंधित विषयों पर जानकारी दी।
- आईजी ट्रेनिंग ए विजयालक्ष्मी ने राज्य में नए आपराधिक कानूनों और अन्य प्रशिक्षण से संबंधित कार्यों को प्रस्तुत किया।

### राज्यपाल से मिला भाजपा किसाना मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू के नेतृत्व में राज्यपाल संतोष गंगवार से औपचारिक मुलाकात की। इस अवसर पर राज्य मे किसानों की समस्याओ से राज्यपाल को अवगत कराया। झारखंड गठन के 24 वर्ष बाद भी राज्य के किसान अपनी प्रमुख मांग को लेकर आंदोलनरत है। इसके साथ-साथ राज्य मे अतिवृष्टि से किसान की फसल बर्बाद हो रहे है । किसान त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रहा है, आम जनता मंहगाई की मार झेल रही है। इन सबके बावजूद सरकार मौन धारण किए हुए है।

## सुदेश महतो ने किया आजसू पार्टी का संगठन विस्तार

- प्रवीण प्रभाकर बने आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष, दीपक महतो व संजय मेहता बने केंद्रीय महासचिव

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर को आजसू पार्टी का केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि दीपक महतो को केंद्रीय महासचिव और संजय मेहता को केंद्रीय महासचिव–सह–प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने संगठन विस्तार करते हुए पार्टी, युवा आजसू तथा छात्र आजसू के कई पदों पर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। श्री महतो ने नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं भी दी हैं।

पार्टी के प्रधान महासचिव एवं पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा करते हुए बताया कि बसंत महतो, कुमुद वर्मा एवं चंद्रशेखर सिंह छोटू को केंद्रीय सचिव बनाया गया है। मुन्नू अख्तर को हजारीबाग जिला सचिव बनाया गया है।

**युवा एवं छात्र इकाई :** श्री सहिस ने बताया कि ऋतुराज शाहदेव को आजसू छात्र संघ का केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि मो कैफ को युवा आजसू का दक्षिणी छोटानागपुर सह प्रभारी तथा संजय साहू को रांची जिला सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। श्री सहिस ने आशा व्यक्त की कि उपरोक्त नियुक्तियों से संगठन को मजबूती मिलेगी और नए पदाधिकारी पार्टी को नई दिशा में ले जाने में अपना प्रगतिशील नेतृत्व प्रदान करेंगे।

**इन नेताओं ने दी बधाई :** प्रवीण प्रभाकर समेत सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पार्टी के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक निर्मल महतो, पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा, प्रधान महासचिव मुकुंद मेहता, हरेलाल महतो, संतोष महतो, श्रीमती यशोदा देवी, रांची जिप अध्यक्ष श्रीमती निर्मला भगत, सागेन हांसदा, अजय सिंह, टिकैत महतो, इम्तियाज अहमद नज़्मी, उमेश उरांव, संजीव महतो, अजय कुमार, महेश राय, चतुरानन पांडे आदि नेताओं ने बधाई दी है।

## इंडी गठबंधन बना तुष्टिकरण गठबंधन : प्रवक्ता अजय साह

- डिंपल के अपमान पर मौन अखिलेश, कांग्रेस आफताब के साथ

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में इतना डूब चुका है कि अब उसे न महिला सम्मान की चिंता है, न ही न्याय की मर्यादा की। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली से लेकर झारखंड तक इंडी गठबंधन के नेता वोटबैंक की राजनीति के लिए हर सीमाएं लांघ रहे हैं।

उन्होंने समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव का उदाहरण देते हुए कहा कि नई दिल्ली की एक मस्जिद में राजनीतिक बैठक के दौरान ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के प्रमुख मौलाना शाहबुद्दीन रिजवी ने उनके पहनावे पर बेहद अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिसे बाद में मौलाना साजिद रशीदी ने और भी शर्मनाक भाषा में दोहराया। अजय साह ने सवाल उठाया कि जब एक हिंदू महिला सांसद के पारंपरिक पहनावे पर इस तरह की घिनौनी टिप्पणी की जाती है, तब अखिलेश यादव और पूरा इंडी गठबंधन मौन क्यों रहता है? क्या तुष्टिकरण की राजनीति उनके लिए महिला गरिमा से भी अधिक मूल्यवान हो चुकी है?

झारखंड के संदर्भ में अजय साह ने कहा कि कांग्रेस की वही सरकार, जो अंकिता सिंह को जिंदा जलाने पर, रूबिका पहाड़िया के पचास टुकड़े किए जाने पर और रूपेश पांडे की मॉब लिंचिंग पर चुप्पी साधे रही, आज एक दुष्कर्म के आरोपी आफताब अंसारी की मौत पर जांच कमिटी बना रही है। उन्होंने कांग्रेस के एक मंत्री पर भी तंज कसते हुए कहा कि न वह अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हैं, न गृह मंत्री, और न ही रामगढ़ से विधायक, लेकिन जैसे ही किसी मामले में 'मुस्लिम' नाम आता है, वह सबसे पहले प्रतिक्रिया देने पहुँच जाते हैं।

### महिला अत्याचार पर घड़ियाली आंसू बहा रही कांग्रेस : राफिया

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस की महिला अध्यक्ष ने राज्यपाल से जाकर महिला आयोग के गठन की मांग करना पूरी तरह से घड़ियाली आंसू बहाने जैसा है। यह आश्चर्यजनक है कि राज्य में कांग्रेस खुद सत्ता में भागीदार है–झामुमो, कांग्रेस और इंडिया एलायंस की सरकार चल रही है – इसके बावजूद महिला आयोग जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक निकाय का गठन अब तक नहीं किया गया है। राफिया ने कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि महिलाओं की सुरक्षा, उनके अधिकारों और न्याय की झूठी बात करने वाली कांग्रेस पार्टी अपनी सरकार में ही महिलाओं को उनका हक दिलाने में विफल रही है।आज जब राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ते जा रहे हैं, आए दिन दुष्कर्म,अपहरण और छेड़खानी हो रही तब महिला आयोग का गठन न होना सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है।

## अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पुलिस ने खरसीदाग क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ एक अपराधी पवन नाग को गिरफ्तार किया। डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा को बीते सोमवार को गुप्त सूचना मिली थी, कि दशमाईल चौक से चुकरू मोड़ जाने वाले रास्ते में एक व्यक्ति पल्सर बाइक पर हथियार लेकर घूम रहा था और किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता था। जिसके बाद एसएसपी ने छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम दशमाईल चौक पहुंची तो एक व्यक्ति पुलिस बल को देखकर अपनी पल्सर बाइक से भागने लगा। पुलिस टीम ने तुरंत उसका पीछा किया। पीछा करने पर, अपराधी ने चुकरू मोड़ जाने वाले रास्ते में ग्रेस क्लिनिक के पास अपनी पल्सर बाइक छोड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन सशस्त्र बल ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। उसकी विधिवत तलाशी लेने पर उसके कमर से पीतल और सिल्वर रंग का एक पिस्टल बरामद हुआ।

## झारखंड विस के मानसून सत्र को लेकर निषेधाज्ञा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** विधानसभा भवन में षष्ठम झारखंड विधानसभा के तृतीय (मानसून) सत्र एक से सात अगस्त तक आहूत है। रांची उपायुक्त एवं अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था के संयुक्तादेश मैं निहित निर्देश के आलोक में विधानसभा परिसर के 750 मीटर के दायरे में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आदि आयोजित नहीं किया जा सकेंगे। इसके मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टिकोण से अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड विधानसभा (नया विधानसभा) परिसर के 750 मीटर के दायरे में (माननीय उच्च न्यायालय झारखंड, रांची को छोड़कर) निषेधाज्ञा जारी की गई है। यह निषेधाज्ञा एक अगस्त के सुबह 08:00 बजे से सात अगस्त के रात्रि 10:00 तक के लिए तक प्रभावी रहेगा।

## पृष्ठ एक के शेष

**अबुआ आवास में गड़बड़ी की जांच में लीपापोती के नाम पर....**

सौदा पट जाने के बाद टीम के प्रमुख जांच अधिकारी ने कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जाने के नाम पर दिनांक 12 फरवरी 2025 को किसी अर्नव वर्मा नाम के व्यक्ति के फोन पर दस हजार रुपए अग्रिम के तौर पर ले लिया गया। कुंभ स्नान कर लौटने के बाद जांच टीम ने जांच की। इसके बाद जांच टीम के प्रमुख ने मुखिया के परिवार के लोगों से कथित 90 हजार रुपए की मांग की। इस पर मुखिया के परिवार के लोग अधिक पैसा देने को तैयार नहीं हुए। इसके बाद जांच टीम की ओर से शेष राशि नहीं देने पर कार्रवाई के लिये रिपोर्ट करने की धमकी दी गई। अंततः हुआ भी वहीं। एपीओ विकास वर्मा ने मुखिया के विरुद्ध जांच रिपोर्ट रिपोर्ट समर्पित कर दिया। जिसके आलोक में डीसी ने एक रिपोर्ट विगत 25 अप्रैल 2025 को पंचायती राज विभाग को भेज दिया। पंचायती राज के उप निदेशक शैलेश कुमार ने गत 10 जुलाई को हलिवंता कला पंचायत की मुखिया सविता देवी को निलंबित करते हुये उनके पद से जुड़ी समस्त शक्तियों विशेष रूप से वित्तीय शक्ति को तत्काल प्रभाव से जब्त करने संबंधी पत्र निर्गत कर दिया।

**धार्मिक सौहार्द की मिसाल...**

कामना की। मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं को सोमवारी की शुभकामनाएं दीं और पूजन सामग्री भी वितरित की। डीआईजी ने मंदिरों में विधि-व्यवस्था की भी समीक्षा की और श्रद्धालुओं व पुरोहितों से बातचीत कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। उन्होंने कहा कि सावन माह और खासकर सोमवारी का दिन भगवान शिव की आराधना के लिए बेहद पावन होता है। इस दिन सच्चे मन से की गई पूजा भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करती है। डीआईजी के इस भावनात्मक और समर्पित प्रयास को लेकर श्रद्धालु भाव-विभोर दिखे। कई लोगों ने कहा कि यह पहल समाज में आपसी विश्वास और सौहार्द को मजबूत करने वाली है। डीआईजी ने अपने आचरण से यह संदेश दिया कि श्रद्धा, आस्था और इंसानियत का कोई धर्म नहीं होता।

**राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को...**

वहीं राज्य के दुर्गम और पहाड़ी इलाकों में मरीजों को खाट या मचिया पर अस्पताल लाने की मजबूरी अब खत्म होने जा रही है। मंत्री ने निर्देश दिया है कि 15,000 स्ट्रेचर जल्द से जल्द गांव स्तर तक उपलब्ध कराए जाएं। 744 संस्थानों को मिला प्रतिष्ठित गुणवत्ता प्रमाणन : इस वर्ष कायाकल्प, एनक्वास, लक्ष्य और मुस्कान योजनाओं के तहत 744 स्वास्थ्य संस्थानों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। रांची सदर अस्पताल को कायाकल्प श्रेणी में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ और 50 लाख रुपये का पुरस्कार मिला। इको-फ्रेंडली जिला अस्पताल की श्रेणी में भी रांची सदर को प्रथम पुरस्कार मिला और 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। सीएचसी ओरमांझी को इको-फ्रेंडली सीएचसी श्रेणी में सम्मानित किया गया। सदर अस्पताल सिमडेगा को एनक्वास एवं लक्ष्य सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ। मौके पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, एनएचएम के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा, मेडिकल कॉरपोरेशन के एमडी अबु इमरान, डॉ। सिद्धार्थ सान्याल समेत बड़ी संख्या में अधिकारी, विजेता प्रतिभागी और स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

**परीक्षा के 30 दिन के अंदर...**

उन्होंने विश्वविद्यालयों से राष्ट्रीय रैंकिंग सुधारने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर उस पर अमल करने का सुझाव दिया।। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में 'एक व्यक्ति - एक पद' का सिद्धांत विश्वविद्यालयों में लागू करने, सेवानिवृत्त शिक्षकों और कर्मियों को हर माह की 5 तारीख तक पेंशन के भुगतान के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों के प्लेसमेंट सेल को औपचारिकता तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उसे प्रभावी रूप से काम में लाया जाए। उन्होंने छात्रावास, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं जैसी मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा गार्ड और एंटी-रैगिंग सेल सक्रिय हों। रिक्त पदों पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों की नियुक्तियों में तेजी लाने को लेकर राज्य सरकार से आग्रह किया गया है। साथ ही, आवश्यकता आधारित शिक्षकों का स्थानांतरण नहीं करने का भी निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि इसमें कोई शिथिलता न हो और पात्र विद्यार्थियों को इसका लाभ मिले। राज्यपाल ने कहा कि हर विश्वविद्यालय के पास स्पष्ट विजन डॉक्यूमेंट और मास्टर प्लान होना चाहिए। निर्माणाधीन भवनों के अनुश्रवण हेतु कमिटी गठित करने को कहा गया और जर्जर भवनों का उपयोग न करने की सलाह दी गई। बताया गया कि तीन महीने बाद पुनः समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें इन सभी निर्देशों के अनुपालन की प्रगति रिपोर्ट ली जाएगी।

**वन्यजीव संरक्षण और पुनर्वास योजनाओं पर होगा...**

इसकी शुरुआत हो चुकी है, जिसमें 'जागीर' गांव को पोल खोल के पास बसाया गया है। यह गांव अब एक आदर्श मॉडल के रूप में उभर रहा है, जिससे प्रभावित होकर अन्य गांव के लोग भी पुनर्वास की मांग कर रहे हैं। हालांकि कुछ चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं, जिनके समाधान पर सतत कार्य हो रहा है। विकास के लिए समेकित प्रयास जारी : टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रदेश देन्हा ने कहा कि पुनर्वास के साथ-साथ मौजूदा गांवों में शिक्षा, कृषि और आधारभूत ढांचे के विकास पर भी काम किया जा रहा है। फिलहाल 19 अन्य गांवों को भी पुनर्वासित करने की योजना बनाई गई है, जिसे चरणबद्ध रूप से लागू किया जाएगा। **घोषणाएं और भागीदारी की अपील :** वर्ल्ड टाइगर डे के मौके पर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की जाएंगी। क्षेत्रीय वन अधिकारियों ने आम जन, मुखिया, जिला परिषद सदस्य, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। कार्यक्रम में भारतीय वन सेवा के अधिकारी कुमार आशीष सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

**थाना मालखाना का प्रभार न सौंपने वाले थाना...**

पुलिस हस्तक नियम 119, 120 और प्रपत्र-18 के अनुरूप सभी थानों को निर्देशित किया गया है कि निर्धारित प्रारूप में मालखाना रजिस्टर का संधारण सुनिश्चित करें। आदेश में कहा गया है कि जिन थाना प्रभारियों द्वारा अब तक मालखाना का प्रभार नहीं लिया गया है या सौंपा नहीं गया है, वे आगामी एक पखवाड़े के भीतर इस कार्य को पूर्ण करें। साथ ही मालखाने की नियमित साफ-सफाई एवं संग्रहित वस्तुओं के समुचित रख-रखाव पर विशेष ध्यान दें। यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर यह कार्य नहीं किया गया, तो संबंधित थाना प्रभारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी व अंचल पुलिस निरीक्षक को यह निर्देश दिया गया है कि वे अपने अधीनस्थ थानों में इस कार्य को शीघ्र संपन्न कराएं तथा एक प्रमाण-पत्र पुलिस अधीक्षक कार्यालय को उपलब्ध कराएं कि मालखाना का प्रभार विधिवत सौंपा जा चुका है। प्रतिलिपि सूचना हेतु पुलिस महानिरीक्षक, पलामू प्रक्षेत्र और प्रभारी वित अनु पर्यवेक्षक, पलामू को भी प्रेषित की गई है।

### 16 व 17 अगस्त को अल्बर्ट एक्का चौक पर होगा श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव, संजय सेट बोले

# इस बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव होगा ऐतिहासिक

**नवीन मेल संवाददाता**



- श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के महोत्सव कमेटी का गठन
- कमेटियों के संयोजक व सहयोगी को दी गई कार्यो की जिम्मेवारी

**रांची।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के सानिध्य में 16 व 17 अगस्त को अल्बर्ट एक्का चौक, मेन रोड में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया जाएगा।

श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के संरक्षक सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ व संरक्षक अजय मारू एवम समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया आयोजन को बड़े ही धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया साथ ही आज बैठक कर कमेटी का विस्तार भी किया गया व आयोजन की सफलता के लिये सदस्यो के बीच कार्यो का बितरण कर उनको विभागीय जिम्मेवारी दी गयी।

संरक्षकः- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, संरक्षक विधायक सी पी सिंह, पूर्व सांसद अजय मारू है। वही आयोजन समिति के अध्यक्ष- मुकेश काबरा रहेंगे।

वही स्वागत समिति में- पुनीत पोद्दार, छवि विरमानी, राजीव चटर्जी, ललित केजरीवाल, प्रकाश धेलिया,प्रतीक मोर,पवन बजाज,मनीष साहू, राम कुमार कुँवर,राजा घोष, शंकर दुबे। परामर्श समितिः- चंद्रकांत रायपत, ऐश्वर्या सेठ ,जवाहर तनेजा, संजीव विजयवर्गीय, आशीष भाटिया। संयोजक- कुणाल आजमानी

महासचिव - रविन्द्र मोदी, सचिवः- रमेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष- राम बांगड़, दही हांडी फोडो प्रतियोगिता- राज वर्मा, नीरज चौधरी, भीष्म सिंह, ललन श्री वास्तव, प्रमोद सारस्वत, मनोज कुमार, विजय ओझा ,मनोज तिवारी, रवि मुंडा ,सबलू मुंडा बबलू चौधरी,आनंद वर्मा,सतीश कुमार, रामलखन राम। मंच व पुष्प सज्जा रामाशंकर बागड़िया, संतोष सेठ, प्रेस मीडिया- प्रमोद सारस्वत ,संजय पोद्दार, मंच सुरक्षाः- सतेंद्र सिंह (गुड्डू) विकास कुमार (रवि) अमित सिंह।

झांकी एवं साज सज्जाः- नीरज कुमार,राज वर्मा, बबलू चौधरी, संजीव साहू, विजय यादव,अजय वर्मा, विवेक गुप्ता। पुरस्कार संग्रहः- अमित चौधरी, यश पोद्दार। प्रचार-प्रसार व एलइडी आनंद श्रीवास्तव, संजय जायसवाल, प्रज्ञा मणि,वीरेंद्र कुमार, दीपक कुमार, प्रशासक व प्रशासन राम बांगड़ , ललित ओझा, प्रदीप कुमार,राहुल सिंहा (चंकी)। चिकित्सा एवं आवास- नीरज कुमार( रिम्पी),राजेश गुप्ता, नरेंद्र लाखोटिया,विवेक गुप्ता। मंच संचालकः- मति राजश्री, सेवा प्रकल्पः- मनीष लोधा, वीरेंद्र गुप्ता, अरुण कपूर (कालू) बिनय मंत्री, प्रेमचंद श्रीवास्तव (लाला जी) अमर प्रसाद, विकास कुमार। साउंड- रमेन्द्र कुमार, राजीव वर्मा। भजन प्रभारी जुगल दरगड़, गौरव काबरा। लाइट व जेनरेटर- संजय सिंह, बैजू सोनी, राजू रजक। बाल गोपाल प्रतियोगिता पूनम आनंद, मति कुमुद झा, मति नीलम चौधरी, मति नीतू सिंह, गोबिंदा टीम एवं बाल गोपाल रजिस्ट्रेसन- सतीष सिंहा, राजेन्द्र केडिया। स्टाप वाच एवं मटकी संचालन- विपिन वर्मा, राजीव सहाय, निर्णायक मंडली- समाचार पत्रों के संपादक। गोविंदा टोली रजिस्ट्रेशन : सतीश सिन्हा, राजेंद्र केडिया, आयोजन स्थल एवं टेंट व्यवस्थाः नीरज कुमार, कवलजीत सिंह (शंटी) मनोज कुमार,अशोक पुरोहित, संजय गोयल ,सोनू भारद्वाज,गौत्तम देव,बनाए गए।

# दिव्या देशमुख ने चेस विमेंस वर्ल्डकप जीता

## भारत की ही कोनेरू हम्पी को फाइनल हराया

## देश की 88वीं ग्रैंडमास्टर भी बनीं



**नई दिल्ली । एजेंसी**

भारतीय शतरंज के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। 19 वर्षीय दिव्या देशमुख ने महिलाओं की शतरंज विश्व कप का खिताब अपने नाम किया है। उन्होंने दुनिया की शीर्ष महिला शतरंज खिलाड़ियों में शुमार कोनेरू हम्पी को हराकर यह उपलब्धि अपने नाम किया। भारतीय शतरंज के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। 19 वर्षीय दिव्या देशमुख ने फाइड वूमेन्स वर्ल्ड कप 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया है। उन्होंने दुनिया की शीर्ष महिला शतरंज खिलाड़ियों में शुमार कोनेरू हम्पी को हराकर यह उपलब्धि अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में दोनों भारतीय दिग्गजों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। दोनों क्लासिकल गेम्स ड्रॉ रहे, जिसके बाद फैसला रैपिड टाईब्रेकर में हुआ। दिव्या देशमुख ने हम्पी को 1.5-0.5 से हराकर न केवल खिताब जीता बल्कि एक नया इतिहास भी रच दिया। वह शतरंज विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। इस शानदार जीत के साथ ही दिव्या देशमुख भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर भी बन गई हैं। ग्रैंडमास्टर की उपाधि शतरंज की दुनिया में सबसे प्रतिष्ठित मानी जाती है और इसे हासिल करना किसी भी खिलाड़ी के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक होता है। इस जीत के बाद दिव्या को इनामी राशि के रूप में लगभग 43 लाख रुपये मिलेंगे। वहीं हम्पी को करीब 30 लाख रुपये मिलेंगे।

यह पहली बार है, जब इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल में दो भारतीय शतरंज खिलाड़ी आमने-सामने थीं। दोनों ही खिलाड़ी अब 2026 में होने वाले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर चुकी हैं, 8 खिलाड़ियों के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से अगले विश्व महिला चैम्पियनशिप मैच में मौजूदा विश्व चैम्पियन चीन की जू वेनजुन की प्रतिद्वंद्वी का फैसला होगा।

### कोनेरू हम्पी को दी मात

- फाइनल में दुनिया की शीर्ष खिलाड़ी कोनेरू हम्पी को हराया।
- क्लासिकल गेम्स ड्रॉ रहे, लेकिन रैपिड टाईब्रेकर में दिव्या ने 1.5-0.5 से जीत दर्ज की।

### शानदार ऐतिहासिक जीत

- यह जीत भारतीय शतरंज इतिहास में नया अध्याय है।
- दिव्या ने साबित किया कि युवा खिलाड़ी भी शीर्ष स्तर पर चमत्कार कर सकते हैं।

### दिव्या ने किए कई बड़े उलटफेर

दिव्या देशमुख ने इस टूर्नामेंट में कई बड़े उलटफेर किए। उन्होंने दूसरी वरीयता प्राप्त जिनेर झू (चीन) को हराया। फिर भारत की डी। हरिका को हराकर पूर्व विश्व चैम्पियन टैन झोंगयी को सेमीफाइनल में हराया था। यह फाइनल सिर्फ दिव्या की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह दर्शाता है कि भारतीय महिला शतरंज अब विश्व पटल पर नई ऊंचाइयों पर पहुंच चुका है। यह एक ऐसा मुकाबला था- जहां अनुभव और युवावस्था, साहस और रणनीति आमने-सामने थे।

### हासिल की ये उपलब्धि

दिव्या ना सिर्फ वर्ल्ड चैम्पियन बनीं, साथ ही वह भारत की चौथी महिला ग्रैंडमास्टर भी बन गईं। ग्रैंडमास्टर बनने के लिए आमतौर पर तीन ग्रैंडमास्टर नॉर्म्स और 2500+ FIDE रेटिंग की जरूरत होती है। लेकिन कुछ खास इंटरनेशनल टूर्नामेंट जीतने पर भी खिलाड़ी को सीधे ग्रैंडमास्टर का टाइटल दिया जाता है और फाइड वूमेन्स वर्ल्ड कप उन्हीं में से एक है। दिव्या से पहले भारत की जिन तीन महिला चेस खिलाड़ियों को ग्रैंडमास्टर का दर्जा मिला।

### दिव्या देशमुख के अचीवमेंट्स...



- विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय बनी। सेमीफाइनल में चीन की पूर्व विश्व चैंपियन तन झोंगयी को हराया।
- जून 2024 में दिव्या ने विश्व U-20 जूनियर गर्ल्स चैंपियनशिप जीती, जिससे वे कोनेरू हम्पी (2001), हरिका द्रोनावली (2008), और सौम्या स्वामीनाथन (2009) के बाद चौथी भारतीय महिला रहीं।

### कोनेरू हम्पी के अचीवमेंट्स...



- 15 साल की उम्र में उन्होंने ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल किया और सबसे कम उम्र में यह उपलब्धि हासिल करने वाली महिला बनीं।
- दो बार महिला वर्ल्ड रैपिड शतरंज चैंपियनशिप जीती, पहली बार 2019 में और दूसरी बार 2024 में।

## बेन स्टोक्स ने रचा इतिहास, कोई दूसरा इंग्लिश कप्तान न कर सका ऐसा



**नई दिल्ली ।** भारत-इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर में खेला गया चौथा टेस्ट मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, जिन्होंने 141 रन की पारी खेलने के साथ छह विकेट भी लिए। इसी के साथ बेन स्टोक्स एक ही टेस्ट सीरीज में 300+ रन बनाने के अलावा 15+ विकेट चटकाने वाले इंग्लैंड के पहले कप्तान बन गए। बेन स्टोक्स इस सीरीज में अब तक चार मुकाबलों की सात पारियों में 43.42 की औसत के साथ 304 रन बना चुके हैं। वहीं, स्टोक्स इस सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं, जिन्होंने आठ पारियों में 25.23 की औसत के साथ 17 शिकार किए।

## डी मिनौर ने 3 चैंपियनशिप प्वाइंट बचाकर जीता वाशिंगटन खिताब

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**



एलेक्स डी मिनौर ने एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 5-7, 6-1, 7-6(3) से हराकर अपना 10वां टूर-स्तरीय खिताब जीत लिया। इस दौरान उन्होंने तीन चैंपियनशिप प्वाइंट बचाए। खिताबी जीत के बाद, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर इस हफ्ते एटीपी लाइव रैंकिंग में पांच स्थान की छलांग लगाते हुए आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। इसके साथ एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में भी वह दो स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर आ गए। वहीं, स्पेन के फोकिना ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए लाइव रैंकिंग में सात स्थान की छलांग लगाई और टॉप 20 में वापसी करते हुए अब वह 19वें स्थान पर पहुंचे। रेस टू ट्यूरिन में भी उन्होंने सात पायदान की छलांग लगाकर 11वां स्थान हासिल किया है। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने फाइनल सेट में 5-4 के स्कोर पर अपनी सर्विस करते हुए तीन चैंपियनशिप प्वाइंट बचाए। ऐसा तब हुआ, जब स्पेनिश खिलाड़ी ने खिताब के लिए सर्विस 30/0 से ब्रेक की थी। 'एटीपी' के मुताबिक, डी मिनौर हार से सिर्फ 16 मिलीमीटर दूर थे, जब उनके प्रतिद्वंद्वी के तीसरे मैच प्वाइंट पर मारा गया एक डेस्परेट लॉब साइडलाइन को छू गया। यहीं से पूरे मैच का रुख बदल गया। खिताबी जीत के बाद डी मिनौर ने कहा, "इस कोर्ट की खासियत है। मैंने 2018 में रुबलेव के खिलाफ भी ऐसा ही किया था। सच कहूं तो पता था कि मैं यह कर सकता हूं। मैंने खुद पर भरोसा किया। मैंने खुद से कहा कि चाहे जो हो, पूरी तरह से प्रतिबद्ध रहूंगा। अगर हार भी गया, तो अपनी शर्तों पर हारूंगा। आज किस्मत मेरे साथ थी। इससे पहले कई ऐसे करीबी मुकाबले हुए, जो मेरे पक्ष में नहीं रहे, लेकिन खुशी है कि यह मैच मेरे पक्ष में रहा। डी मिनौर ने हालिया सफलता का श्रेय अपनी मानसिकता को देते हुए कहा, "मैं इस समय जहां हूं, उससे बहुत खुश हूं।

## हर शतक मायने रखता है, लेकिन यह शतक बहुत खास : वाशिंगटन सुंदर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने मैनचेस्टर में पहला टेस्ट शतक लगाने के बाद अपनी भावनाएं साझा कीं। भारतीय खिलाड़ी का कहना है कि यूं तो हर शतक मायने रखता है, लेकिन यह शतक बेहद खास है।

सुंदर ने कोच गौतम गंभीर के उस संदेश का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने मैच ड्रॉ कराने के लिए पूरे दिन संघर्ष करने की बात कही थी। वाशिंगटन सुंदर मैनचेस्टर टेस्ट की दूसरी पारी में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे और नाबाद 101 रन बनाए।

## गंभीर कर रहे 'इंजरी रिप्लेसमेंट' की वकालत, स्टोक्स ने बताया 'हास्यास्पद'

**मैनचेस्टर (आईएएनएस)**



भारत के हेड कोच गौतम गंभीर ने टेस्ट क्रिकेट में चोटिल खिलाड़ियों के रिप्लेसमेंट की वकालत की है। उनका कहना है कि अगर मैच के दौरान किसी खिलाड़ी को गंभीर चोट लगती है, तो टीम को एक 'सब्स्टीट्यूट प्लेयर' शामिल करने की इजाजत मिलनी चाहिए। हालांकि, इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इस विचार को खारिज करते हुए इसे 'हास्यास्पद' करार दिया। चौथे टेस्ट के पहले दिन मैनचेस्टर में खेले गए ड्रॉ मुकाबले में भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को चोट लगने के बाद 'रिटायर्ड हर्ट' होना पड़ा। हालांकि, उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए अगली सुबह चोटिल पैर के साथ दोबारा बल्लेबाजी की। पंत ने इस पारी में अर्धशतक पूरा किया। पंत की गैरमौजूदगी में भारत ने विकेटकीपिंग के लिए ध्रुव जुरेल को सब्स्टीट्यूट के रूप में इस्तेमाल किया, लेकिन नियमों के मुताबिक वह दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उपलब्ध नहीं थे। गंभीर ने ऋषभ पंत की बहादुरी की तारीफ करते हुए इस तरह की परिस्थितियों में टीम को रिप्लेसमेंट खिलाड़ी लाने की अनुमति देने वाले नियम का पुरजोर समर्थन किया। गंभीर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "पंत के लिए जितनी तारीफ की जाए, वह कम है।

## मैनचेस्टर टेस्ट ड्रॉ कराना बड़ी उपलब्धि : ज्वाला सिंह

**लंदन ।** भारत ने मैनचेस्टर में खेले गए एंडरसन-तेंदुलकर सीरीज के चौथे टेस्ट को ड्रॉ करा दिया है। यशस्वी जायसवाल के कोच ज्वाला सिंह ने इसे टीम के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है। ज्वाला सिंह ने कहा कि भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मैच ड्रॉ समाप्त हुआ है। उतार-चढ़ाव भरे इस मैच में एक समय भारत पर हार का डर था। अगर हम यह मैच गंवा देते तो पांचवें टेस्ट में हासिल करने के लिए हमारे पास कुछ भी नहीं होता। उन्होंने कहा कि भारत ने दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी की। चौथे दिन केएल राहुल और शुभमन गिल तो पांचवें दिन रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने यादगार बल्लेबाजी की।

## पीटी उषा ने स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के चैंपियन्स की सराहना की

- **भारतीय युवा खिलाड़ियों ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए**
- **अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स मंच पर देश को गौरवान्वित किया।**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने मई 2025 में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के विजेताओं से भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) मुख्यालय में मुलाकात की। उन्होंने तीसरे एशियाई युवा खेलों, बहरीन की तैयारियों के दौरान चैंपियनों को सम्मानित किया, उनकी उपलब्धियों की सराहना की और देश के डिजिटल खेल भविष्य को आकार देने में उनकी भूमिका को मान्यता दी। पीटी उषा ने स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के पदक विजेताओं—दानियाल पटेल (स्वर्ण, ई-फुटबॉल), तेजसकुमार हसमुखभाई भोई (स्वर्ण, विश्व क्रिकेट चैम्पियनशिप 3), और पवन काम्पेली (कांस्य, ई-फुटबॉल, एशियाई ई-स्पोर्ट्स गेम्स, बैंकॉक) को सम्मानित किया। इन युवा चैंपियनों ने अपनी असाधारण प्रतिभा से वैश्विक स्पोर्ट्स मंच पर भारत का मान बढ़ाया, जो देश के डिजिटल खेल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस कार्यक्रम में बोलते हुए, पीटी उषा ने कहा, "भारत का स्पोर्ट्स भविष्य सक्षम हाथों में है, और वेव्स स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप के चैंपियनों के साथ आज की बातचीत वास्तव में प्रेरणादायक रही है। इन एथलीटों द्वारा दिखाया गया अनुशासन और उत्कृष्टता किसी भी पारंपरिक खिलाड़ी की तरह है। मैं स्पोर्ट्स को मान्यता देने और भारत के डिजिटल कौशल को प्रदर्शित करने के लिए वेव्स जैसे प्लेटफॉर्म बनाने के उनके दूरदर्शी कदमों के लिए प्रधानमंत्री मोदी का तहे दिल से धन्यवाद करती हूं। भारतीय ओलंपिक संघ हमारे स्पोर्ट्स एथलीटों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि वे भारतीय खेलों में नए अध्याय लिख रहे हैं। फुटबॉल में स्वर्ण पदक विजेता, डेनियल पटेल ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, "पीटी उषा से मिलना अद्भुत था। उनके प्रोत्साहन ने मुझे अपने काम पर गर्व की एक नई अनुभूति दी। स्पोर्ट्स तेजी से बढ़ रहा है, और मेरा मानना है कि हम भारत की वैश्विक क्षमता की केवल शुरुआत ही कर रहे हैं। विश्व क्रिकेट चैंपियनशिप 3 में स्वर्ण पदक जीतने वाले तेजसकुमार भोई ने कहा, "भारत का प्रतिनिधित्व करना और पीटी उषा जैसी दिग्गज खिलाड़ी से पहचान पाना सम्मान की बात है।

वेव्स जैसे संस्थानों और मंचों का समर्थन बेहद महत्वपूर्ण है। निरंतर मार्गदर्शन से, भारत ई-स्पोर्ट्स में एक वैश्विक महाशक्ति बन सकता है। एशियन स्पोर्ट्स गेम्स में ई-फुटबॉल में कांस्य पदक विजेता, पवन काम्पेली ने कहा, "आज का दिन सिर्फ पदकों का नहीं, बल्कि मान्यता का भी था। पीटी उषा के शब्दों और उनकी उपस्थिति ने इस बात की पुष्टि की कि भारत में स्पोर्ट्स एथलीटों को देखा, सुना और सम्मानित किया जा रहा है।



## सेंसेक्स 572 अंक गिरकर बंद रियल्टी इंडेक्स 4% से अधिक फिसला

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार में सोमवार को चौतरफा गिरावट हुई। बाजार के ज्यादातर सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 572.07 अंक या 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,891.02 और निफ्टी 156.10 अंक या 0.63 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,680.90 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी गिरावट देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 490.10 अंक या 0.84 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,519.35 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 229.70 अंक या 1.26 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 18,064.75 पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में रियल्टी शेयरों में बड़ी गिरावट देखी गई, जिसके कारण निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 4.07 गिरकर बंद हुआ। पीएसयू बैंक, मीडिया, मेटल, प्राइवेट बैंक और पीएसई सबसे ज्यादा गिरने वाले इंडेक्स थे। केवल फार्मा, एफएमसीजी और हेल्थकेयर ही हरे निशान में बंद हुए।

## पीएम उज्ज्वला योजना से 10.33 करोड़ महिलाओं का जीवन हुआ आसान, स्वच्छ ईंधन को मिला बढ़ावा : हरदीप पुरी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में भारत के एनर्जी मिक्स में तेजी से बदलाव हो रहा है और स्वच्छ ईंधन जैसे एलपीजी को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे महिलाओं के जीवन स्तर में भी सुधार हो रहा है और उनके सशक्तिकरण में भी मदद मिली है।

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत एलपीजी कनेक्शन के माध्यम से 10.33 करोड़ महिलाओं को सम्मान और सुगमता प्रदान की गई है, यह भारत की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा समय में देश में 1.51 करोड़ पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन हैं।

### महिलाओं को मिला सामाजिक-सामरिक सशक्तिकरण



- रसोई में धुएं से राहत मिलने से महिलाओं का स्वास्थ्य सुधरा।
- समय की बचत से महिलाएं आर्थिक गतिविधियों में भागीदारी कर पा रही हैं।

सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क देश की 96 प्रतिशत जमीन और 99 प्रतिशत जनसंख्या को कवर करता है। इससे देश में एनर्जी की पहुंच आसान हुई है। केंद्रीय मंत्री के मुताबिक, महिलाएं एनर्जी इंडस्ट्री में नेतृत्वकारी पदों पर कार्य और प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। वहीं, बायोगैस प्लांट्स, रिटेल फ्यूल स्टोर्स और एलपीजी वितरण में भी योगदान दे रही हैं। सरकार ने ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के चल रहे प्रयास के तहत वित्त वर्ष 2024-2025 में 42,800 टन कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) खरीदी गई। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा, "आज, भारतीय महिला केवल लाभार्थी नहीं है। वह देश के ऊर्जा भविष्य को आकार देने में अग्रणी है। लाखों लोगों को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने के अलावा, ऊर्जा तक पहुंच के लिए केंद्र सरकार की पहल ने खासकर महिलाओं के लिए सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया है। इससे पहले, केंद्रीय ने कहा था कि भारत तेल आत्मनिर्भरता की दिशा में स्थिर और आत्मविश्वास से भरे कदम उठा रहा है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, देश कदम दर कदम अपने ऊर्जा भविष्य को सुरक्षित कर रहा है। पुरी के अनुसार, 99 प्रतिशत "नो-गो" क्षेत्रों से रोक को हटा दिया गया है और 10 लाख वर्ग किलोमीटर का अपतटीय क्षेत्र अब तेल क्षेत्र अन्वेषण के लिए खुला है। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों ऊर्जा कंपनियों ने पहले ही ओपन एकरेज लाइसेंसिंग प्रोग्राम (ओएएलपी) के तहत उपलब्ध तेल और गैस ब्लॉकों में रुचि व्यक्त की है, और दसवें राउंड की बोली में निवेश और भागीदारी के लिए नए मानक स्थापित होने की उम्मीद है।

## कोल इंडिया लिमिटेड 2026-27 में एक अरब टन कोयले का कर सकता है उत्पादन : केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत का कुल कोयला उत्पादन वित्त वर्ष 2024-25 में एक अरब टन के आंकड़े को पार कर चुका है और वित्त वर्ष 2026-27 में देश की सबसे बड़ी कोयला कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के लिए उत्पादन लक्ष्य एक अरब टन रखा गया है। यह जानकारी सरकार की ओर से सोमवार को संसद में दी गई। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने राज्यसभा को एक लिखित उत्तर में बताया कि कोल इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 में 78.10 करोड़ टन उत्पादन किया और वित्त वर्ष 2026-27 के लिए एक अरब टन उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि देश में कोयले की अधिकांश आवश्यकता स्वदेशी कोयला उत्पादन से पूरी होती है। कोयले के आयात में मुख्य रूप से कोकिंग कोल और उच्च श्रेणी के नॉन-कोकिंग कोल जैसे आवश्यक आयात शामिल हैं, क्योंकि इनका घरेलू उत्पादन कम भंडार या अनुपलब्धता के कारण सीमित है। स्वदेशी स्रोतों के माध्यम से कोयले की भविष्य की मांग को पूरा करने और कोयले के अनावश्यक आयात को कम करने के लिए, अगले कुछ वर्षों में घरेलू कोयला उत्पादन में सालाना 6-7 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जो 2029-30 तक लगभग 1.5 बिलियन टन तक पहुंच जाएगा। वर्ष 2024-25 में देश में कुल घरेलू कोयला उत्पादन 104.76 करोड़ टन रहा, जबकि वर्ष 2023-2024 में यह 99.78 करोड़ टन था।



## अदाणी ग्रीन की एनर्जी बिक्री पहली तिमाही में 42 प्रतिशत बढ़ी, ऑपरेशनल क्षमता 15.8 गीगावाट पहुंची

**अहमदाबाद (आईएएनएस)**

अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) की एनर्जी बिक्री सालाना आधार पर 42 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून तिमाही) में 10,479 मिलियन यूनिट्स हो गई है। साथ ही, इस दौरान कंपनी की ऑपरेशनल रिन्यूएबल एनर्जी (आरई) क्षमता 45 प्रतिशत बढ़कर 15.8 गीगावाट हो गई है। यह जानकारी कंपनी की ओर से सोमवार को दी गई। अदाणी ग्रुप की कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में आय सालाना आधार पर 31 प्रतिशत बढ़कर 3,312 करोड़ रुपए हो गई है, जबकि ईबीआईटीडीए सालाना आधार पर 31 प्रतिशत बढ़कर 3,108 करोड़ रुपए हो गया है। एजीईएल ने बताया कि वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में कंपनी का कैश प्रॉफिट सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 1,744 करोड़ रुपए हो गया था।



## भारतीय कंपनियों की आय पहली तिमाही में 4-6 प्रतिशत बढ़ी, फार्मा सेक्टर शीर्ष पर रहा

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय कॉरपोरेट कंपनियों की आय अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर 4-6 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। क्रिसिल की रिपोर्ट में बताया गया कि फार्मास्यूटिकल्स, कम्युनिकेशन सर्विसेज, संगठित खुदरा, एल्युमीनियम और एयरलाइंस जैसे पांच सेक्टर्स ने कॉरपोरेट इंडिया की आय को बढ़ाने में सबसे अधिक योगदान किया है। फार्मास्यूटिकल्स की आय वृद्धि दर जून तिमाही में सालाना आधार पर 9-11 प्रतिशत रही है, जो कि बीती 10 तिमाही में सबसे अधिक है। इसकी वजह निर्यात और घरेलू बाजार में मांग का बढ़ना है। वित्त वर्ष 26 की जून तिमाही में ईबीआईटीडीए में सालाना आधार पर 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।